हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ
समाचार ही नहीं, विचार भी

दीपावली विशेष



*धर्म, परंपराएं और मर्यादाएं कभी धुंधली नहीं होतीं। सत्य का भाव सनातन हैं, युग बदल सकते हैं पर सत्य की चेतना नहीं बदलती। दीपावली आज भी राम की स्मृति और मानस की गूंज के बिना अधूरी मानी जाती है। दीपावली का उजाला मर्यादा पुरुषोत्तम राम की महिमा से होता है। श्रीराम की स्मृति से जगमगाता है, जिनकी कथा तुलसीदास ने रामचरितमानस में गढ़ी। डिजिटल युग ने भले किताबों को स्क्रीन में बदला हो, पर राम की महिमा और मानस का आकर्षण पहले से कहीं अधिक फैल रहा है। हर साल रामचरितमानस की लाखों प्रतियां छपती हैं, दीप जलाने से पहले मानस पाठ की परंपरा गांवों से लेकर महानगरों तक जीवित है, मानो राम की कथा आज भी दीपावली की लौ के साथ नया विस्तार पा रही हो। दीपावली का यह अंक रामचरित मानस की अमर यात्रा के नाम। रामचरित मानस की ऐसी कहानियां और परंपराएं जो जताती हैं कि वक्त बदल सकता है लेकिन वक्त सत्य के भाव को नहीं बदल सकता।*

### रामचरितमानस की अमर यात्रा

- अब तक प्रकाशित प्रतियां 4 करोड़ से ज्यादा, हर साल छपती हैं 12–15 लाख प्रतियां
- यूरोप, अमेरिका, खाड़ी देश, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और इंडोनेशिया समेत दर्जनभर देशों में आपूर्ति
- छपाई से पहले होती है: 15 मिनट की आरती, जूते पहनकर प्रवेश निषिद्ध
- मानस को जमीन पर नहीं रखते, रैक पर विराजते हैं




## राम की महिमा...

हर साल 12 लाख से अधिक प्रतियों की मांग, अब तक 4 करोड़ प्रतिया छापीं

15 भाषाओं में प्रकाशित होती है रामचरित मानस, मुस्लिम देशों से भी आती हैं मांग, रिसर्च भी

# रामचरित मानस की इतनी मांग, गीता प्रेस छाप नहीं पा रहा, मशीनें पड़ रही कम

गोरखपुर से हरिभूमि के लिए सुभाष गुप्ता

*"राम कथा कलि बिधि बिधिसमाना। सुनत श्रवण पाइअ अधिक बखाना॥"*

तुलसीदास जी की यह पंक्तियां आज के समय को सटीक रूप से अभिव्यक्त करती है। कलयुग में रामकथा ही विधि (धर्म) के समान मानी गई है, इसलिए इसकी महिमा समय की धारा में क्षीण नहीं होती। जब दुनिया मोबाइल स्क्रीन में सिमट रही है, तब रामचरितमानस की अमर यात्रा अनवरत जारी है। यह केवल पुस्तक नहीं, लोक-आस्था की वाणी है। इसी कारण इसकी प्रतियों की छपाई, वितरण और साधना अब भी निरंतर बढ़ रही है। हाल यह है कि राम चरित मानस की मांग के आगे मशीनें भी थक जाती हैं। गीता प्रेस, गोरखपुर के प्रबंधक लालमणि तिवारी हरिभूमि से कहते हैं, हमने अब चार करोड़ से ज्यादा प्रतियां रामचरितमानस की छापी हैं। हर वर्ष 12 से 15 लाख नई प्रतियां प्रकाशित होती हैं। कई बार ऐसा होता है कि मांग के आगे मशीनें थक जाती हैं। त्योहारों और धार्मिक अवसरों पर राम की कथा को लाखों लोग उसे अपने घर, आसन और हृदय में स्थान देते हैं। गीता प्रेस ने दशकों से धार्मिक और संस्कृत साहित्य को आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है। रामचरितमानस की प्रतियों की बिक्री लगातार बनी हुई है और इसकी मांग हर साल बढ़ती जा रही है। खासकर त्योहारों और धार्मिक अवसरों पर इसकी बिक्री में विशेष उछाल आता है।





### 15 भाषाओं में प्रकाशित होती है रामचरित मानस

श्री तिवारी बताते हैं कि रामचरितमानस को केवल हिंदी में ही नहीं बल्कि कई अन्य भाषाओं में प्रकाशित किया जा रहा है। हिंदी, संस्कृत, बंगाली, मराठी, गुजराती, अंग्रेजी, उर्दू सहित लगभग 15 भाषाओं में उपलब्ध है। यह पहल न सिर्फ भाषा की बाधाओं को तोड़ती है बल्कि विभिन्न समुदायों तक श्रीराम के संदेश को पहुंचाने में भी मदद करती है। रामचरित मानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं है, यह जीवन मूल्यों की स्थापना करती है।

### शोध, साधना और साहित्य तीनों एक साथ

गीता प्रेस के कर्मचारी अपने दैनिक कार्य को भी एक तपस्या मानते हैं। यहाँ सुबह और शाम नियमित रूप से आरती होती है। प्रेस के अंदर जूते पहनकर प्रवेश करना निषिद्ध है। जो कर्मचारी पुस्तक पैकिंग और वितरण विभाग में कार्यरत होते हैं, वे पुस्तकों को अत्यंत श्रद्धा के साथ रखते हैं, मानो वे स्वयं श्रीराम के वचन हों। यह अनुशासन ही गीता प्रेस की पहचान बन चुका है।

### छपाई से पहले पूजा-पाठ सामूहिक आरती, नंगे पैर होता है कामकाज



### जमीन पर नहीं रखते रामचरित मानस

श्री तिवारी का कहना है कि रामचरित मानस हमारे और हमारे साथी कर्मचारियों के लिए केवल किताब नहीं है। वह साक्षात श्रीराम का रूप है। छपाई के बाद रामचरित मानस को जमीन पर नहीं रखा जाता। रैक बनाए गए हैं, छपाई के बाद रामचरित मानस को रैक में रखा जाता है और उसके बाद जहां भेजा जाना है वहां भेज दिया जाता है। प्रयास रहता है कि छपाई से लेकर आपूर्ति तक रामचरित मानस की पवित्रता और सम्मान बना रहे।

### यूरोप ही नहीं, मुस्लिम देशों से भी मांग

भारत के अलावा गीता प्रेस की रामचरितमानस की सबसे अधिक आपूर्ति विदेशों में होती है। खासतौर पर अमेरिका, कनाडा, यूके और अन्य यूरोपीय देशों में भारतीय समुदाय के बीच इसकी मांग बहुत अधिक है। इसके अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और अन्य मुस्लिम देशों में भी गीता प्रेस की रामचरितमानस की आपूर्ति की जाती है। इसका उद्देश्य सिर्फ धार्मिक ग्रंथ पहुंचाना ही नहीं बल्कि श्रीराम के संदेश और भारतीय संस्कृति का प्रचार करना भी है।

## दान करई कल्यान...

*प्रगट चारि पद धर्म के, कलि महुं एक प्रधान।*
*जेन केन बिधि दीन्हें, दान करई कल्यान...*

धर्म के चार चरण प्रसिद्ध हैं,सत्य, दया, तप और दान। जिनमें से कलि में एक दान रूपी चरण ही प्रधान है। जिसे किसी प्रकार से भी दिए जाने पर दान कल्याण ही करता है। जो हम देते हैं, वही हम पाते हैं। दान अर्थात देने का भाव,अर्पण करने की निष्काम भावना।

*सो धन धन्य प्रथम गति जाकि, धन्य पुन्य रत मति सोइ पाकी॥*
*धन्य घरी सोई जब सतसंगा, धन्य जन्म द्विज भगति अभंगा॥*

वह धन धन्य है जिसकी पहली गति होती है, जो दान देने में व्यय होता है। वही बुद्धि धन्य और परिपक्व है, जो पुण्य में लगी हुई है। वही घड़ी धन्य है, जब सत्संग हो और वही जन्म धन्य है, जिसमें ब्राह्मण की अखंड भक्ति हो।

## 'हरिभूमि' की तीन देशों इंडोनेशिया, मलेशिया व वियतनाम से स्पेशल रिपोर्ट

सभी समुदायों, सभी पंथों और सभी देशों में बहने वाले हमारे राम...राम जीवन हैं, राम ही संसार

# हमारे राम... सबके राम

**मधुरिमा राजपाल/भोपाल।** राम एक शब्द नहीं बल्कि एक अभिव्यक्ति है, एक शक्ति है, जो कण कण में मौजूद है। राम एक विचार है जो शुद्धता और समृद्धता के प्रतीक के रुप में केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अनेकों देशों में मयार्दा पुरुषोत्तम के रुप में पूजे जाते हैं। ऐसे ही मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की सार्वभौमिकता को दर्शाता दीपावली का त्यौहार जिसमें जहां एक ओर मां लक्ष्मी का पूजन होता हैं तो वहीं दीपावली पर्व श्री राम के चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस आने के उत्सव के रुप में भी मनाया जाता है।

दीपावली के पावन पर्व पर 'हरिभूमि' ने विदेशों में रहने वाले राम भक्तों से चर्चा में श्री राम के प्रति उनकी आस्था और भावना को जाना। जिसमें इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम के रहने वालों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की गाथा को न केवल अपनी भाषा, अपने शब्दों में पिरोकर बताया बल्कि ये लोग श्रीराम और उनके जीवन से जुड़े अंशों से इतने अधिक प्रभावित हुए कि भगवान राम की गाथा को नृत्य, गीत संगीत में पिरोकर रामलीला के एक अंश के रुप में विश्व भर में प्रस्तुत करते हैं।

**इंडोनेशिया की प्रो.देवी यूलियांति**

## 'सीता की खोज' नृत्य नाटिका को बहासा इंडोनेसिया में प्रस्तुत करती हैं



मैं कुछ वर्षों पहले भारत दौरे के समय इस्कॉन मंदिर, बांके बिहारी टैंपल और अयोध्या गई तो वहां मैंने लोगों में श्रीराम के प्रति अपार श्रद्धा, भक्ति देखी जिसे देख लगा कि श्रीराम को जानना होगा और फिर मैंने रामायण और गीता का अंग्रेजी अनुवाद पढ़ा, और जाना श्रीराम का जीवन, जिसमें मुझे सबसे ज्यादा सीता माता के किरदार ने प्रभावित किया, जिन्होंने अपने पति मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के लिए महलों का एशोआराम त्याग दिया और वन-वन भटकीं, और फिर मैंने रामायण में श्रीराम के किरदार पर अपनी भाषा में 'सीता की खोज' की रचना की, और इसकी प्रस्तुति 2017 से देश-विदेश में देती आ रही हूं। यह कहना है इंडोनेशिया की रहने वाली प्रो.देवी यूलियांति का, जिन्होंने 'सीता की खोज' नाम से रामलीला के एक अंश पर नृत्य नाटिका तैयार की और इसे वो इंडोनेशिया की भाषा, बहासा इंदोनेसिया में प्रस्तुत करती हैं। प्रो.देवी यूलियांति इस नाटिका को अपने सात इंडोनेशियन साथियों के साथ प्रस्तुत करती हैं और अभी तक 20 देशों में इसकी प्रस्तुति दे चुकी हैं साथ ही अपने देश में सैकड़ों बार श्रीराम को आदर्श रुप में स्थापित करती इस प्रस्तुति को दिखा चुकी हैं।

### रामायण का प्रमाण 'ककविन रामायण' नामक ग्रंथ में समाहित

उन्होंने बताया कि रामायण भारत से धर्म और संस्कृति के साथ इंडोनेशिया पहुंची, इसका प्रमाण 'ककविन रामायण' नामक ग्रंथ से मिलता है, जो प्राचीन जावा भाषा में मध्य जावा स्थित मेदांग साम्राज्य (732-1006 ई.) के समय लिखा गया। इसके अतिरिक्त बाली का रामकवच भी इसका साक्ष्य है। बाद के काल में, इस कथा को पर्यटन को ध्यान में रखकर 1961 में जीपीएच जति कुसुमो ने सेंद्रातारी रामायण (रामायण नृत्य-नाट्य) के रूप में प्रस्तुत किया।

**मलेशियाई रामायण मलय रूपांतर 'हिकायत सेरी राम' के माध्यम से लोकप्रिय**

## मलेशियन भाषा मलय में रामलीला की प्रस्तुति, दुनियाभर में मंचन

मलेशिया में हम भगवान राम को केवल एक दिव्य पुरुष ही नहीं, बल्कि धर्म, कर्तव्य और करुणा के प्रतीक के रूप में देखते हैं। इसलिए, हम भगवान राम को मूल्य निष्ठ, सत्य, त्याग और नेतृत्व के साथ साथ धर्म के रक्षक के प्रतीक के रुप में पूजते हैं। यह कहना है मलेशिया के रहने वाले कुनारत्नम वेलाउथम का। कुनारत्नम कहते हैं कि मैं 10 वर्षों से भी अधिक समय से रामलीला कर रहा हूं, श्रीराम के इसी रुप को आधार बनाकर मैंने सात लोगों का एक ग्रुप बनाया है और हमारा यह सात लोगों का ग्रुप मलेशियन भाषा मलय में रामलीला की प्रस्तुति देता आ रहा हैं, सिर्फ हमारे देश में ही नहीं बल्कि विश्व के अनेकों देशों में हम रामलीला के माध्यम से राम की सत्य की पराकाष्ठा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा प्रस्तुत रामलीला में कभी मैं तो कभी मेरे साथियों ने श्रीराम, लक्ष्मण और जटायु जैसी भूमिकाएं निभाकर उनके जीवन के भावों और गहराई को समझा, जाना और उसी को अपना जीवन आधार बनाया। उन्होंने बताया कि मलेशियाई रामायण के मलय रूपांतर, 'हिकायत सेरी राम' के माध्यम से भी राम कथा लोकप्रिय है, जिसमें हमने अपने सांस्कृतिक तत्वों को शामिल किया हैं, हमारे यहां तमिल हिंदू मंदिरों में भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की दैनिक पूजा, भजन, कीर्तन, नृत्य और रामनवमी व दिवाली जैसे वार्षिक आयोजनों में भगवान राम की गाथा बड़े ही धूमधाम से गाई जाती हैं। मैं कुआलालंपुर स्थित कृष्णन राम मंदिर जैसे मंदिर ब्रिकफील्ड्स में अक्सर रामायण पाठ सत्र और राम अष्टमी प्रदर्शन में शामिल हुआ हूं और इन्हीं को आधार बनाकर मेरी बनी टीम श्रीराम की गाथा को नृत्य नाटिका में पिरोकर प्रस्तुत करती है।

मलेशिया के कुनारत्नम वेलाउथम



### श्रीराम का कभी राजनीतिकरण नहीं हो सकता

उन्होंने कहा कि कई बार हमारे देश में सांप्रदायिक रुप से गलतफहमियां पैदा करने की कोशिश की जाती है, लेकिन मयार्दा पुरषोत्तम श्रीराम का कभी राजनीतिकरण नहीं हो सकता, राम सत्य है, अटल है और शाश्वत हैं, जिनके जीवन को आधार बनाकर कई लोगों की नैया पार हुई है और मेरी व मेरे साथियों की भी क्योंकि हम श्रीराम पर आधारित नृत्य नाटिका ही प्रस्तुत नहीं करते बल्कि उससे अपने जीवन को जीने की सीख भी लेते हैं। हमारे लिए श्रीराम की गाथा को हमारी ही भाषा में प्रस्तुतिकरण करने का आशय राम के प्रति हमारी श्रद्धा को दर्शाना है। तो इस प्रकार मैं कह सकता हूं कि मलेशिया में हम लोगों के लिए भगवान राम सिर्फ़ एक देवता नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक पथ प्रकाशक हैं।

**वियतनाम के सन काओ थांग**

## रामायण का खमेर संस्करण 'रीम केर' में हम मुखौटे से समझाते हैं श्रीराम कथा



भारत से आया रामायण का खमेर संस्करण 'रीम केर' में श्रीराम की कथा को आधार बनाकर उस पर मुखौटा नृत्य प्रस्तुत किया जाता है। मुखौटा नृत्य करने का उद्देश्य श्रीराम की गाथा को केवल हमारी वियतनामी भाषा में ही प्रस्तुत करना नहीं बल्कि राम को आधार बनाकर उन्हें अपनी भाव-भंगिमाओं और नृत्य के अविरल प्रवाह के रुप में कथा रुप में प्रस्तुत करना है। मैं और मेरी टीम इस कथा को आधार बनाकर रीम केर की प्रस्तुति करीब 10 सालों से अधिक समय से देती आ रही हैं और साल दर साल राम के प्रति हमारी आस्था गहरी होती जा रही है। यह कहना है वियतनाम के कलाकार सन काओ थांग का। थाच होआंग ताई, सन किम हा, सन मिन्ह वु राम पर आधारित अपनी प्रस्तुति केवल अपने देश वियतनाम में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में दे चुके हैं।

### राम कथा को एक भाषा-एक देश में नहीं बांधा जा सकता है

उन्होंने बताया कि रोबाम एक प्राचीन पारंपरिक मुखौटा-नृत्य-नाटक है, जो न केवल एक अनूठी प्रदर्शन कला है बल्कि गहरा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखने वाली अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर भी है, जिसमें हम राम कथा को प्रदर्शित करते हैं। क्योंकि, श्रीराम केवल ईश्वरीय शक्ति का ही प्रतीक नहीं है बल्कि बुराई पर अच्छाई के प्रतीक के रुप में उन्हें पूजा जाता है और बुराई तो हर जगह व्याप्त है इसलिए राम कथा को केवल भारत तक ही सीमित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि एक प्रकार से राम को किसी एक देश या भाषा में सीमित करके नहीं रखा जा सकता, यह विषय नैतिक शिक्षा के रुप में भी सभी का पथ प्रदर्शन करती है तो वहीं हर एक युग में बुराई पर अच्छाई की विजय के उत्सव के रुप में दीपावली पर्व मनाया जाता है, जिसे हम कहते है अंत में सद्गुण की विजय।

## इस बार दीपावली पर 71 वर्ष बाद बन रहे विशेष पांच महायोग

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

सुख-समृद्धि ऐश्वर्य का पर्व दीपावली सोमवार को हंस राजयोग, बुधादित्य योग, कलानिधि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग के महासंयोग में मनाई जाएगी। दीपावली पर्व दीपों की टिमटिमाहट के बीच मां लक्ष्मी हमारे घर-आंगन पधारेंगी और दीयों की रोशनी में घर-घर सुख-समृद्धि का उल्लास फैलेगा। राजधानी भोपाल सहित देशभर में दीपोत्सव के चलते मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए पहले से तैयारियां पूरी हो गई हैं। चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार दीपावली पर 71 वर्ष बाद पांच महासंयोग बन रहे हैं। जिनमें हंस राजयोग, बुधादित्य योग, कलानिधि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग तथा आदित्य मंगल योग बन रहे हैं। इस महा संयोग में दीपावली पर्व काफी खास रहेगा। ये योग सुख-समृद्धि और खुशहाली लेकर आएंगे। 20 अक्टूबर को अमावस्या तिथि का प्रारंभ दोपहर बाद 3:45 बजे से होगा। 21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि सायंकाल 5:55 बजे तक व्याप्त रहेगी। 21 अक्टूबर को प्रदोष व्यापिनी और निशीथ काल व्यापिनी अमावस्या न होने से 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाया जाएगा।

# हंस राजयोग, बुधादित्य योग व कलानिधि योग सहित पांच महासंयोग में आज मनाई जाएगी शुभ दीपावली

आज अमावस्या तिथि का प्रारंभ दोपहर बाद 3:45 बजे से होगा


फोटो जर्नलिस्ट: जसप्रीत सिंह

21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि सायंकाल 5:55 बजे तक व्याप्त रहेगी

### घरों में पूजन का शुभ मुहूर्त शाम 6 बजे से

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि दीपावली पर सोमवार को व्यावसायिक पूजन का समय दोपहर लगभग 1:30 से सायंकाल 6:00 बजे के मध्य उचित रहेगा। इस दौरान चर लाभ, अमृत चौघड़िया तथा स्थिर लग्न विद्यमान होगी। इस अवधि में खरीदारी करना भी बहुत शुभ रहेगा। घरों में पूजन का समय प्रदोष काल के समय संध्या में लगभग 6:00 से 8:20 बजे के मध्य उत्तम रहेगा। इस दौरान स्थिर लग्न एवं चर चौघड़िया रहेगी। निशीथ काल का समय रात्रि लगभग 8:20 से 10:55 बजे के मध्य का होगा। इस दौरान साधना आदि के लिए उचित समय रहेगा। महानिशा काल का समय रात्रि लगभग 10:50 से 1:30 तक रहेगा। पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि दीपावली पर माता लक्ष्मी, भगवान गणेश तथा इंद्र, वरुण, यम, कुबेर आदि की पूजा करनी चाहिए। माता लक्ष्मी की विधिविधान से पूजा करने के बाद श्रृंगार अर्पण करना चाहिए। इसके बाद श्री लक्ष्मी सूक्त, श्री सूक्त, कनकधारा स्तोत्र और पुरुष सूक्त का पाठ करके मां लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करने से माता लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। घर में सुख-समृद्धि आती है।

## रामनगरी में 'दिव्य दिवाली'

**26.17** लाख दीये जलाकर स्वागत

**गिनीज बुक में दर्ज हुआ रिकॉर्ड**

# अयोध्या पधारे प्रभुजी श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ⏩ अयोध्या

प्रभु राजा राम अयोध्या पहुंच गए। उनके आगमन पर पूरी अयोध्या रोशनी से नहा उठी। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26. 17 लाख दीये जलाए गए। ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर व कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नए कीर्तिमान की घोषणा की।

यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है। दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। बड़ी संख्या में लोग यहां मौजूद रहे। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ।



*सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने*

### मंदाकिनी में लगाई डुबकी श्रीकामदनाथ परिक्रमा की

## चित्रकूट के दीपावली मेले के दूसरे दिन करीब 10 लाख श्रद्धालु पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏩ सतना/चित्रकूट

भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में दीपावली मेले के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ी। मेले के दूसरे दिन 10 लाख से अधिक श्रद्धालु मंदाकिनी तटों पर पहुंचे और श्रीकामदगिरि की परिक्रमा की। इस आध्यात्मिक उत्सव के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आरोग्य धाम में मां मंदाकिनी के पंचवटी घाट पर दीपदान कर प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं।



सीएम डॉ. मोहन यादव ने दीपदान कर किया विकास का वादा

### धार्मिक पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन का केंद्र बनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान राम की इस तपोभूमि को धार्मिक पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन का केंद्र बनाया जाएगा। उनकी प्राथमिकताओं में मंदाकिनी की स्वच्छता, उसे सदानीरा बनाए रखना, कामदनाथ के सुगमता से दर्शन और भक्तों को सरलता से भोजन- प्रसाद उपलब्ध कराना शामिल है। मुख्यमंत्री ने होम स्टे को बढ़ावा देकर ग्रामीण पर्यटन और रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर भी बल दिया।





दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Indian Coffee Workers' Co-operative Society Limited, Jabalpur, Madhya Pradesh
(Regd. No.1485)(An ISO 9001:2015 Certified Co-operative Society)
(The Society has Honoured by the World Book of Records, London, UK)
1958
Running
Indian Coffee Houses & Lodges in Important Cities of Madhya Pradesh, Chhattisgarh & Bengaluru (Karnataka)
इंडियन कॉफी हॉऊस
INDIAN COFFEE HOUSE
& RESTAURANT
JABALPUR, BHOPAL, INDORE, DEWAS, GWALIOR, UJJAIN, KATNI, SATNA, REWA, SHAHDOL, MAIHAR, WAIDHAN, SIDHI, SEONI, BALAGHAT, BETUL, PACHMARHI, RATLAM, CHINDWARA, SAGAR & AMARKANTAK, RAIPUR, BHILAI, DURG, KORBA & BILASPUR, KORAMANGALA & HSR LAYOUT BENGALURU.
LODGES(HOTEL INDIA)
For Comfortable Stay at Madhya Pradesh & Chhattisgarh
[Attached with A/c. Restaurant, Checkout 24 Hours, well furnished Rooms, Centrally located, 24 hours room services, WIFI, TV with Cable connection, 24 Hours Hot & Cold water, Telephone in all rooms, Taxi on call]
At Jabalpur, Bhopal, Waidhan, Gwalior, Katni, Maihar, Amarkantak, Bhilai, Durg, Korba.



जबलपुर
सोमवार, 20 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-14/15
वर्ष : 20, अंक : 173
पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *
# हरिभूमि

शुभ दीपावली



**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 17

### दिवाली पर्व की शुभकामनाएं

दिवाली के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।


### अवकाश

इस अवसर पर 20 अक्टूबर सोमवार और 21 अक्टूबर मंगलवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 23 अक्टूबर गुरुवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।

प्रधान संपादक

## खबर संक्षेप

### मुंबई के झवेरी बाजार में बिका 36 टन सोना



**मुंबई।** धनतेरस के अवसर पर शनिवार को मुंबई के प्रसिद्ध झवेरी बाजार में करीब 36 टन सोने की बिक्री हुई। इसमें सिक्कों और गोल्ड बार की खरीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। सोने की कीमत में 5000 रुपए की गिरावट के बाद ग्राहकों का रुझान बढ़ा। इससे कुल कारोबार में तेजी आई। इस बार चांदी की बिक्री भी मजबूत रही, जबकि सोने के गहनों की बिक्री में थोड़ी कमी आई।

### जारी हुआ जेईई मेंस एग्जाम का शेड्यूल

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम परीक्षा तिथियों की घोषणा कर दी गई है। जो उम्मीदवार इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिला लेने के लिए एनटीए जेईई मेंस 2026 परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, वे एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जेईई मेंस एग्जाम शेड्यूल देख सकते हैं।

### पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर का विवादित बयान

# बेटियां बात न मानें तो टांगें तोड़ दो बेटियों को कंट्रोल करने की नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ जो संस्कार नहीं माने, उसे ताड़ना देनी पड़ती है

भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर एक बार फिर अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने बेटियों को कंट्रोल करने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा है कि अगर बेटी किसी विधर्मी के यहां जाने की कोशिश करती है और आपकी बात नहीं मानतीं तो उसकी टांगें तोड़ देना। यह बयान उन्होंने भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस भाजपा पर हमलावर हो गई है और पार्टी पर नफरत फैलाने का आरोप लगा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में प्रज्ञा ठाकुर कहती नजर आ रही हैं कि मन को मजबूत कर लेना और इतना मजबूत कर लेना कि अगर लड़की आपकी बात नहीं मानती और किसी विधर्मी के घर जाने की जिद करती है तो उसकी टांगें तोड़ने में भी कोई कसर मत छोड़ना। उन्होंने कहा कि जो संस्कारों से नहीं मानती, जो बातों से नहीं मानती, उसे ताड़ना देनी पड़ती है।

### अब बदलेगी बाबा महाकाल की दिनचर्या

# 4 माह तक गर्म जल से स्नान करेंगे यह क्रम शिवरात्रि तक चलता रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



■ थाईलैंड, बैंकॉक व मलेशिया से लाए फूल

उज्जैन के महाकाल मंदिर में सभी त्योहारों को देशभर में सबसे पहले मनाने की परंपरा है। इसी परंपरा के तहत रविवार की सुबह भस्म आरती के दौरान रूप चौदस पर भगवान महाकाल का गर्म जल से स्नान कराया गया। इसके बाद पुजारी परिवार की महिलाओं ने भगवान को उबटन लगाकर और फुलझड़ी जलाकर दिवाली उत्सव की शुरुआत की। महाकाल मंदिर के पुजारी महेश गुरु ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराया गया, जिसे अभ्यंग स्नान कहा जाता है। कार्तिक मास की चौदस से सर्दियों की शुरुआत मानी जाती है, इसलिए ठंड से बचाव के लिए भगवान महाकाल को गर्म जल से स्नान कराने की परंपरा है। अब ठंड के दिनों में प्रतिदिन भगवान का स्नान गर्म जल से कराया जाएगा।

### कैंसर और डायबिटीज के मरीजों के लिए उम्मीद भरी खबर

# भारत ने बनाया पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक जानलेवा इन्फेक्शन पर मार करेगा असरदार

यह उन मरीजों के लिए बहुत मददगार साबित होगा, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारत ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। देश ने अपना पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक नैफिथ्रोमाइसिन बनाया है, जो जानलेवा श्वसन संक्रमणों से लड़ने में बहुत असरदार है। यह खास तौर पर कैंसर के मरीजों और अनियंत्रित डायबिटीज वाले लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस एंटीबायोटिक को पूरी तरह से भारत में ही सोचा गया। विकसित किया गया और क्लिनिकल तौर पर परखा गया है। यह भारत को दवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है।

#### 50,000 करोड़ रुपए का बजट

डॉ. सिंह ने अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन को इस दिशा में एक बहुत बड़ा कदम बताया। इस फाउंडेशन के लिए अगले पांच सालों में कुल 50,000 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इसमें से 36,000 करोड़ गैर-सरकारी स्रोतों से आएंगे। यह देश में रिसर्च और डेवलपमेंट (अनुसंधान और विकास) को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत आर्थिक सहारा देगा।

#### भारत ने 10,000 से ज्यादा मानव जीनोम का सीक्वेंसिंग पूरा कर लिया

मंत्री ने यह भी बताया कि भारत ने 10,000 से ज्यादा मानव जीनोम (मानव शरीर की आनुवंशिक जानकारी) का सीक्वेंसिंग पूरा कर लिया है। अब उनका लक्ष्य इसे बढ़ाकर दस लाख तक ले जाना है। यह जेनेटिक रिसर्च (आनुवंशिक शोध) के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी प्रगति है। उन्होंने बताया कि जीन थेरेपी (जीन के इलाज) के एक ट्रायल में 60-70% तक सुधार देखा गया और खून बहने जैसी कोई समस्या नहीं हुई।












# एनडीए ने महागठबंधन पर दागे कई सवाल, वहीं 'इंडी' सीट शेयरिंग में ही उलझा

भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष जायसवाल का आरोप

## जो सीटों का बंटवारा नहीं कर सकता, वह बिहार क्या चलाएगा? यहां पैसे लेकर बांटे जा रहे टिकट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने महागठबंधन पर जमकर हमला बोला है। महागठबंधन बिहार में सत्ता की दुकानदारी चाहता है जबकि एनडीए विकसित राज्य का सपना पूरा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि आज इस चुनाव में मतदाताओं के रुझान को देखते हुए जननायक लोक दल पार्टी ने भी भाजपा एनडीए को समर्थन देने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि महागठबंधन आज ऐसी स्थिति में है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को दलित समुदाय के लोगों को अपमानित करने की बात सोशल मीडिया में लिखनी पड़ रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता समझ चुकी है कि जो गठबंधन आज सीट बंटवारा नहीं कर सकता, वह सरकार क्या चलाएगा? उन्होंने दावा किया कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है।

**जायसवाल का महागठबंधन पर बड़ा आरोप, उनके ही लोग लगा रहे आरोप**

रुझान को देखकर जननायक लोक दल पार्टी ने भाजपा को दिया समर्थन



जायसवाल ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि यह कौरवों की सेना है। जायसवाल ने कहा कि इसमें हर दल टिकट को लेकर एक-दूसरे से उलझा हुआ है। उन्होंने पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां सब कुछ पैसों के खेल से तय हो रहा है। बिहार की जनता सब देख रही है। एक तरफ एनडीए है 5पांडवों की पार्टी, जहां सीट शेयरिंग और प्रत्याशियों की घोषणा सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई है।

**जनसुराज के कर्मवीर भाजपा में शामिल**

भाजपा मीडिया सेंटर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें जन सुराज के प्रदेश प्रवक्ता सह वेंडर्स एसोसिएशन के राज्य समन्वयक डॉ. अमित कुमार पासवान, मानस भूमि विद्यालय सीनियर सेककंडरी स्कूल की निदेशक सह पूर्व जिला पार्षद अनिता कुमारी और जन सुराज के संस्थापक सदस्य कर्मवीर कुशवाहा सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। आंबेडकर छात्रावास से आए आशुतोष पासवान, विकास कुमार, राहुल कुमार, टिंकू कुमार, नीतीश कुमार, कृष्णा पासवान, शिबू कुमार, तरुण कुमार आदि शामिल हो गए।


### लालू जी दरवाजा मत खोलना वरना...', गिरिराज



इस बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि महागठबंधन में टिकट खरीद-बिक्री को लेकर एक दूसरे का सिर फुटव्वल हो रहा है। मैं लालू प्रसाद यादव से निवेदन करूंगा, दरवाजा मत खोलिए, वरना ये आपका भी कुर्ता फाड़ देंगे।

जेडीयू में अजब-गजब

### अमौर से सबा का टिकट काट साबिर को दिया फिर पलटा



जेडीयू में अजब-गजब खेल चल रहा है। पूर्णिया की अमौर सीट पर दो दिनों से प्रत्याशियों की अदला-बदली का खेल जारी है। पार्टी ने फिर अपना उम्मीदवार बदल दिया है। अमौर विधानसभा क्षेत्र से सबा जफर ही जदयू प्रत्याशी होंगे। बिहार सरकार की निवर्तमान मंत्री लेशी सिंह के आवास पर बैठक हुई।

**जेडीयू को बड़ा झटका, औरंगाबाद में पूरी जिला कमेटी का इस्तीफा**

चुनाव से पहले जेडीयू को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की पूरी औरंगाबाद जिला कमेटी ने अपने पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इस कदम से जिले में जदयू संगठन में भूचाल आ गया है। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार को कमान दी है।

टिकट कटने पर आरजेडी में फूटा गुस्सा

## राबड़ी आवास के बाहर फूट-फूटकर रोए नेता फाड़ा कुर्ता, करीब 3 करोड़ मांगने की बात की

पूर्वी चंपारण जिले की मधुबन विधानसभा सीट से राजद के पूर्व प्रत्याशी मदन साह का दर्द रविवार को राबड़ी आवास के बाहर फूट पड़ा। उन्होंने पार्टी से



टिकट नहीं मिलने पर अपना कुर्ता फाड़ लिया और फूट-फूटकर रोने लगे। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव के राजनीतिक सलाहकार संजय यादव पर टिकट बेचने का गंभीर आरोप लगाया। साह का आरोप है कि कि तेजस्वी यादव के करीबी व राज्यसभा सांसद संजय यादव ने मुझसे 2 करोड़ 70 लाख रुपए की मांग की थी। पैसे नहीं देने पर मेरा टिकट काट दिया गया। मैं बर्बाद हो गया हूं। बेटा-बेटी की शादी तक टाल दी थी चुनाव के लिए।

### टिकट कटने के बाद फफक कर रोने लगीं राजद नेता



टिकट बंटवारे को लेकर राजद के भीतर नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। सोमवार को राबड़ी देवी के आवास पर उस वक्त भावुक पल देखने को मिला, जब गया की बाराचट्टी विधानसभा सीट से टिकट की दावेदारी कर रहीं उषा देवी टिकट कटने के बाद रोती हुई नजर आईं।


### नामांकन बचा पर गणेश हो गए निर्दलीय



बिहार विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों का नॉमिनेशन रिजेक्ट हो गया। चिराग की पार्टी लोजपा-आर की मढ़ौरा की उम्मीदवार सीमा सिंह का नॉमिनेशन रद्द होने से एनडीए को बड़ा झटका लगा। वोटिंग से पहले ही एनडीए एक सीट से बेदखल हो गई। इधर महागठबंधन खेमे में मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी के प्रत्याशी गणेश भारती से बड़ी भूल हो गई। उनका नॉमिनेशन को बच गया पर चुनाव चिन्ह रद्द कर दिया गया।

चुनाव और उप चुनावों पर ईसीआई ने दिखाई सख्ती

## बिहार चुनाव के साथ ही 8 सीटों के उपचुनाव में पर्यवेक्षकों की तैनाती की



बिहार विधानसभा चुनाव और 8 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों के दौरान चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। आयोग ने पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया है ताकि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किया जा सके। पहले चरण के बिहार के लिए 121 सामान्य पर्यवेक्षक और 18 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए थे। वहीं, दूसरे चरण के लिए 122 सामान्य और 20 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। वहीं 8 उपचुनाव क्षेत्रों के लिए भी 8 सामान्य और 8 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात हैं। पर्यवेक्षक करीबी नजर रखें और मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें।

### 6 साल बाद सक्रिय किया आर्थिक इंटेलिजेंस पैनल

आयोग ने 6 साल बाद अपनी आर्थिक खुफिया समिति को दोबारा सक्रिय किया है। जिससे चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे, शराब और नशीले पदार्थों के इस्तेमाल पर अंकुश लगाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि मल्टी-डिपार्टमेंटल कमेटी ऑन इलेक्शन इंटेलिजेंस की बैठक शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों और केंद्रीय पुलिस बलों की रणनीति को और प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

**खबर संक्षेप**

### 96 लाख फर्जी वोटर साफ करें: राज ठाकरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने महाराष्ट्र में 96 लाख फर्जी वोटर जोड़े जाने का गंभीर आरोप लगाया है और चेतावनी दी है कि अगर वोटर लिस्ट को साफ नहीं किया गया, तो स्थानीय निकाय चुनावों की पारदर्शिता पर सवाल उठेंगे। उन्होंने चुनाव आयोग को खुली चुनौती दी, 'पहले मतदाता सूची साफ करें।

### पेट्रोल पंप पर नशेड़ियों का बवाल, सबको पीटा



**अकोला।** महाराष्ट्र के अकोला जिले में शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने पेट्रोल पंप पर जमकर उत्पात मचाया। नशे में चूर ये युवक पेट्रोल पंप पर मौजूद ग्राहकों, राहगीरों और कर्मचारियों के साथ लगातार गाली-गलौज कर रहे थे। जब कुछ ग्राहकों ने उन्हें गाली देने से मना किया तो इन गुंडों ने मारपीट शुरू कर दी।

### पटाखा बाजार में आग 80 दुकानें खाक



**फतेहपुर।** जिले के लोधीगंज हाईवे किनारे लगी पटाखा बाजार में रविवार दोपहर 12 बजे करीब आग लग गई। इससे पूरा इलाका धमाकों से गूंज उठा। पटाखों के धमाकों से भीड़ में खलबली मच गई। भागते लोग एक-दूसरे पर गिरकर चोटिल हुए। एक के बाद एक दुकानें आग की चपेट में आती चली गई। 80 से ज्यादा दुकानें जलने की खबर है।

### जैसलमेर बस अग्निकांड मृतकों का आंकड़ा बढ़ा



**जैसलमेर।** बस आग हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। शनिवार को राजस्थान के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल जोधपुर प्रवास के दौरान महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने हादसे में घायल मरीजों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी। डॉक्टरों से घायलों की स्थिति व उपचार के बारे में जानकारी ली।

सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों पर जताई गहरी नाराजगी

## देशभर में 8.82 लाख आदेश 'अधर' में कर्नाटक हाईकोर्ट से जवाब तलब किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा 'निष्पादन याचिकाओं' (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है। जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इनकार कर देता है, तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने की होती है। इस दौरान शीर्ष कोर्ट ने कर्नाटक और तमिलनाडु की सरकार पर कई सवाल उठाए। अदालत ने इस बीच कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर है। यह बात केंद्र और राज्य सरकारों को सदैव ध्यान में रखनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।

**अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाओं पर भड़का कोर्ट**

अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इनकार कर देता है, यह बड़ी ही अजीब बात है।

### *आदेश लागू न तो तो ऐसे आदेश का क्या मतलब?*

**निष्पादन याचिका पर उठाए सवाल**

हाईकोर्ट और जिला अदालतें इस ढर्रे को तुरंत बदलें



जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके, तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा। अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ, लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके।

### 2004 में आदेश के बाद भी नहीं मिला जमीन का कब्जा

तमिलनाडु के अय्यावू उदयार ने 1980 में जमीन खरीदने का समझौता किया था। 1986 में केस दाखिल हुआ। 2004 में आदेश के बाद भी जमीन का कब्जा नहीं मिला। 2008 में कब्जे का आदेश हुआ, पर अमल फिर भी नहीं हुआ। आखिरकार मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। अदालत ने कहा कि निचली अदालत और हाईकोर्ट ने इस मामले में गंभीर गलती की।

**न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्याय में देरी न्याय से इनकार के बराबर है। आदेशों को वर्षों तक लागू न कर पाना व्यवस्था पर ही सवाल उठाता है। अदालत चाहती है कि हाईकोर्ट और जिला अदालतें इस ढर्रे को तुरंत बदलें।



### *कर्नाटक हाईकोर्ट ने जरूरी आंकड़े नहीं भेजे*

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को जरूरी आंकड़े नहीं भेजे। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि रजिस्ट्रार जनरल दो हफ्तों में जवाब दें कि जानकारी क्यों नहीं दी गई। 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी हाईकोर्ट सर्कुलर जारी करें। निष्पादन याचिका छह महीने में निपटाई जाएं। अगर कोई देरी होती है तो संबंधित जज जिम्मेदार माने जाएंगे। कोर्ट ने मामला 10 अप्रैल 2026 को दोबारा सुनने का समय तय किया है। तब तक सभी हाईकोर्ट को लंबित और निपटाए गए मामलों के पूरे आंकड़े देने होंगे।

**धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन नहीं होता**

### ध्वस्त होगा अहमदाबाद की 400 साल पुरानी मस्जिद का हिस्सा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को गुजरात हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए अहमदाबाद में 400 साल से ज्यादा पुराने मंच मस्जिद परिसर को आंशिक रूप से ध्वस्त करने की अनुमति दी गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह कदम जनहित में उठाया गया और इससे धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन नहीं होता। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि खाली पड़ी ज़मीन का केवल एक हिस्सा और उससे सटे एक चबूतरे को ही हटाया जाना है, जबकि मस्जिद का मुख्य ढांचा वैसा ही रहेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि इसी नागरिक परियोजना के तहत एक मंदिर, एक व्यावसायिक इकाई और एक आवासीय संपत्ति को भी ध्वस्त करने चिह्नित किया गया।

नई दिल्ली में अत्याधुनिक यात्री सुविधा केंद्र

## अब यात्रियों को मिल रहा बेहतर अनुभव और सफर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्योहारों के सीजन में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने यात्रियों का स्वागत एक और आधुनिक सुविधाओं के साथ किया है। अब यहां चमकदार फर्श, डिजिटल साइनबोर्ड, साफ-सुथरे शौचालय और ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनें नजर आ रही हैं। यह बदलाव 'यात्री सुविधा केंद्र की वजह से संभव हुआ है।करीब 6,000 वर्गमीटर क्षेत्र में बना है। एक समय में लगभग 7,000 यात्रियों को समायोजित कर सकता है। इसका उद्देश्य भीड़ को व्यवस्थित तरीके से संभालना और उन्हें यात्रा से पहले आरामदायक माहौल देना है। 652 वर्गमीटर क्षेत्र में साफ और आधुनिक शौचालय बनाए गए हैं। आरओ-आधारित पेयजल प्रणाली की भी व्यवस्था की गई है। यहां 24 स्पीकर वाला सार्वजनिक उद्घोषणा तंत्र और 3एलईडी डिस्प्ले लगाए गए हैं। केंद्र में फायर फाइटिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, लगेज स्कैनर और मेटल डिटेक्टर भी लगाए गए हैं।

**केंद्र को 3 मुख्य हिस्सों में बांटा**



केंद्र को 3 मुख्य हिस्सों में बांटा गया है प्री-टिकटिंग जोन (2,860 वर्गमीटर), टिकटिंग जोन (1,150 वर्गमीटर) और डिपार्चर जोन (1,218 वर्गमीटर)। यहां यात्रियों के बैठने के लिए बेंच उपलब्ध कराई गई हैं। इस केंद्र में इंतजार करना बिल्कुल मुफ्त है। टिकटिंग जोन में 22 आधुनिक टिकट काउंटर और 25 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनें लगाई गई हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 200 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। पूरे क्षेत्र में हवा का बेहतर प्रवाह बनाए रखने के लिए 18 हाई-वॉल्यूम लो-स्पीड फैन लगाए गए हैं। इससे यात्रियों को सुविधा होगी।

### कर्मभूमि एक्सप्रेस से गिरकर 2 की मौत

नासिक। छठ पूजा के लिए कर्मभूमि एक्सप्रेस ट्रेन से बिहार जा रहे दो युवकों की गिरकर मौत हो गई। यह हादसा शनिवार रात महाराष्ट्र के नासिक रोड रेलवे स्टेशन के पास हुआ। एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से बिहार के रक्सौल जा रही इस गाड़ी के नासिक रोड स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही देर बाद हुआ।

तेल और गैस की खोज की जा रही: पुरी

## देश स्वच्छ, मजबूत व आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य का निर्माण कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी नेकहा कि भारत एक स्वच्छ, मजबूत और आत्मनिर्भर ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने देश के 99 प्रतिशत अपतटीय क्षेत्र को तेल और गैस की खोज के लिए खोल दिया है और कच्चे तेल के आयात को पहले के 27 देशों से बढ़ाकर 40 से अधिक देशों तक कर दिया है। भारत की ऊर्जा नीति एक चार-आयामी दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें- कच्चे तेल के आयात में विविधता, तेल और गैस की घरेलू खोज में



वृद्धि, क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शामिल हैं। उज्ज्वला के तहत 10.60 करोड़ गरीब परिवारों को ईंधन के रूप में सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर दिए जा चुके हैं।हरदीप पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत एक ऐसा भविष्य बना रहा है जहां ऊर्जा सुरक्षित, सस्ती और टिकाऊ होगी।

कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के बयान पर संघ का पलटवार

## वे सनातन से दूर भागेंगे तो मतदाता उनसे ही दूर होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया के सनातन पर दिए गए बयान पर संघ के नेताओं ने पलटवार किया है। भाजपा और संघ के नेताओं ने दावा किया कि सिद्धारमैया अपनी सरकार की विफलता छिपाने ऐसा बयान दे रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने सीएम के बयान पर कहा कि सिद्धारमैया के माता-पिता के नाम में 'राम' है, जिनकी पत्नी का नाम 'पार्वती' है और जो खुद सिद्धारमैया कहलाते हैं, लोगों को 'सनातनियों' की संगति से दूर रहने की सलाह दे रहे हैं। उनके मंत्रिमंडल के मंत्री सनातन को खत्म कर दो क्योंकि यह डेंगू और मलेरिया फैलाता है और वे आरएसएस और बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाते हैं। वे सनातन से जितना दूर जाएंगे, उनके मतदाता उनसे उतना ही दूर होते जाएंगे।



### भाजपा सांसद शेट्टार ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा

**सिद्धारमैया विफल सीएम, भ्रष्टाचार चरम पर: शेट्टार**



उनके बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद जगदीश शेट्टार ने कहा कि केवल अपनी सुविधा के लिए वह ये सभी बयान दे रहे हैं, क्योंकि उनका प्रशासन और कानून-व्यवस्था विफल है। भ्रष्टाचार बहुत ज्यादा है। वे आरएसएस के खिलाफ बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगा रहे हैं।

**सिद्धारमैया ने यह कहा था**


सिद्धारमैया ने एक बयान में लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपनी संगति सही रखें। उन लोगों के साथ जुड़ें जो समाज के लिए खड़े हैं, न कि उन लोगों के साथ जो सामाजिक बदलाव का विरोध करते हैं, जैसे सनातनी। सिद्धारमैया ने नागरिकों से समाज में प्रगतिशील और तार्किक ताकतों के साथ जुड़ने का आग्रह किया।

### संघ से कांग्रेस की दुश्मनी नई नहीं

संघ के नेता राजीव तुली ने कहा कि आरएसएस से कांग्रेस की दुश्मनी पुरानी है, ये नई नहीं। महात्मा जी की हत्या से एक हफ्ते पहले एक



सीएम को लिखे पत्र में पं. नेहरू ने कहा था आरएसएस के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। तुली ने कहा कि 1948 में नेहरू ने सरदार पटेल पर आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने का दबाव डाला। 28 दिन बाद सरदार पटेल ने नेहरू को एक पत्र लिखा कि उन्हें पता चला है कि महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस का कोई हाथ नहीं था।


सभी देशवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
"रोशनी का पवित्र पर्व दीवाली हमें याद दिलाता है कि प्रकाश हमेशा अंधकार पर विजय प्राप्त करता है और अच्छाई हमेशा बुराई पर जीत हासिल करती है। आइए, हम सभी अपने दिलों और घरों में प्रेम, भाईचारे और खुशहाली के दीप जलाएँ। दीवाली की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।"
भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब
स. भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब
सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## अमेरिका के इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के विरोध में उमड़ा इतना बड़ा जनसैलाब

# राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 2700 स्थानों पर एकत्रित हो गई 70 लाख लोग की भीड़

अमेरिकी में नो किंग्स प्रोटेस्ट के दौरान सड़कें हो गईं जाम पांव रखना मुश्किल

अब और नहीं और हमें बदलाव चाहिए जैसे नारे लगाए गए

ट्रंप के खिलाफ लोगों में दिखा भारी गुस्सा

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका की सड़कों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ लाखों लोग सड़क पर उतर चुके हैं। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन करने के लिए अमेरिकी की जनता सड़क पर मार्च कर रही है। इस दौरान अमेरिका के 2700 स्थानों पर 70 लाख से ज्यादा लोग ट्रंप की नीतियों, खासकर उनके ट्रांसजेंडर विरोधी बयान और अन्य विवादास्पद फैसलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ट्रंप के खिलाफ लोगों में भारी गुस्सा है। इस विशाल विरोध प्रदर्शन में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और नागरिक समूहों ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं के अधिकारों के लिए कार्य करने वाले संगठनों से लेकर पर्यावरण कार्यकर्ता और ट्रंप प्रशासन की नीतियों के विरोधी



शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के शासनकाल की आलोचना करते हुए 'अब और नहीं' और 'हमें बदलाव चाहिए' जैसे नारे लगाए। इस विरोध प्रदर्शन का आह्वान ट्रंप के प्रशासन के खिलाफ बढ़ते असंतोष और उनके द्वारा उठाए गए निर्णयों के विरोध में किया गया था।

### ट्रांसजेंडरों के खिलाफ उठाए कदमों से घिरे ट्रंप

*यह विरोध प्रदर्शन ट्रंप की विभिन्न नीतियों के खिलाफ है। इसमें विशेष रूप से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों के खिलाफ उठाए गए उनके कदमों और उनके कार्यकाल के दौरान किए गए अन्य विवादास्पद कार्यों ने देशभर में गहरे विरोध को जन्म दे दिया है। शामिल मुद्दों में गर्भपात के अधिकारों पर प्रतिबंध, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ की गई नीतियां, और सामाजिक असमानताओं में वृद्धि भी प्रमुख हैं।*

### ट्रंप पर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले का आरोप

*न्यायपालिका में ट्रंप द्वारा नियुक्त किए गए न्यायधीशों के फैसलों और संघीय पुलिस के कुछ आक्रामक कदमों के विरोध में कई संगठनों ने मिलकर यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। एक ओर जहां प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ट्रंप के शासन में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला हो रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन ने इन विरोधों को राजनीतिक साजिश और सामाजिक असंतोष फैलाने की कोशिश के रूप में प्रस्तुत किया। इसे 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' नाम दिया गया है। यानि अब ट्रंप की तानाशाही नहीं चलेगी का नारा लगाया जा रहा है।*

### देश भर में बदलाव की मांग बुलंद


*यह प्रदर्शन न केवल एक राजनीतिक है, बल्कि यह देशभर में बदलाव की मांग और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए एक बुलंद आवाज के रूप में उभरा है। अमेरिका के बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक हर जगह लोग सड़कों पर उतर चुके हैं। इस विशाल आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ असंतोष बढ़ता जा रहा है। यह विरोध प्रदर्शन अमेरिका में ट्रंप के शासनकाल की सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, जो निश्चित रूप से आगामी चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस प्रकार के विरोधों से आने वाले समय में देश में बड़े राजनीतिक बदलाव हो सकते हैं।*

---

## खबर संक्षेप

### अमेरिका ने किया चीन पर साइबर हमला

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को हमले के पीछे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) को



जिम्मेदार ठहराया है। बीजिंग के अनुसार उसके राष्ट्रीय समय केंद्र पर बड़ा साइबर हमला किया गया है। चीन के अनुसार यह अमेरिका का साइबर हमला है। चीन ने आरोप लगाया कि अमेरिका के इस साइबर हमले से उसके नेटवर्क संचार, वित्तीय और विद्युत प्रणालियों को भारी नुकसान पहुंच सकता था। मगर चीनी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क थीं, इससे नुकसान होने से रोक लिया गया।

### यूक्रेन के ड्रोन हमले से धुआं-धुआं हुआ रूसी प्लांट

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बीच एक बार फिर ऊर्जा प्रतिष्ठान निशाने पर आ गया है।



यूक्रेन ने दक्षिणी रूस के ओरेंबुर्ग क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख गैस प्रोसेसिंग प्लांट पर ड्रोन हमला किया, जिससे वहां भीषण आग लग गई। यह संयंत्र रूस की सरकारी ऊर्जा कंपनी गैजप्रोम के नियंत्रण में है। स्थानीय गवर्नर येवगेनी सोलनत्सेव के अनुसार, ड्रोन हमले से संयंत्र के एक कार्यशाला हिस्से में आग लगी और उसका कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

### इजराइल ने किया हमास पर हमला, बढ़ेगा तनाव

**तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम को लेकर जारी तनाव के बीच



इजराइली सेना ने गाजा पर हमला किया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिकी ने फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास पर गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी लोगों पर हमले की योजना का आरोप लगाया था। हमास ने इन आरोपों को इजराइली प्रोपेगैंडा बताकर खारिज कर दिया है। इजराइली सेना ने गाजा में हमले को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है।

---

## यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत

# भारत और यूरोपीय संघ के बीच होगी व्यापार वार्ता, गोयल इसी महीने करेंगे ब्रुसेल्स का दौरा

- गबर्लिन ग्लोबल डायलॉग का आयोजन 23 से 25 अक्टूबर के बीच होगा
- गोयल यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत को गति देने के लिए इस महीने के अंत में ब्रुसेल्स का दौरा करेंगे। अधिकारी ने बताया कि मंत्री इस दौरान बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में भाग लेने के लिए यूरोप में रहेंगे।

यह आयोजन 23 से 25 अक्टूबर के बीच होगा। इसके बाद, ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के साथ व्यापार वार्ता होगी। गोयल यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात करेंगे। बता कि वैश्वक स्तर पर भारत एक दूसरे देशों के लिए एक बड़ा बाजार है जहां से हर एक देश व्यापार करना चाहता है।



### दिसंबर तक व्यापार वार्ता समाप्त करने का निर्णय

*वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय आयोग (ईसी) के व्यापार महानिदेशक (डीजी-ट्रेड) सबाइन वेयंड के साथ भी बातचीत की। दोनों पक्षों के बीच बातचीत बढ़ गई है क्योंकि उन्होंने दिसंबर तक वार्ता समाप्त करने का निर्णय लिया है।*

### गोयल न्यूजीलैंड के साथ करेंगे व्यापार वार्ता

*यूरोप की अपनी यात्रा के बाद, गोयल न्यूजीलैंड जाएंगे। दोनों देशों ने मार्च में एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू की थी और इस पर तीन दौर की वार्ता हो चुकी है। जून 2022 में, भारत और यूरोपीय संघ ने आठ वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए), एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों पर एक समझौते पर बातचीत फिर से शुरू की। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण यह बातचीत 2013 में रुक गई थी।*

### यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का 17 प्रतिशत

*यूरोपीय संघ के साथ भारत का द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 2024-25 में 136.53 अरब डॉलर (75.85 अरब डॉलर का निर्यात और 60.68 अरब डॉलर का आयात) था। यह वस्तुओं के लिए सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया। यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत है, और भारत को यूरोपीय संघ का निर्यात उसके कुल विदेशी निर्यात का 9 प्रतिशत है।*

### यूरोपीय संघ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार



- ▶▶ यूरोपीय संघ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका 2024 में 120 बिलियन यूरो मूल्य का वस्तु व्यापार होगा, जो भारत के कुल व्यापार का 11.5% होगा।
- ▶▶ भारत यूरोपीय संघ का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका 2024 में यूरोपीय संघ के कुल वस्तु व्यापार में 2.4 प्रतिशत का योगदान होगा, जो अमेरिका (17.3 प्रतिशत), चीन (14.6%) या ब्रिटेन (10.1%) से काफी पीछे है।
- ▶▶ पिछले दशक में यूरोपीय संघ और भारत के बीच वस्तु व्यापार में लगभग 90% की वृद्धि हुई है। भारत से यूरोपीय संघ के आयात में मुख्यतः मशीनरी और उपकरण, रसायन, आधार धातुएं, खनिज उत्पाद और वस्त्र शामिल हैं।
- ▶▶ यूरोपीय संघ द्वारा भारत को किए जाने वाले मुख्य निर्यात में मशीनरी और उपकरण, परिवहन उपकरण और रसायन शामिल हैं। 2023 में सेवाओं का व्यापार यूरो 59.7 बिलियन तक पहुंच जाएगा (जिसमें यूरोपीय संघ का घाटा यूरो 7.9 बिलियन होगा)।
- ▶▶ भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में यूरोपीय संघ का हिस्सा 2023 में 140.1 अरब यूरो तक पहुंच गया, जो 2019 में 82.3 अरब यूरो था। इस तरह, यूरोपीय संघ भारत में एक प्रमुख विदेशी निवेशक बन गया।
- ▶▶ यूरोपीय संघ में भारत का एफडीआई हिस्सा 10.2 अरब यूरो था। भारत में लगभग 6,000 यूरोपीय कंपनियां मौजूद हैं।

---

## दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय में फिर चोरी!

# नेपोलियन के शाही रत्न गायब, मच गया हड़कंप



एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस के लूव्र संग्रहालय में रविवार को चोरी की एक घटना हुई और इसे दिन भर के लिए बंद कर दिया गया है जबकि प्राधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। यह जानकारी फ्रांस की संस्कृति मंत्री रचिदा दाती ने दी। रचिदा ने एक्स पर लिखा, लूव्र संग्रहालय खुलने के समय चोरी की एक घटना हुई। लूव्र संग्रहालय की ओर से कहा गया कि यह (संग्रहालय) असाधारण कारणों से बंद रहेगा, हालांकि चोरी के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गई। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दाती ने कहा कि वह घटनास्थल पर मौजूद हैं और जांच की जा रही है।फ्रांसीसी मीडिया के अनुसार, अपराधी दुनिया के सबसे अधिक देखे जाने वाले संग्रहालय और पूर्व महल में उस ओर से घुसे, जहां निर्माण कार्य हो रहा है। खबर में कहा गया है कि उन्होंने अपोलो गैलरी के लक्षित कमरे तक सीधे पहुंचने के लिए एक मालवाहक लिफ्ट का इस्तेमाल किया। खिड़कियां तोड़ने के बाद, अपराधियों ने कथित तौर पर नेपोलियन और महारानी के आभूषण संग्रह से नौ आभूषण चुरा लिये। लूव्र संग्रहालय में चोरी और डकैती के प्रयासों का एक लंबा इतिहास रहा है।

### 1911 से ही चोरों के निशाने पर रहा संग्रहालय

*वर्ष 1911 में हुई घटना में मोना लिसा की पेंटिंग फ्रेम से गायब हो गई थी, जिसे विन्सेन्जो पेरुगिया नामक एक पूर्व कर्मचारी ने चुरा लिया था, जो संग्रहालय के अंदर छिप गया और पेंटिंग अपने कोट के नीचे छिपाकर बाहर निकल गया। पेंटिंग दो साल बाद फ्लोरेंस में बरामद की गई। इस घटना ने लियोनार्डो दा विंची के चित्र को दुनिया की सबसे प्रसिद्ध कलाकृति बनाने में मदद की। लूव्र में मेसोपोटामिया, मिस्र से लेकर दुनिया भर की प्राचीन वस्तुओं, मूर्तिकला और चित्रकला की 33,000 से अधिक कृतियां प्रदर्शित हैं। चोरी की घटना गैलरी डी'अपोलोन में रविवार को हुई थी, जहां फ्रांसीसी राजसी रत्नों का संग्रह प्रदर्शित है। संग्रहालय में प्रतिदिन 30,000 तक आगंतुक आ सकते हैं।*

---

## 6 साल का टूटेगा रिकॉर्ड

# कनाडा से जबरदस्ती निकाले जा रहे भारतीय

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा में भारतीय नागरिकों के लिए हालात लगातार मुश्किल होते जा रहे हैं। इमिग्रेशन सिस्टम में सुधार की आड़ में अब भारतीयों को जबरन डिपोर्ट किए जाने के मामले तेजी से बढ़े हैं। कनाडा की कनाडियन बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2024 में अब तक 1,891 भारतीयों को देश से निकाला जा चुका है, और यह संख्या साल खत्म होने से पहले ही 2024 के रिकॉर्ड को पार करने की कगार पर है। साल 2019 में जहां सिर्फ 625 भारतीय



नागरिकों को कनाडा से निकाला गया था। वहीं अब यह आंकड़ा छह गुना से ज्यादा हो चुका है। इस साल जुलाई तक के आंकड़े बताते हैं कि भारत अब कनाडा से जबरन निकाले गए नागरिकों की सूची में दूसरे स्थान पर है, पहले नंबर पर हैं मैक्सिको। सीबीएसए के अनुसार, 28 जुलाई 24 तक 1,891 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया।

---

## दोनों देश युद्ध विराम को हुए तैयार

# अब शांति चाहते हैं दोनों पाकिस्तान-अफगानिस्तान

एजेंसी ▶▶ दोहा

कतर के विदेश मंत्रालय ने आज तड़के ऐलान किया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान कतर के दोहा में आयोजित बातचीत के दौरान युद्धविराम पर सहमती बन गई है।

तुर्की की मध्यस्थता में हो रही इस बातचीत का मकसद एक हफ्ते से चल रहे भीषण सीमा संघर्ष को खत्म करना है। इस संघर्ष में दर्जनों लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए हैं। बता दें कियह चर्चा अफगानिस्तान और पाकिस्तान की लड़ाई में दर्जनों लोगों के मारे जाने के बाद हुई है, जो 2021 में काबुल



में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच सबसे खराब टकराव है। अफगान अधिकारियों ने पुष्टि की कि रक्षा मंत्री मुल्ला मुहम्मद याकूब के नेतृत्व में काबुल प्रतिनिधिमंडल ने दोहा वार्ता में भाग लिया, जबकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने तालिबान प्रतिनिधियों के साथ चर्चा का नेतृत्व किया।

---

## सऊदी अरब में खत्म हुआ 'कफाला सिस्टम'

# लाखों विदेशी वर्कर्स को मिली नई 'आजादी'!

एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब ने 50 साल पुराने कफाला सिस्टम को आधिकारिक तौर पर खत्म कर दिया है। ये एक लेबर स्पांसरशिप फ्रेमवर्क था, जिसमें विदेशी वर्कर्स के रहने और जॉब करने के अधिकार सिर्फ एक कंपनी या नियोक्ता से जुड़े होते थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव का ऐलान जून 2025 में ही कर दिया गया था, लेकिन अब ये आधिकारिक तौर पर खत्म कर दिया गया है। कफाला सिस्टम खत्म होने से 1.3 करोड़ से ज्यादा विदेशी वर्कर्स को आजादी मिली है, जिसमें भारत के भी लाखों वर्कर्स शामिल हैं। कफाला सिस्टम को अरबी में



'स्पांसरशिप' के तौर पर जाना जाता है। ये एक मॉडर्न स्पांसरशिप रूट था, जिसका इस्तेमाल 1950 के दशक से ही खाड़ी के देशों में हो रहा है। सऊदी अरब, कतर, कुवैत, जॉर्डन जैसे देशों में कफाला सिस्टम आम है। इसके तहत विदेशी वर्कर्स का कानूनी स्टेटस सीधे तौर पर उसकी कंपनी (कफील) से जुड़ा होता था। इस वजह से कंपनी के पास वर्कर्स से ज्यादा अधिकार होते थे। कफाला सिस्टम से बंधा वर्कर ना तो जॉब बदल सकता था, ना कंपनी की इजाजत लिए बगैर देश छोड़ सकता था और ना ही उसे कानूनी मदद मिल सकती थी। इस वजह से वर्कर्स का काफी शोषण होता था। इस सिस्टम को इसलिए डिजाइन किया गया था, ताकि विदेशी वर्कर की कानूनी और प्रशासनिक जिम्मेदारी (वीजा और रेजिडेंसी स्टेटस सहित) सीधे कंपनी या उस शख्स को सौंप दी जाए, जहां वह काम करने आ रहा है। आसान भाषा में कहें तो वर्कर की जिम्मेदारी कफील के हाथ में होती थी। कफाला सिस्टम से राज्य की नौकरशाही पर दबाव नहीं पड़ता था, क्योंकि सारा काम खुद कफील को देखना होता था।

---

## द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण मंच

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय सेना कर रही है संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना और ऑस्ट्रेलियाई सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद-2025' ऑस्ट्रेलिया में पूरे उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया जा रहा है।

यह अभ्यास विशेष रूप से आतंकवाद-रोधी अभियानों, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में ऑपरेशन, और संयुक्त मानवीय सहायता एवं आपदा राहत कार्यों पर केंद्रित है। दोनों देशों के बीच यह इस सैन्य अभ्यास का चौथा संस्करण है। इस अभ्यास में दोनों देशों की सेनाओं के जवान संयुक्त प्रशिक्षण



गतिविधियों, सामरिक अभ्यासों, फायरिंग ड्रिल और योग सत्रों में भाग ले रहे हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से सैनिक अनुशासन, तालमेल और साझी कार्यप्रणाली का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का प्रतीक है। भारतीय सेना के मुताबिक अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना, संयुक्त परिचालन प्रक्रियाओं की समझ विकसित करना तथा साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी सहयोग को सुदृढ़ करना है। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त कमांड पोस्ट अभ्यास, फील्ड प्रशिक्षण और लाइव फायर अभ्यास भी किए जा रहे हैं। इससे वास्तविक युद्धक परिस्थितियों में सैन्य क्षमता को मजबूत किया जा सकेगा। 'ऑस्ट्राहिंद' श्रृंखला का यह अभ्यास भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2022 में आरंभ हुआ था और तब से यह द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

---

## 4000 करोड़ की लागत में बना है ये 'इनवर्टेड ग्राउंडस्क्रैपर'

### होटल में कुल 337 कमरे हैं, जिनमें से हर एक में वॉइस-कंट्रोल सिस्टम

# खदान के अंदर बने वाटरफॉल होटल की 16 मंजिलें बनी हैं जमीन के 88 मीटर नीचे

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

दुनिया में ऐसी कई इमारतें हैं, जो अपनी अनोखी आर्किटेक्चर के लिए जानी जाती हैं। इस लिस्ट में चीन के एक खास होटल का नाम भी शामिल है। यह होटल एक खदान के अंदर बना है और वॉटर फॉल होटल के नाम से जाना जाता है। चीन के शंघाई शहर के सोंगजियांग जिले में स्थित इंटरकॉन्टिनेंटल शंघाई वंडरलैंड होटल आर्किटेक्चर और इंजीनियरिंग का एक शानदार उदाहरण है। यह अनोखा होटल एक पुरानी खदान के अंदर बना है, जिसकी वजह से इसे 'क्वारी होटल' या 'खदान होटल' के नाम से भी जाना जाता है। इस होटल का इतिहास काफी दिलचस्प है। इस खदान को 1950 के दशक में जापानियों ने युद्ध के



पानी के नीचे बना है सीफूड रेस्टोरेंट

दौरान बंकर बनाने के लिए खोदा था। बाद में इसे आंशिक रूप से पानी से भरकर एक आर्टिफिशियल झील में बदल दिया गया। साल 2006 में शंघाई के एक प्रॉपर्टी ग्रुप ने इस जगह में संभावना देखी और इसे एक लग्जरी होटल में तब्दील करने का फैसला किया। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत 2009 में हुई और इसे पूरा करने में करीब 4 हजार करोड़ रुपये की लागत आई।

### क्यों कहा जाता है वाटरफॉल होटल?

*होटल की सबसे खास बात इसकी संरचना है, जो 88 मीटर गहरी खदान की दीवारों में बनाई गई है। इसमें कुल 18 मंजिलें हैं, जिनमें से 16 भूमिगत और दो मंजिलें पानी के नीचे स्थित हैं। इसके सामने 90 मीटर ऊंचा कृत्रिम झरना होटल की खूबसूरती में चार चांद लगाता है, जिसके कारण इसे 'वॉटरफॉल होटल' भी कहा जाता है। इस होटल को डिजाइन करने के लिए कई मशहूर आर्किटेक्चर फर्म्स को चुना गया। होटल की डिजाइन में फेंगशुई के प्रिंसिपल्स को अपनाया गया है और इसे 'इनवर्टेड ग्राउंडस्क्रेपर' कहा जाता है।*

### आराम और रोमांच का अनुभव

*इस होटल में ठहरना केवल आराम का नहीं, बल्कि रोमांच का भी अनुभव है। यहां क्लिफ के किनारे बने विला और पानी के नीचे बने सुइट्स हैं, जहां कांच की दीवारों से मेहमान सीधे झील के भीतर का नजारा देख सकते हैं। होटल में कुल 337 कमरे हैं, जिनमें से हर एक में वॉइस-कंट्रोल सिस्टम जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। खाने-पीने के लिए होटल में पानी के नीचे बना सीफूड रेस्टोरेंट, कैंटोनीज फाइन डाइनिंग और क्वारी बार जैसे ऑप्शन मौजूद हैं। इसके अलावा, होटल में वॉटर स्पोर्टर्स एरिया, इंफिनिटी पूल और स्पा की सुविधा भी है। रोमांच पसंद करने वालों के लिए पास के थीम पार्क में जिपलाइन, बंजी जंप, रॉक क्लाइम्बिंग और ग्लास वॉकवे जैसी गतिविधियां मौजूद हैं।*

# 17 साल बाद भारत की झोली में आया मेडल, तन्वी का रजत पदक के साथ सफर समाप्त

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा का बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने का सपना रविवार को महिला एकल फाइनल में थाईलैंड की अन्यापत फिचितप्रीचासक से सीधे गेम में हारकर टूट गया। यह 16 वर्षीय खिलाड़ी साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के नक्शेकदम पर चलते हुए टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला शटलर बनी।

फाइनल में हालांकि वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई और उन्हें दूसरी वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी से 7-15, 12-15 से हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार तन्वी ने रजत पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया, जो 17 वर्षों में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक है। साइना (2008 में स्वर्ण और 2006 में रजत) और अपर्णा (1996 में रजत) इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

**विश्व जूनियर चैंपियनशिप में तन्वी से पहले साइना और अपर्णा जीत चुकी हैं मेडल**

**थाईलैंड की खिलाड़ी अन्यापत ने तन्वी को हराया**







## नेट पर आने के लिए किया मजबूर

थाई खिलाड़ी ने हालांकि तन्वी को बार-बार नेट पर आने के लिए मजबूर किया, जिससे उनकी गलतियां बढ़ गईं। थाईलैंड की खिलाड़ी ने जल्द ही स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया। थाईलैंड की खिलाड़ी इसके बाद अधिक आत्मविश्वास के साथ खेली। उन्होंने जल्द ही बढ़त हासिल की और इसे आखिर तक बरकरार रखकर मैच अपने नाम किया।

## फाइनल में मुकाबला रहा कड़ा

*फाइनल में मुकाबला शुरू से ही कड़ा रहा क्योंकि दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे की गलतियों के कारण 2-2 से 4-4 तक बराबरी पर आ गए। थाई खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद भारतीय खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर 10-5 की बढ़त बना ली और फिर इसके बाद आसानी से पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में तन्वी ने कुछ सटीक डीप रिटर्न के साथ 6-1 की बढ़त बना ली। लेकिन फिर से उन्होंने गलतियां की, जिसका फायदा उठाकर थाई खिलाड़ी ने अंतर को 5-7 तक कम कर दिया।फिचितप्रीचासक का अगला शॉट चूक गया, जिससे तन्वी को मध्यांतर तक 8-5 की मामूली बढ़त मिल गई।*

## खबर संक्षेप



### इंडिया चैंपियनशिप के विजेता बने फ्लीटवुड

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टॉमी फ्लीटवुड ने धैर्य और एकाग्रता की मिसाल पेश करते हुए सात अंडर 65 के शानदार कार्ड के साथ जापान के कीता नाकाजिमा (तीन अंडर 72) को दो स्ट्रोक से पछाड़कर 'डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप' गोल्फ का खिताब जीत लिया। फ्लीटवुड तीसरे दौर के बाद दो शॉट से पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आखिरी दौर के लिए बचा के रखा। था। उन्होंने दबाव में संयम दिखाते हुए कुल 266 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। यह डीपी वर्ल्ड टूर पर फ्लीटवुड का आठवां खिताब है। यह भारत में उनकी पहली जीत है।

### रिजवान की छिन सकती है वनडे की कप्तानी

**कराची।** अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान के वनडे कप्तान पद से हटाया जा सकता है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय चयन समिति और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सलाहकार बोर्ड की लाहौर में संयुक्त बैठक होगी, जिसमें वनडे कप्तान पर फैसला किया जा सकता है। पीसीबी ने एक बयान में पुष्टि की कि पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीमों के मुख्य कोच माइक हेसन ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को पत्र लिखकर एकदिवसीय टीम के मामलों और कप्तानी पर चर्चा के लिए चयनकर्ताओं और सलाहकारों की बैठक बुलाने का अनुरोध किया था।

**भारत ने संघर्ष करते हुए बनाए 9 विकेट पर 136 रन**

### ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट से जीता 26-26 ओवर का पहला वनडे

# भारत का वनडे में लगातार 8 मैच जीतने का सिलसिला टूटा, विराट-रोहित ने किया मायूस

एजेंसी ▶▶| पर्थ

विराट कोहली और रोहित शर्मा की लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कुल मिलाकर सिर्फ 22 गेंदों तक चली और उनके फीके प्रदर्शन का असर मैच के परिणाम पर भी दिखा, जहां ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बारिश से प्रभावित मुकाबले में भारत पर 29 गेंद शेष रहते सात विकेट की आसान जीत दर्ज की। भारतीय पारी के दौरान लगातार बारिश की वजह से मुकाबला 26-26 ओवर का कर दिया गया था। भारत ने संघर्ष करते हुए 9 विकेट पर 136 रन बनाए लेकिन ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से जीत के लिए 131 रन का लक्ष्य मिला। टीम ने 21.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## कप्तान मार्श 46 रन बनाकर रहे नाबाद

लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (आठ) ने शुरुआत में ही अर्शदीप सिंह की गेंद पर डीप थर्ड मैन पर हर्षित राणा को कैच थमा दिया। इसके बाद क्रीज पर आए मैथ्यू शॉर्ट (आठ) भी बिना कोई खास योगदान दिए पवेलियन लौट गए। कप्तान मिशेल मार्श (नाबाद 46 रन, 52 गेंद) ने जोश फिलिप (37 रन, 29 गेंद) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रनों की आक्रामक अहम साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बनाए रखा। अर्शदीप, मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा की भारतीय तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों जैसा नियंत्रण नहीं दिखा पाई। इन गेंदबाजों ने मेजबान टीम को आसानी से रन बनाने के मौके दिए।

## भारतीय टीम लय हासिल करने में नाकाम

भारतीय टीम अपनी पारी की शुरुआत से ही किसी तरह की लय हासिल करने में नाकाम रही। बारिश के कारण कई बार खेल रुकने से स्थिति और मुश्किल हो गयी। लोकेश राहुल (30 गेंद में 38 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज सहज नहीं दिखा। ऑस्ट्रेलिया ने बादलों की आंख-मिचौली के बीच तेज गेंदबाजों की मददगार ऑप्टस स्टेडियम में पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो सही साबित हुआ।

*ऑस्ट्रेलिया की जीत के साथ ही भारत का वनडे में लगातार आठ मैच जीतने का सिलसिला टूट गया। इस साल यह पहली बार है जब भारत को वनडे में हार का सामना करना पड़ा है। गिल को वनडे कप्तान के तौर पर अपने पहले ही मैच में हार मिली।*

## 550 मैच खेलने वाले 5वें भारतीय बने रोहित

*रोहित अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 मैच खेलने वाले विश्व के कुल 11वें खिलाड़ी बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो वह इस आंकड़े को छूने वाले 5वें खिलाड़ी बने हैं। भारतीय खिलाड़ियों में रोहित केवल सचिन तेंदुलकर (664), कोहली (551), महेंद्र सिंह धोनी (535) और राहुल द्रविड़ (504) से पीछे हैं। बता दें कि रोहित ने 2007 में अपने करियर की शुरुआत की थी।*



## ऑस्ट्रेलिया में पहली बार शून्य पर आउट हुए कोहली

नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर उतरे कोहली अपना खाता खोलने के लिए भी संघर्ष करते हुए नजर आए। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की बाहर की गेंद पर ड्राइव लगाने के प्रयास में पॉइंट में कैच दे बैठे। युवा कूपर कोनोली ने बाएं छोर पर डाइव लगाते हुए कोहली का बेहतरीन कैच पकड़ा। वनडे में कोहली ऑस्ट्रेलिया में 1,327 रन बनाने के बाद पहली बार शून्य पर आउट हुए हैं।

## मिचेल स्टार्क ने फेंकी 171.5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद

भारत के खिलाफ मैच में पहला ओवर मिचेल स्टार्क ने फेंका और ओवर की पहली गेंद रोहित शर्मा ने खेली, जिस पर उन्होंने एक रन बनाया। लेकिन इस पहली गेंद ने स्टार्क को सुर्खियों में ला दिया, क्योंकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई लोगों ने दावा किया कि स्टार्क ने पहली गेंद 171.5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी है। लेकिन ये दावा गलत है तकनीकी खराबी की वजह से ऐसा दिखाया गया था। दरअसल स्टार्क ने पहली गेंद 140.8**kph** की रफ्तार से फेंकी थी, जिसकी पुष्टि क्रिकबज ने भी की है।

***जोरदार तालियों से हुआ कोहली का स्वागत :*** *कोहली का स्वागत स्टेडियम में और भी जोरदार तालियों से हुआ, लेकिन वह एक बार फिर अपनी पुरानी कमजोरी का शिकार बने। स्टार्क की बाहर निकलती गेंद पर ड्राइव लगाने की कोशिश में गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर बैकवर्ड प्वाइंट की दिशा में गई और कूपर कोनोली ने शानदार कैच पकड़ उनकी आठ गेंद की पारी को खत्म किया। कोहली पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे।*

***अक्षर और राहुल ने की 39 रन की साझेदारी :*** *अक्षर पटेल (31) और राहुल ने पांचवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करने की कोशिश की लेकिन मैथ्यू कुहनेमैन ने अक्षर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया।*

## स्कोर बोर्ड

| भारत स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का रेनशॉ बो हेजलवुड | 08 | 14 | 0 | 1 |
| गिल का फिलिप्स बो एलिस | 10 | 18 | 2 | 0 |
| कोहली का कोनोली बो स्टार्क | 00 | 8 | 0 | 0 |
| अय्यर का फिलिप्स बो हेजलवुड | 11 | 24 | 1 | 0 |
| पटेल का रेनशॉ बओ कुहनेमैन | 31 | 38 | 3 | 0 |
| राहुल का रेनशॉ बो ओवेन | 38 | 31 | 2 | 2 |
| सुंदर बो कुहनेमैन | 10 | 10 | 1 | 0 |
| रेड्डी नाबाद | 19 | 11 | 0 | 2 |
| राणा का फिलिप्स बो ओवेन | 01 | 2 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 00 | 0 | 0 | 0 |
| सिराज नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त 08**

**कुल योग: 26 ओवर में 9विकेट पर 136 रन**

**गेंदबाजी:** स्टार्क 6-1-22-1, हेजलवुड 7-2-20-2, एलिस 5-1-29-1, ओवेन 3-0-20-2, कुहनेमैन 4-0-26-2, शॉर्ट 1-0-17-0.

| ऑस्ट्रेलिया स्कोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श नाबाद | 46 | 52 | 2 | 3 |
| हेड का राणा बो अर्शदीप | 08 | 5 | 2 | 0 |
| शॉर्ट का रोहित बो अक्षर | 08 | 17 | 1 | 0 |
| फिलिप का अर्शदीप बो वाशिंगटन | 37 | 29 | 3 | 2 |
| मैट रेनशॉ नाबाद | 21 | 24 | 1 | 1 |

**अतिरिक्त: 11**

**कुल योग: 21.1 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन**

**गेंदबाजी:** सिराज 4-1-21-0, अर्शदीप 5-0-31-1, राणा 4-0-27-0, अक्षर 4-0-19-1, रेड्डी 2.1-0-16-0, वाशिंगटन 2-0-14-1.

## रोहित की पारी 14 गेंद तक ही चली

रोहित शर्मा (आठ रन) नए कप्तान शुभमन गिल के साथ क्रीज पर आए तो स्टेडियम में मौजूद दर्शकों जोरदार स्वागत किया, लेकिन उनकी पारी सिर्फ 14 गेंद ही चली। रोहित ने मिशेल स्टार्क के खिलाफ एक शानदार स्ट्रेट ड्राइव खेल अपने सुनहरे दिनों की झलक दिखाई लेकिन उनकी पारी में यह आत्मविश्वास से जड़ा गया इकलौता शॉट साबित हुआ। वह जोश हेजलवुड की अतिरिक्त उछाल वाली गेंद से सामंजस्य बिठाने में नाकाम रहे और गेंद उनके बल्ले को छूती हुई दूसरी स्लिप में रेनशॉ के हाथों में चली गई।

# मैच में किया प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन : कप्तान गिल



एजेंसी ▶▶| पर्थ

कप्तान शुभमन गिल ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में शुरुआती तीन झटकों के बाद वापसी करना उनकी टीम के लिए आसान नहीं था लेकिन उन्होंने मैच में प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन किया। भारत ने पावरप्ले के ओवरों में सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और गिल के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के विकेट गंवाए, जिससे मेहमान टीम कभी उबर नहीं पाई और बारिश से बाधित मैच में सात विकेट से हार गई। गिल ने मैच के बाद कहा, 'जब आप पावरप्ले में तीन विकेट गंवाते हैं तो यह कभी भी आसान नहीं होता। आप हमेशा वापसी करने की कोशिश करते हैं। इस मैच से बहुत कुछ सीखने को मिला।' कोहली (शून्य) और शर्मा (आठ) की वापसी केवल 22 गेंद तक ही रही, जिससे भारत का स्कोर नौवें ओवर में तीन विकेट पर 25 रन हो गया। लेकिन गिल ने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को आसानी से जीत दर्ज नहीं करने दी। गिल ने कहा, '26 ओवरों में 130 रन का बचाव करते हुए हम मैच को काफी गहराई तक ले गए इसलिए हम इससे संतुष्ट हैं।' उन्होंने कहा कि स्टेडियमों में प्रशंसकों की भारी भीड़ टीम को सीमित ओवरों के दौरे पर प्रेरित करेगी। गिल ने कहा, 'हम भाग्यशाली हैं कि हम जहां भी खेलते हैं, प्रशंसक भारी संख्या में आते हैं। उम्मीद है कि वे एडिलेड में भी हमारा उत्साहवर्धन करेंगे।'

## भारत मजबूत वापसी करेगा: कुहनेमन

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को बारिश से बाधित पहले वनडे में की सात विकेट से जीत दर्ज लेकिन स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन का मानना है कि दौरे के पहले मैच में हार के बाद भारत जोरदार वापसी करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या यह एक बाहरी मैच जैसा लगा और क्या ऑस्ट्रेलिया ने दर्शकों को शांत कर दिया तो कुहनेमन ने कहा, 'हां, खासकर जब आप ऐसी टीम के खिलाफ खेलते हैं, जिसके सभी बल्लेबाज विश्व स्तरीय और खेल के दिग्गज हैं। इसलिए शुरुआत में विकेट लेना बहुत बड़ा अंतर पैदा करता है। हालांकि कुहनेमन ने श्रृंखला के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद भारत की जोरदार वापसी का समर्थन किया।

# लेयला ने जीता अपने कॅरियर का पांचवां खिताब



एजेंसी ▶▶| ओसाका

लेयला फर्नांडीज ने डब्ल्यूटीए जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा को 6-0, 5-7, 6-3 से हराकर अपने करियर का पांचवां खिताब जीता। अपने करियर के आठवें फाइनल में खेलते हुए फर्नांडीज ने पहला सेट 29 मिनट में जीत लिया। वैलेंटोवा ने दूसरे सेट के 12वें गेम में फर्नांडीज की सर्विस तोड़कर मैच को बराबरी पर ला दिया।

निर्णायक सेट में 27वीं रैंकिंग की खिलाड़ी फर्नांडीज ने चौथे गेम में महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट हासिल किया और चेक गणराज्य की खिलाड़ी की चुनौती से पार पाकर जुलाई में डब्ल्यूटीए 500 डीसी ओपन जीतने के बाद सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता।

# आस्ट्रेलिया के आक्रामक माहौल ने ली परीक्षा : विराट कोहली

एजेंसी ▶▶| पर्थ



विराट कोहली ने स्वीकार किया कि आस्ट्रेलिया में क्रिकेट को लेकर आक्रामक माहौल ने उनकी क्षमता की परीक्षा ली लेकिन उनका मानना है कि इस माहौल में डटे रहकर साहसिक क्रिकेट खेलने से उन्हें मानसिक रूप से मजबूत क्रिकेटर बनने में मदद मिली और इससे उनके करियर को नई दिशा मिली।

कोहली ने पहली बार 2011 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था और उन्हें ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों से आक्रामक स्वागत का सामना करना पड़ा था, लेकिन उनका मानना है कि यह आक्रामकता धीरे-धीरे सम्मान में बदल गई। कोहली ने कहा, 'बचपन में जब हम सुबह जल्दी उठकर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट देखते थे तो मैं खुद को उनके सामने रखकर सोचता था कि अगर मैं इन परिस्थितियों में और इस विरोधी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर पाया तो एक क्रिकेटर के तौर पर मुझे इस पर गर्व होगा। दोनों टीमों के महान खिलाड़ियों को खेलते देखना मेरे लिए प्रेरणास्त्रोत रहा। सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, यहां तक कि वीरेंद्र सहवाग जैसे खिलाड़ी, जिनसे मैं सचमुच प्रभावित रहा हूं।

## एमएलएस में मेस्सी ने मारी दूसरी हैट्रिक, इंटर मियामी जीता ...



***नैशविले।*** *दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में अपने करियर की दूसरी हैट्रिक बनाई, जिससे इंटर मियामी ने नैशविले एससी पर 5-2 से जीत हासिल की। मेस्सी एमएलएस के वर्तमान सत्र में अभी तक 29 गोल कर चुके हैं और वह इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। पिछली बार उन्होंने इंटर मियामी की न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन पर 6-2 की जीत में हैट्रिक बनाई थी।*

### महिला वनडे विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई श्रीलंका टीम

# पहली जीत की तलाश में श्रीलंका, आज बांग्लादेश से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

श्रीलंका की टीम महिला वनडे विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है और सोमवार को जब उसका सामना बांग्लादेश से होगा तो उसका लक्ष्य टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना होगा।

बांग्लादेश की तरह श्रीलंका के खाते में भी दो अंक हैं, लेकिन दोनों ही अंक उसे बारिश के कारण रद्द हुए मैचों में मिले हैं। श्रीलंका को अभी तक पांच मैच में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है और वह आठ टीमों की प्रतियोगिता में सातवें स्थान पर है। बांग्लादेश ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है। उसने पाकिस्तान को हराकर अपना खाता खोला था लेकिन दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड जैसी मजबूत टीमों को कड़ी चुनौती देने के बावजूद उसे हार का सामना करना पड़ा था। श्रीलंका और बांग्लादेश दोनों की ही सेमीफाइनल में पहुंचने की राह बेहद मुश्किल हो गई है। उन्हें अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए न सिर्फ अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने होंगे बल्कि अन्य मैच के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी।

### बांग्लादेश का बेहतर प्रदर्शन, पाकिस्तान पर दर्ज की थी जीत

## श्रीलंका नहीं उठा पाया घरेलू मैदान का फायदा

लगातार बारिश के कारण चमारी अटापट्टू की टीम के लिए घरेलू मैदान का फायदा उठाने की कोई संभावना नहीं रही। हालांकि यहां बारिश का कोई खतरा नहीं है, लेकिन दिन-रात के मैच के दौरान मौसम गर्म और आर्द्र रहेगा। यह डीवाई पाटिल स्टेडियम में होने वाला पहला मैच होगा, जिसमें एक सेमीफाइनल सहित इस टूर्नामेंट के चार मैचों की पुष्टि हो चुकी है। श्रीलंका अपना अंतिम मैच कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।




## बांग्लादेश को जीतने होंगे दो मैच

इसी तरह बांग्लादेश को श्रीलंका और भारत के खिलाफ अपने शेष दो मैच जीतने होंगे। यही नहीं उसे इंग्लैंड की भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के लिए दुआ भी करनी होगी। बांग्लादेश को लगेगा कि विभिन्न विभागों में उनके प्रदर्शन के आधार पर वे श्रीलंका से बेहतर स्थिति में हैं, लेकिन फिर भी क्षेत्ररक्षण एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें निगार सुल्ताना की अगुवाई वाली टीम को महत्वपूर्ण सुधार करने होंगे।

## टीमें इस प्रकार

*__बांग्लादेश :__ निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), फरगना हक, शोभना मोस्तरी, रुब्या हैदर, शर्मिन अख्तर, राबेया खान, रितु मोनी, शोर्ना अख्तर, सुमैया अख्तर, फाहिमा खातून, फरिहा त्रिस्ना, मारुफा अख्तर, नाहिदा अख्तर, निशिता अख्तर निशि, संजीदा अख्तर मेघला।*

*__श्रीलंका :__ चमारी अटापट्टू (कप्तान), अनुष्का संजीवनी (उपकप्तान और विकेटकीपर), इमेशा दुलानी, विशमी गुणरत्ने, हासिनी परेरा, हर्षिता समाराविक्रमा, नीलाक्षिका सिल्वा, कविशा दिलहारी, पिउमी वाथसाला, देवमी विहंगा, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, मल्की मदारा, उदेशिका प्रबोधनी, इनोका राणावीरा।*




**सीमित अवधि ऑफर**

प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू

डाउन पेमेंट ₹999$ से शुरू

विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200~ तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife — पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply. Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and HF Deluxe in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रूसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

# रोशनी और खुशियों का त्यौहार दीपोत्सव आज

## घर-घर होगी लक्ष्मी पूजा , बाजारों में चहुओर रौनक



**जबलपुर।** घर-घर में खुशियां बिखेरने वाला रोशनी का पर्व दीपावली आज मनाया जायेगा। भारतीय संस्कृति के सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार की शुरूआत यूं तो धनतेरस के साथ ही हो चुकी है। किन्तु इस 6 दिनी पर्व का सबसे अहम दिन आज है, जो दीपोत्सव के रूप में आनंद और उल्लास के साथ मनाया जाता है। आज जहां धन सुख ऐश्वर्य समृद्धता की देवी श्री लक्ष्मी का पूजन विधि विधान के साथ किया जायेगा। वहीं झोपड़े से लेकर महलों तक अनगिनत दीप रोशन किये जायेंगे, जिनके आगे अमावस्या की काली रात भी जगमगा उठेगी। इससे पहले कल नरक चौदस मनाई गई, लोगों ने अपने घर का कूड़ा कचरा हटाया और साफ सफाई की। दीपावली के अगले दिन परवां और उसके बाद गुरुवार 23 अक्टूबर को भाईदूज मनाया जायेगा।

### श्री राम राज्यारोहण का महोत्सव

कार्तिक अमावस्या पर मनाये जाने वाले दीपावली पर्व का इंतजार वर्ष भर से रहता है। कहते हैं कि इसी दिन अयोध्या की प्रजा ने 14 वर्ष वनवास से लौटे भगवान श्री राम के राज्यारोहण को महोत्सव के रूप में मनाया गया था। घर-घर शुद्ध घी के दीप जलाये गये थे और तभी से इस महापर्व पर दीपावली की सजावट का महत्व बढ़ गया है। वैसे दीपावली के आयोजन के पीछे और भी तथ्य हैं। कार्तिक के महीने में खेतों से कटा अनाज खलिहानों तक पहुंच जाता है। जिसे उपयोग से पूर्व यज्ञ द्वारा भगवान को समर्पित किया जाता है। वास्तव में फसलें समृद्धि में वृद्धि करती हैं और यही कारण भी समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन इस दिन किया जाता है। आज दीपावली पर्व पर घर-घर खुशियां मनाई जायेंगी। चाहे मिट्टी के दीपक हों आधुनिक युग की देन मोमबत्ती और विद्युत से रोशन होने वाले दीपक, घर-घर इसका उपयोग किया जायेगा। शाम को देवी लक्ष्मी का पूजन घरों और प्रतिष्ठानों में किया जायेगा। बच्चे-बड़े सभी नये कपड़े पहनकर एक-दूसरे के साथ अपनी खुशियां बांटेंगे। जमकर आकाश में घनघोर आतिशबाजी की गूंज उठेगी। दीपावली के अगले दिन अन्नकूट मनाया जायेगा। इस दिन व्यापारी वर्ग अपना नया पर्व मनाते हैं और व्यापार के पुराने खातों को नया बनाते हैं। ऐसा माना जाता है कि वर्षा के देवता इन्द्र देव की कृपा से ही घरों में धन-धान्य आता हैं और वर्षा के अंत पर लोग इंद्र का पूजन उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए करते हैं। प्रत्येक घरों में पकवान बनाये जाते हैं। लेकिन भगवान कृष्ण ने भोले-भाले ब्रजवासियों से कहा था कि इन्द्र के स्थान पर गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए। जिसके तराई के चारे से लाखों पशुओं का पालन होता है। इस पर नाराज इन्द्र देव ने शीघ्र वर्षा कर ब्रज को डुबो देना चाहा पर श्री कृष्ण जी ने गोवर्धन पर्वत को ही छतरी के रूप में ऊपर उठा लिया। लज्जित इंद्र ने श्री कृष्ण जी से क्षमा मांगी और तभी से इस दिन अन्नकूट मनाया जाने लगा। अन्नकूट के अगले दिन कार्तिक शुक्ल द्वितीय पर भाईदूज मनाया जाएगा। इस दिन बहनें अपने भाई का सत्कार करती हैं। ऐसा कहा जाता है कि यमराज ने अपनी बहन यमुना से कहा था कि आज के दिन जो बहन अपने भाई का सत्कार करेगी, वह चाहे जितना ही बुरा क्यों ने हो, उसे अपने पाप से मुक्त कर दूंगा। तभी से भैया दूज का उत्सव प्रचलित हुआ।

### लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, इस बार दीवाली का पर्व 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कार्तिक माह की अमावस्या तिथि की शुरुआत- 20 अक्टूबर को 03 बजकर 44 मिनट पर। कार्तिक माह की अमावस्या तिथि का समापन- 21 अक्टूबर को 05 बजकर 54 पर। लक्ष्मी पूजा मुहूर्त - शाम 7 बजकर 8 मिनट से रात 8 बजकर 18 मिनट तक। प्रदोष काल - शाम 5 बजकर 46 मिनट से रात 8 बजकर 18 मिनट तक। वृषभ काल - रात 7 बजकर 8 मिनट से रात 9 बजकर 3 मिनट तक। शुभ मुहूर्त में गणेश लक्ष्मी पूजन मंत्रों के जाप अनुष्ठान विशेष फलकारी होता है। मंत्र ॐ गणपतयै नमः, ॐश्री श्रियैं नमः, ॐ श्री विष्णवे नमः, ॐ श्री कुबेराय नमः।

*जबलपुर रेलवे स्टेशन पर शर्मनाक घटना*

# समोसे का पेमेंट हुआ फेल तो वेंडर ने चलती ट्रेन से पैसेंजर को उतारकर उसकी घड़ी छीनी

◆ *यह घटना प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर 17 अक्टूबर को शाम साढ़े पांच बजे हुई*



जबलपुर

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर स्टेशन पर समोसे के बदले में एक यात्री से उसकी घड़ी ले लेने वाले वेंडर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद रेलवे ने अब आरोपी वेंडर का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टेशन पर एक युवक समोसे खरीदने के लिए ऑनलाइन (यूपीआई) भुगतान का प्रयास करता है, जो विफल हो जाता है और इसी बीच ट्रेन भी चल पड़ती है। वीडियो में दिख रहा है कि युवक बगैर समोसे लिए जैसे ही ट्रेन की ओर जाने की कोशिश करता है, वेंडर उसका कॉलर पकड़ लेता है। मजबूरी में युवक हाथों से घड़ी उतार कर देने लगता है और वेंडर उसे रखकर कुछ समोसे उसे पकड़ा देता है। किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यह घटना जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर पांच पर 17 अक्टूबर को शाम साढ़े पांच बजे हुई। जबलपुर डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) एक्स पर किए गए इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वेंडर की पहचान कर ली गई है तथा आरपीएफ ने मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। साथ ही लाइसेंस को रद्द कर दिया गया है।

■ वीडियो वायरल होने के बाद वेंडर गिरफ्तार, लाइसेंस भी रद्द

### वेंडर ने यात्री से दुर्व्यवहार की बात स्वीकार की

वेंडर ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि ऑनलाइन भुगतान न होने पर उसने यात्री के साथ दुर्व्यवहार किया लेकिन बाद में उसकी घड़ी उसे लौटा दी। बयान में कहा गया कि वेंडर ने उस यात्री से दुर्व्यवहार की बात स्वीकार की है, जिसके बाद रेल सुरक्षा बल जबलपुर ने रेल अधिनियम की धारा 145 के तहत उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि जिस लाइसेंस के तहत वह काम करता था, उसे रद्द किया जा रहा है। विक्रेता की पहचान संदीप गुप्ता के रूप में हुई है।

## लेजर शो के इंद्रधनुषी रंगो ने माँ नर्मदा का किया श्रृंगार

# दीपावली की पूर्व संध्या पर 51 हजार दीपों से जगमग हुआ गौरीघाट

**जबलपुर।** प्रकाश का पर्व दीपावली के एक दिन पूर्व रविवार की शाम माँ नर्मदा का पवित्र तट गौरीघाट दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अगुवाई में माँ नर्मदा के भक्तगणों द्वारा यहाँ 51 हजार दीपकों से रोशनी की गई। दीपोत्सव में पर्यावरण को नुकसान न करने वाले पटाखों की आतिशबाजी और संपूर्ण आकाश को प्रकाश के इंद्रधनुषी रंगों से रोशन कर देने वाला लेजर शो कार्यक्रम के आकर्षण का मुख्य केंद्र था। विभिन्न धार्मिक गीतों की पृष्ठभूमि में संपन्न हुई आतिशबाजी इतनी भव्य थी कि गौरीघाट का सम्पूर्ण नर्मदा तट जय राम के नारों और असंख्य नागरिकों की तालियों से गूंज उठा।इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि पिछले चार वर्षों से आयोजित किया जा रहा यह दीपोत्स्व का कार्यक्रम अब हर वर्ष मनाया जायेगा। मंत्री सिंह ने अपने संबोधन में जबलपुर और प्रदेश वासियों को दीपोत्सँव की बधाई दी तथा माँ नर्मदा से प्रदेश की खुशहाली तथा नागरिकों के सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना की। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने दीपोत्सईव के कार्यक्रम में साधु-संतो का सम्माान कर आशीर्वाद भी प्राप्तो किया। कार्यक्रम को साधु-संतो ने भी अपने आशीर्वचनों से सुसिंचित किया और इस आयोजन के लिए मंत्री राकेश सिंह को बधाई दी।संत-महात्माओं के सान्निध्य में आयोजित दीपोत्सव के इस कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साथ राज्य सभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मीक, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील कुमार तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया, नगर निगम अधयक्ष रिकुंज विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राज कुमार पटेल, अखिलेश जैन, पूर्व मंत्री शरद जैन, पूर्व महापौर सदानन्द गोडबोले, पूर्व महापौर श्रीमती स्वामति गोडबोले, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्यारय भी मौजूद थे।दीपोत्सव कार्यक्रम में मौजूद साधू संतो में महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज, ज्ञानेश्वरी दीदी, स्वा मी नरसिंहदास , राघवदेवाचार्य महाराज, गिरीशनंद महाराजस्वाडमी पागलानंद, अशोकानंद , चैतन्यानंद शामिल रहे।दीपोत्सव का शुभारंभ संतों द्वारा शंखध्वनि की नाद के साथ हुआ। संस्कारधानी वासियों के सहयोग से सजा कर रखे गए 51 हजार दीपकों का प्रज्वलन किया गया। स्वास्तिक, ओम, पुष्प की आकृति एवं शुभ दीपावली की आकृति में गौरीघाट तट पर जगमगा रहे दीपक मां नर्मदा के प्राकृतिक अदभुत सौंदर्य में चार चांद लगा रहे थे।



# पुण्यतिथि पर पंडित विश्वनाथ दुबे का भावभीना स्मरण

**जबलपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व महापौर पंडित विश्वनाथ दुबे की पुण्यतिथि पर 19 अक्टूबर रविवार को नगर निगम नेहरू पार्क स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया. जिसमें शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं जबलपुर की विभिन्न साहित्यिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। पंडित विश्वनाथ दुबे के दामाद सुमित कालिया एवं उनके परिवारजन के साथ नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पूर्व प्रतिपक्ष नेता पार्षद कमलेश अग्रवाल, राममूर्ति मिश्रा, मनोज नामदेव, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, पूर्व सेवा दल अध्यक्ष झल्लेलाल जैन, सेवा दल अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी, पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष भगवान दास यादव, मथुरा पहलवान, विजय जैन चुन्ना, प्रदेश कांग्रेस महासचिव अभिषेक यादव, राकेश दुबे, जगदीश खरे, विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, शिवकुमार चौबे, उमेश पटेल, विष्णु विनोदिया, राकेश चक्रवर्ती, शैलेश राठौर, राकेश विश्वकर्मा रब्बल, श्याम सोलंकी, प्रदीप पटेल, श्रीमती बलविंदर मान श्रीमती अनुभा शर्मा, सहित बड़ी संख्या में स्नेहजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# तांत्रिक अनुष्ठान के लिए हो गया उल्लुओं का शिकार

## वन विभाग सोता रह गया

जबलपुर।



दीपावली आते ही उल्लुओं को तांत्रिक अनुष्ठान के लिए पकड़ने गिरोह सक्रिय हो जाता है। बताया गया है कि उल्लू रात में जागता है और दिन में निष्क्रिय हो जाता है। इसी कमजोरी का फायदा उठाकर आसपास के ग्रामीण इलाकों में पेड़ों में जाल लगाकर उल्लुओं का पकड़ने का क्रम पिछले एक पखवाड़े से चल रहा है और वन विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। ग्रामीण क्षेत्रों से मिल रही खबरों के मुताबिक उल्लू को पकड़ने के लिए बाकायदा एक गिरोह सक्रिय है। वही शहर में भी इस तरह के प्रयास चल रहे हैं। उल्लू का लक्ष्मी का वाहन माना जाता है, खासकर सफेद उल्लू को तांत्रिक अनुष्ठान के लिए विशेष रूप से उपयोगी माना गया है। दीवाली और अमावस की काली रात उल्लू के जरिए तांत्रिक अनुष्ठान किए जाते हैं। कोई धन दौलत के लिए, कोई ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए इस तरह के अनुष्ठान कराते हैं और तांत्रिक उनका भरपूर फायदा उठाते हैं।यहां उल्लेखनीय है कि वन विभाग द्वारा हर वर्ष दीपावली के आसपास शहर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में उल्लू पकड़ने की घटनाएं रोकने एक टीम का गठन किया जाता है लेकिन इस वार वन विभाग के अधिकारियों ने इस तरह की कोई टीम का गठन नहीं किया है। जिसका फायदा उल्लू के शिकारी उठा रहे है। चूहों का शिकार करने वाला उल्लू आमतौर पर खेत-खलिहान के आसपास पाया जाता है, शहर में उल्लू विजयनगर कृषि उपजमंडी, गल्ला मंडी में अक्सर देखे जाते हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बरेला, सिहोरा और कटंगी में पाये जाते हैं। दीवाली में तांत्रिक अनुष्ठान के मद्देनजर उल्लू के शिकार की घटनाओं में अचानक तेजी आई है। कल रात भी बरेला क्षेत्र में उल्लुओं का शिकार किए जाने की खबर मिली है।

पनागर ग्राम पंचायत महगवां टगर के ग्रामवासी क्षेत्रवासी एवं समस्त देशवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं।
आपके जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य एवं उजाला सदैव बना रहे!
रणजीत सिंह ठाकुर सरपंच
विनोद तिवारी सचिव
जितेंद्र पटेल (भैया जी) रोजगार सहायक सचिव
ग्राम पंचायत महगवां (टगरा) जनपद पंचायत पनागर

नीरज पांडे की ओर से समस्त पनागर जनपद पंचायत क्षेत्रवासियो को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
पिपरिया बरखेडा बरखेडी कटियाबडेरा पटरा के लोकप्रिय जनपद सदस्य
श्री नीरज पांडे
आपके जीवन में सुख, समृद्धि और उजाला सदैव बना रहे

ज्योति विपिन पटेल की ओर से समस्त पनागर जनपद पंचायत क्षेत्रवासियो को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
उमरिया महगवां टगर केवलारी भैंसदेही नारगवां मोहरी के लोकप्रिय जनपद सदस्य
ज्योति विपिन पटेल
आपके जीवन में सुख, समृद्धि और उजाला सदैव बना रहे

पनागर ग्राम पंचायत उमरिया पठरा के ग्रामवासी, क्षेत्रवासी एवं समस्त देशवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं।
आपके जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य एवं उजाला सदैव बना रहे!
अमृता नरेंद्र पटैल (पांडा भैया)

एकता तिवारी की ओर से समस्त जिलेवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
एकता मेकओवर और ट्रेनिंग सेंटर
"थ्रेडिंग फेशियल वैक्स क्लीनअप डी-टैन"
"फेस ब्लीच बॉडी ब्लीच मैनीक्योर पेडीक्योर"
"नेलआर्ट एवं ज्वेलरी सेक्शन"
"साइड लहंगा साइड ज्वेलरी ब्राइडल ज्वेलरी"
"सगाई हल्दी संगीत ब्राइडल पार्टी लुक मेकअप"
एकता तिवारी
उमरिया पटरा सरकारी स्कूल के पास

बड़गाईयां पेट्रोल पंप कुश्नेर पनागर की ओर से समस्त पेट्रोल पंपकर्मचारी एवं क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीपो का यह पर्व आपके जीव मे सुख समृद्धि व नईउर्जा लेकर आएं
बड़गाईयां पेट्रोल पंप
डायरेक्टर दीपक बड़गाईयां
मैनेजर आलोक पांडे

## सिर्फ 4.4 सेकेंड में पकड़ती है 0 से 100 किलोमीटर की रफ्तार

# अब जबलपुर की सड़कों पर दौड़ेगी करोड़ों की अल्ट्रा लग्जरी इलेक्ट्रिक ईवी कार मर्सिडीज-मेबैक

हरिभूमि जबलपुर।

ओशो की नगरी भेड़ाघाट एक बार फिर चर्चा में है। ओशो होम आश्रम के संस्थापक स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने मध्यप्रदेश की पहली मर्सिडीज़ मेबैक कार ख़रीदकर एक नया इतिहास रचा है। करोड़ों की कीमत वाली यह कार अब जबलपुर की सड़कों पर नजर आएगी। अनुयायियों का कहना है कि यह सिर्फ़ एक कार नहीं, बल्कि स्वामी जी की जीवन-यात्रा, समर्पण और उपलब्धियों का प्रतीक है। साधारण जीवन से शुरू होकर भेड़ाघाट को आध्यात्मिक मानचित्र पर स्थापित करने करने का कार्य उन्होंने किया है। लोग मानते हैं कि स्वामी प्रेम पारस न केवल अध्यात्मिक पथ के साधक हैं, बल्कि आधुनिकता और परंपरा के संगम का जीवंत उदाहरण भी हैं।



### 2025 में हुई लॉन्च

स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने बताया कि मर्सिडीज-मेबैक **EQS** 680 एक अल्ट्रा लग्जरी इलेक्ट्रिक **SUV** है, जिसे 2025 में भारत में लॉन्च किया गया। यह मेबैक ब्रांड की पहली ऑल-इलेक्ट्रिक कार है और इसमें लक्जरी, परफॉर्मेंस और टेक्नोलॉजी का शानदार संगम दिखता है। इसकी टॉप स्पीड 210 **km/h** है और यह 0 से 100 **km/h** की रफ्तार सिर्फ 4.4 सेकंड में पकड़ लेती है, यानी यह एक परफॉर्मेंस कार भी है, जो साइलेंट और स्मूद लक्जरी ड्राइव भी देती है।



हजारों की भीड़ ने किया तहसील कार्यालय पनागर का घेराव

**प्रजापति समाज की हुंकार**

# अवैध ईंट भट्ठों पर लगे रोक, नहीं तो सड़कों पर उतरेगा समाज!

**शासन को दी चेतावनी : "एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन होगा"**

**पनागर।** प्रजापति कुंभकार युवा संघ जबलपुर के नेतृत्व में हजारों की संख्या में प्रजापति–कुम्हार समाज के लोगों ने एकजुट होकर तहसील कार्यालय पनागर का घेराव किया। गगनभेदी नारों और "जय श्री राम" के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। समाज के प्रतिनिधियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए शासन को कठोर चेतावनी दी कि अगर अवैध ईंट भट्ठों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन उग्र रूप लेगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रजापति समाज को मिट्टी से बने उत्पादों - जैसे मूर्तियां, ईंटें, दीये, घड़े, एवं भट्ठे पर छूट दी गई है, ताकि समाज अपनी पारंपरिक आजीविका चला सके। लेकिन क्षेत्र में अन्य समाजों द्वारा अवैध ईंट भट्ठे चलाकर शासन की लाखों की रॉयल्टी चोरी की जा रही है। इसका सीधा असर प्रजापति समाज के पैतृक व्यवसाय पर पड़ रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अवैध खनन और रेत–मिट्टी के बेधड़क उत्खनन से न केवल पर्यावरण को क्षति हो रही है बल्कि प्रजापति समाज की रोजी–रोटी पर भी संकट मंडरा रहा है। संघ के संरक्षक हीरा लाल चक्रवर्ती, दुर्गा बाबू प्रजापति, राजू चक्रवर्ती, नरेश चक्रवर्ती, नारायण प्रजापति, पूर्व पार्षद एवं अध्यक्ष रमेश प्रजापति, महामंत्री राजकुमार (रज्जू भैया) चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष प्रमोद प्रजापति, एडवोकेट महेंद्र चक्रवर्ती (नगर पालिका उपाध्यक्ष पनागर), एडवोकेट अजय चक्रवर्ती, एडवोकेट अरविंद प्रजापति, एडवोकेट घनश्याम चक्रवर्ती, एडवोकेट पवित्र चक्रवर्ती, एडवोकेट सुजीत चक्रवर्ती सहित समाज के अनेक प्रतिनिधि मौजूद रहे। सिहोरा, मझग्वा, इंद्राणा, कटंगी, पनागर, जलगांव, लाल मिट्टी, बुधागर, किरहनी आदि क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने "प्रजापति समाज एकता जिंदाबाद" के नारे लगाते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम के अंत में संभागीय अध्यक्ष राजकुमार चक्रवर्ती रज्जू भैया ने चेतावनी दी।

## रेलवे में टिकट चैकिंग अभियान से एक ही दिन में 62 लाख रूपए जुर्माना वसूला

**जबलपुर।** दीपावली के त्यौहार पर रेल प्रशासन द्वारा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं, रेलगाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही पश्चिम मध्य रेल प्रशासन द्वारा बोनाफाइड पैसेंजर को यात्रा के दौरान असुविधा न हो इस पर भी भी ध्यान दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान ज्वलनशील सामान जैसे पटाखे इत्यादि के साथ यात्रा करने वालों एवं अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले अथवा अनुचित टिकट, बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक श्री मनीष तिवारी के निर्देशन में चलाए गए अभियान में बड़ी सफलता हासिल हुई है। वर्ष 2025-26 में किसी एक दिन में सर्वाधिक टिकट चेकिंग राजस्व 62 लाख 13 हजार रुपए अर्जित किया गया है जो अब तक एक दिन में अर्जित किया गया सर्वाधिक राजस्व है। इसमें मुख्यालय सहित तीनों मंडलों के वाणिज्य अधिकारियों एवं टिकट चेकिंग कर्मचारियों ने बहुमूल्य भूमिका निभाई है। इस अभियान के अंतर्गत भोपाल मंडल द्वारा सर्वाधिक 22 लाख 76 हजार रुपए अर्जित किए गए। इसी तरह कोटा मंडल द्वारा अब तक का सर्वाधिक **best ever** टिकट चेकिंग राजस्व 19 लाख 85 हज़ार रुपए अर्जित किया गया। इसके अलावा जबलपुर मंडल एवं मुख्यालय टिकट जांच कर्मचारियों ने भी इस अभियान में सराहनीय भूमिका निभाई। इस सफलता पर श्री राजेश शर्मा, मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक (यात्री विपणन) एवं श्रीमती रश्मि बघेल मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक /यात्री सेवा, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री देवेश सोनी ने मंडलों के अधिकारियों एवं टिकट चैकिंग कर्मचारियों को बधाई दी एवं टिकट चेकिंग अभियान को इसी तरह सफल बनाने एवं यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने एवं यात्रा के दौरान पटाखे एवं ज्वलनशील सामान न ले जाने की अपील की है।

## *विद्युत साज-सज्जा से जगमगाये घर आंगन और प्रतिष्ठान, लोगों में भारी उत्साह*

**सिहोरा।** रोशनी का पर्व दीपावली आज नगर में धूमधाम से मनाया जायगा। हिंदू कैलेंडर में कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को दिवाली मनाई जाती है। इस पर्व की शुरुआत तो धनतेरस से होती है और समापन भाई दूज के साथ होता है। हर दिन का अपना अलग महत्व और परंपरा है। धनतेरस के शुभ मुहुर्त में की गई खरीदी के चलते देर रात तक बाजार गुलजार रहे वहीं धन तेरस के बाद आज रविवार को रूप चौदस मनाई गई। घर-घर में श्रृद्धा पूर्वक श्रृद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की गई। अवसर पर भी नगर के झण्डा बाजार सहित प्रमुख बाजारों में सुबह से देर रात तक भीड़ रही। लोग मिठाई,पूजन सामग्री,मिट्टी के दीये,लक्ष्मी जी एवं गणेश जी की मूर्ति के साथ विभिन्न प्रकार की सामग्री खरीदने में व्यस्त रहे। इसके अलावा मझौली रोड में आर्मी पड़ाव में आतिशबाज़ी के बाजार में भी भारी चहल पहल रही।छोटे बच्चों में पटाखों की खरीददारी को लेकर होड़ लगी रही।

### सुख समृद्धि के लिए दिये की रोशनी से जगमगाया नगर

इस साल मुख्य दिवाली आज सोमवार 20 अक्टूबर 2025 को है। इस दिन शाम के समय मां लक्ष्मी,भगवान गणेश और भगवान कुबेर की पूजा होगी। उसके बाद मिट्टी के दीपक जलाकर लोग सुख समृद्धि की कामना करेगें। दीपावली के त्यौहार को लेकर पूरे शहर मे उत्साह का माहौल है लोगों ने अपने घर एवं प्रतिष्ठानो में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की है इसके साथ ही नगर रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा शहर के सभी प्रमुख बाजारों में सुबह से देर रात तक भीड़ रही।

### मिष्ठान की दुकानों में उमड़ी भीड़

दीपावली की खुशिया मिठाईयों के बिना अधूरी है शहर की प्रतिष्ठित दुकानों के साथ गली मोहल्लों में मिठाईयों की दुकानें सज गई है। लड्डू, रसगुल्ले, गुलाबजामुन, कलाकंद, सोनपापडी जैसी मिठाईयां खूब बिक रही है वहीं शुगर फ्री मिठाईयां भी बाजार में उपलब्ध हो रही है।

**पुराने बस स्टैंड में सिहोरा आंदोलन समिति का प्रदर्शन**

# खून के 101 दीए जलाकर पूछा : आखिर कब बनेगा सिहोरा जिला?




**सिहोरा।** वर्षों से लंबित सिहोरा जिला की मांग को लेकर रविवार को पुराने बस स्टैंड पर एक बार फिर उबाल फूटा। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के आह्वान पर सैकड़ों नागरिकों ने अपने शरीर से निकले खून से 101 प्रतीकात्मक दीए जलाकर सरकार से पूछा – "आखिर सिहोरा जिला कब बनेगा? आंदोलनकारियों ने कहा कि इन दीयों में केवल तेल और बाती नहीं बल्कि सिहोरा की पीड़ा और वर्षों की अनदेखी की आग जल रही है। यह प्रदर्शन सिर्फ विरोध नहीं बल्कि सिहोरा के प्रति त्याग,समर्पण और प्रेम का प्रतीक है।

समिति के सदस्यों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि खून के दीए जलाना सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही पर प्रश्नचिन्ह है। जो सरकार स्वयं को जनता की बताती है उसे यह समझना होगा कि आखिर सिहोरावासियों को इतना चरम कदम क्यों उठाना पड़ा।

उन्होंने बताया कि आगामी 26 अक्टूबर को समिति के सदस्य भूमि समाधि सत्याग्रह आंदोलन करेंगे। यदि इसके बाद भी सरकार सिहोरा जिला गठन की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाती तो लोकतांत्रिक आंदोलन अलोकतांत्रिक मार्ग पर जाने को बाध्य होगा।

इस अवसर पर के.के.कुररिया, अनिल जैन, आशीष तिवारी, संतोष पांडे, राजभान मिश्रा,रामजी शुक्ला, मनोज पटेल, जितेंद्र श्रीवास, संतोष वर्मा, संजय पाठक, नरेंद्र गर्ग, विकास दुबे, रमेश कुमार पाठक, राजेश कुररिया, विनय तिवारी, शिवशंकर गौतम, बिहारी पटेल, एम.एल.गौतम, अनिल प्रभात कुररिया, आलोक नौगरहिया, गुलशन सेठी, संदीप शुक्ला, बिट्टू कुररिया, राजू शुक्ला, घनश्याम बडगैंया, प्रदीप दुबे, राकेश पाठक, मानस तिवारी, अमित बक्शी, सुशील जैन, गौरी हर राजे,अनिल खंपरिया और राजऋषि गौतम सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

**एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर की मनमानी!**

जल निगम अधिकारी मौन क्यों?

# नर्मदा जल परियोजना में मजदूरों की जान से खिलवाड़

**पनागर।** नर्मदा जल परियोजना के नाम पर चल रही विकास की कहानी अब शोषण की सच्चाई बन चुकी है। पनागर विकासखंड से करीब दस किलोमीटर दूर महगवां टगर ग्राम पंचायत में एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा बनाई जा रही पानी की टंकी मजदूरों के दर्द की मिसाल बन गई है। जहाँ एक ओर सरकार "हर घर नल से जल" का सपना दिखा रही है, वहीं दूसरी ओर इसी योजना के तहत काम कर रहे मजदूर बिना सुरक्षा, बिना सम्मान, और बिना सुनवाई के जीवन जोखिम में डालने को मजबूर हैं।

### "सेफ्टी" के नाम पर ज़ीरो, संवेदना के नाम पर मौन!

मजदूरों ने बताया कि उन्हें न तो हेलमेट, ग्लव्स, सेफ्टी बेल्ट दिए गए हैं, न ही काम के दौरान कोई पर्यवेक्षक मौजूद रहता है। कंपनी प्रबंधन का रवैया "काम करो, चाहे जान जाए" जैसा है। एफकॉन्स कंपनी के स्थानीय मैनेजर मदन मोहन के बिगड़े बोल ने हालात और भड़का दिए हैं। मजदूरों का कहना है कि "मानो इंसानियत मिट चुकी हो, और ठेकेदारों के सामने हम सिर्फ मशीनें हैं।"



### जल निगम अधिकारी कुंभकरणी नींद में!

सबसे बड़ा सवाल है कि जल निगम विभाग जबलपुर आखिर क्यों चुप है? परियोजना उनकी निगरानी में चल रही है, लेकिन न कोई निरीक्षण, न कोई कार्रवाई। मजदूरों की व्यथा सुनने वाला कोई नहीं। ऐसा लगता है मानो अफसरों ने अपनी आंखों पर बेवफाई का पट्टा बाँध रखा है और जनता के पैसे से हो रहे निर्माण में अन्याय को भी विकास का नाम दे दिया गया हो।

### ग्रामीणों की चेतावनी

"अब नहीं तो कब?" ग्रामवासी और सामाजिक कार्यकर्ता अब प्रशासन से जवाब मांग रहे हैं। उनकी मांग है कि मजदूरों को तुरंत सुरक्षा उपकरण दिए जाएं, एफकॉन्स प्रबंधन की जांच कराई जाए और जल निगम के जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जाए।

निरंतर सीखने की संस्कृति को मिला प्रोत्साहन

# ऊर्जा विभाग के आई गॉट लर्निंग वीक में ट्रांसको के कार्मिकों ने दिखाया कमाल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के कार्मिकों ने सितंबर 2025 के आई गाट (आईजीओटी) लर्निंग वीक के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऊर्जा विभाग में कंपनी का नाम रोशन किया है। इस अवधि में आईजीओटी प्लेटफॉर्म पर सर्वाधिक कोर्स पूर्ण करने वाले शीर्ष दस कर्मचारियों की सूची में ट्रांसको के 3 कार्मिकों ने स्थान पाने मे उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सूची में एम पी ट्रांसको के सूरज सिंह गुर्जर ने 105 कोर्स पूरे कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नूतन शर्मा ने 68 कोर्स और हेमराज पाटीदार ने 64 कोर्स पूरे कर सूची में स्थान बनाया। इनके अतिरिक्त ऊर्जा विभाग के अन्य उपक्रमों से देवेन्द्र सिंह चौहान (156 कोर्स), अमित डेम्ब्रा (103 कोर्स), मोहम्मद इमरान (95 कोर्स), विनय व्यास (72 कोर्स), उमेश प्रताप सिंह (67 कोर्स), मदन कुमार खोट (65 कोर्स) और अमित कुमार पटेल (64 कोर्स) शामिल हैं।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष बघेल ने आंगनबाड़ी के बच्चों को बांटे पटाखे और मिठाई

**सिहोरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने दीपावली के पावन अवसर पर निकटवर्ती गांधीग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 के नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ रविवार को त्यौहार की खुशियां साझा कीं तथा उन्हें मिठाई के पैकेट और विभिन्न प्रकार के पटाखों में फुलझड़ी, अनार, चकरी, लड़ी और अन्य छोटे पटाखे दिए। यह पहल बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय हुई और उनमें उत्साह देखने को मिला बच्चों को सावधानीपूर्वक पटाखे जलाने की दी सलाह इस अवसर पर केन्द्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीता सिंह बघेल, शिल्पा कोर, मनीष कोरी, जोगेंद्र सिंह, कपिल राज, रेशमा भूमिया, भूरी बाई,पूजा चौरसिया, आरती असाटी सहित अनेक बच्चें एंव उनके अभिभावक उपस्थित थे।



# नरसिंह मंदिर खितौला में अन्नकूट पर भंडारे का आयोजन 21 को

**सिहोरा।** अन्नकूट का महत्व प्रकृति और अन्न के प्रति आभार व्यक्त करने में है जो गोवर्धन पूजा के साथ मनाया जाता है। इस पर्व पर कई प्रकार के पकवानों से भोग तैयार कर भगवान को अर्पित किया जाता है। अन्नकूट पर्व के कई वैज्ञानिक और पौराणिक महत्व भी जिसके अनुसार यह पर्व प्रकृति माता और अन्न के महत्व को रेखांकित करता है वहीं माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने इंद्र के क्रोध से गोकुल वासियों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था और उसी उपलक्ष्य में गोवर्धन और अन्नकूट की पूजा होती है। इस पर्व को मनाने से परिवार को अन्न की कमी का सामना नहीं करना पड़ता और देवी अन्नपूर्णा की कृपा बनी रहती है। मंदिर के महंत गोविंददास जी महाराज ने बताया कल 21 अक्टूबर मंगलवार को नरसिंह मंदिर खितौला में अन्नकूट पूजन अर्चन के साथ शाम 7,30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें सभी से पहुंचने की अपील मंदिर समिति ने की है।

## आदतन अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**जबलपुर।** जिला पुलिस बल ने असमाजिक तत्वों के खिलाफ पिछले 24 घंटों के दौरान प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की. इस दौरान आदतन अपराध करने वाले 9 आरोपियों और आपसी वादविवाद करने वाले 88 लोगों और अवैध शराब का कारोबार करने वाले 13 व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न अपराधिक धाराओं के तहत मामले दर्ज किये गये। पुलिस ने 9 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 ) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 88 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 ) के तहत, एवं 8 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 ) के तहत की गयी है, तथा 13 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 34 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 54 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 4 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 4 चाकू जप्त किये गये एवं 28 जुआडियों को जुआ खेलते हुये रंगे हाथों पकडा गया।

**श्रीमती विद्यावती राजपूत-** अहीर मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री चंद्रभान सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती विद्यावती राजपूत (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुशील कुमार विश्वकर्मा-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री सुशील कुमार विश्वकर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश श्रीवास्तव-** आईटीआई चुंगी नाका के पास निवासी श्री राकेश श्रीवास्तव (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम नारायण गौर-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री राम नारायण गौर (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती द्रोपदी-** जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री रामचंद्र की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपदी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शत्रुघन विश्वकर्मा-** स्टेट बैंक कॉलोनी सिंगल स्टोरी उखरी रोड निवासी श्री शत्रुघन विश्वकर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती कृष्णा बाई-** घाना खमरिया निवासी श्री हनुमंता की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा बाई (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गुलाब रानी नायक-** राजुल ड्रीम सिटी अमखेरा निवासी श्री नाथूराम नायक की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाब रानी नायक (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला खंडेलवाल-** ब्यौहारबाग निवासी श्री गोपाल खंडेलवाल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला खंडेलवाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कन्हैया लाल रामचंदानी-** कृष्णा हार्ईट्स बादशाह हलवाई मंदिर के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री कन्हैया लाल रामचंदानी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय पटेल-** करौंदी रांझी निवासी श्री नारायण पटेल के पुत्र श्री अजय पटेल (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नितिन-** टाईप टू सेक्टर टू व्हीकल निवासी श्री परमी लाल के पुत्र श्री नितिन (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# सूने घर से चार लाख के जेवर चोरी

**जबलपुर।** विजय नगर थानांतर्गत कचनार सिटी स्थित जैन मंदिर के समीप रहने वाले एक संभ्रांत परिवार के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चार लाख के सोने चांदी के जेवर पार कर दिए। विजयनगर पुलिस ने बताया कि कचनार सिटी निवासी राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी गत ६ अक्टूबर को अपनी पत्नी नमिता द्विवेदी के साथ मुंबई गया था। घर की चाबियां अपने भतीजे को दे गया था। पड़ोसी मनोज श्रीवास्तव ने राजेन्द्र द्विवेदी को फोन कर बताया कि घर के पीछे का दरवाजा खुला है। राजेन्द्र द्विवेदी ने अपने भतीजे अतुलित मिश्रा को भेजा तो उसने बताया कि घर के अंदर रखी अलमारियां खुली है। सामान भी अस्त व्यस्त पड़ा है। कोई अज्ञात चोर रात में मेन गेट का इंटरलॉक तोड़कर चोरी कर लिया है। राजेन्द्र ने दूसरे दिन घर आकर देखा कि घर का सामान बिखरा था वहीं सभी आलमारियां खुली थी। आलमारियों में रखी सोने की दो चेन, तीन चूड़ी, पांच अंगूठी, सोने के पांच सिक्के, चांदी 100 ग्राम तथा सीसीटीवी कैमरा तथा स्मार्ट वाच गायब थी। चोरी गए जेवर व सामान की कीमत चार लाख रुपये है।



# मोबाइल नहीं छीन पाये तो मार दिया चाकू

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानांतर्गत कल शाम सर्विस रोड पर घर जा रहे साइकिल सवार व्यक्ति को बाईक सवार तीन लुटेरों ने रोकने का प्रयास किया। इस दौरान एक युवक ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया वहीं दूसरे ने गालीगलौज कर उक्त व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया। साइकिल सवर के शोर मचाने पर पीछे आ रहे उसके साले के पास आने पर तीनों युवक बाईक में बैठकर भाग गये। अज्ञात लुटेरों पर मामला दर्ज कर तलाश जारी है। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि लम्हेटा घाट भेड़ाघाट निवासी दीपक पटेल पाटन रोड स्थित ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज में पेंट पुट्टी का काम करता है। उसके साथ उसके जीजा गनेश सिंह पटेल भी पेंट पुट्टी का काम करते हैं। कल शाम को छुट्टी होने पर गनेश पटेल आने पर पहुवा के लिए साइकिल से जा रहा था। शाम पवन टाबा के आगे जेडीए की निर्माणाधीन रोड के पास सर्विस रोड पर गनेश पटेल पहुंचा। गनेश के पीछे उसका शाला दीपक अपनी मोटरसाइकिल घर जा रहा था। दीपक ने देखा कि मोटरसाइकिल सवार तीन लड़के पहले से खड़े थे। जो जीजा गनेश पटेल को रोकने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान एक लड़के ने गनेश पटेल का मोबाइल छीनने का प्रयास किया वहीं दूसरे ने गालीगलौज कर चाकू से हमला कर दिया। तभी जीजा गनेश पटेल के शोर मचाने पर दीपक पटेल आ गया तो तीनों आरोपी मोटरसाइकिल में बैठकर अंधमूक बायपास की ओर भाग गये।

## खबर संक्षेप




### सिएट के शुद्ध लाभ में 54 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली कंपनी सिएट ने बताया कि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 54 प्रतिशत बढ़कर 186 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 121 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। सिएट लि. ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दूसरी तिमाही में परिचालन राजस्व बढ़कर 3,773 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 3,304 करोड़ रुपये था।


### रिलायंस रिटेल का मुनाफा 22 फीसदी बढ़ 3,457 करोड़

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर लिमिटेड (आरआरवीएल) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 21.9 प्रतिशत बढ़कर 3,457 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की सितंबर तिमाही में कंपनी का सकल राजस्व 18 प्रतिशत बढ़कर 90,018 करोड़ रुपये रहा। त्योहारी खरीदारी और स्टोर की परिचालन क्षमता बढ़ने के कारण यह वृद्धि हुई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल आय 76,302 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 2,836 करोड़ रुपये था।




### ईजमाईट्रिप करेगी चार कंपनियों का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग मंच ईजमाईट्रिप के निदेशक मंडल ने एकीकृत यात्रा पारिस्थितिकी तैयार करने के इरादे से चार कंपनियों के रणनीतिक अधिग्रहण की मंजूरी दे दी। ईजमाईट्रिप ने एक बयान में कहा कि इन चार कंपनियों में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। इनमें डूडल डॉडलिंग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लि., एसएसएल निर्वाणा ग्रैंड गोल्फ डेवलपर्स प्राइवेट लि., जावाफाइल हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लि. और लेवो ब्यूटी प्राइवेट लि. शामिल हैं।




### एनसो ग्रुप ने बोरिस बेकर को बनाया ब्रांड एम्बैसडर

**नई दिल्ली।** प्रमुख हीरा व्यापार कंपनी तथा ऊर्जा एवं खनन समूह एनसो ग्रुप ने रविवार को पूर्व टेनिस खिलाड़ी बोरिस बेकर को अपनी प्रौद्योगिकी इकाई एनसो वेबवर्क्स का ब्रांड एम्बैसडर नियुक्त करने की घोषणा की। एनसो ग्रुप ने बयान में कहा कि यह नियुक्ति डिजिटल मंचों और पेशेवर नेटवर्कों पर बेकर के ब्रांड को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक कदम है। कंपनी ने कहा, ''सबसे कम उम्र के विंबलडन चैंपियन के रूप में इतिहास में स्थान बनाने से लेकर एक उद्यमी और परोपकारी व्यक्ति के रूप में खुद को पुनः स्थापित करने तक, बेकर की यात्रा अनुशासन, साहस और दूरदर्शिता का प्रतीक है।



### इंडिगो 30 चौड़े आकार वाले ए350 विमान खरीदेगी

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने एयरबस के साथ 30 अतिरिक्त ए350-900 विमान खरीदने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही चौड़े आकार वाले विमानों के लिए उसके कुल ऑर्डर 60 हो गए। गौरतलब है कि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार कर रही है। उसके पास अब 40 और ए350 श्रेणी के विमानों के खरीद अधिकार हैं।



# एआई की वजह से एचडीएफसी बैंक कोई छंटनी नहीं करेगा : सीईओ

## बैंक के सीईओ जगदीशन ने कहा, बैंक में सितंबर तक 2.20 लाख कर्मचारी थे

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक को नहीं लगता कि कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से किसी कर्मचारी की छंटनी होगी। बैंक के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है। एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक शशिधर जगदीशन ने शनिवार को कहा कि बैंक में सितंबर तक 2.20 लाख कर्मचारी थे।

बैंक जनरेटिव एआई सहित प्रौद्योगिकियों में कुछ प्रयोग कर रहा है, जिसका लाभ अगले 18-24 महीनों में मिलेगा। उन्होंने कहा, ''सच कहूं तो, एआई के कारण कम से कम हमारे बैंक में किसी भी तरह की छंटनी नहीं होने वाली है। क्योंकि मैं इसे लोगों को 'बैकएंड' से 'फ्रंटएंड' या 'टेक्नोलॉजी एंड' पर ले जाने के एक बड़े अवसर के रूप में देखता हूं।''

### सामान्य छंटनी ही की जाएगी

जगदीशन ने नौकरियों पर एआई के प्रभाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने बताया, ''यह केवल हमारे कर्मचारियों की नियुक्ति के स्वरूप को बदलेगा। लेकिन, इससे कर्मचारियों की संख्या में कोई कमी नहीं आएगी, सिवाय सामान्य छंटनी के, जो हमारे यहां होती है।''




### 15 वर्षों में पहली बार कर्मचारी नहीं बढ़ाए गए

सीईओ ने यह टिप्पणी विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों पर एआई के प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच की है। बैंकिंग क्षेत्र में भी, एक प्रमुख दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र के दिग्गज ऋणदाता के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने हाल ही में टिप्पणी की थी कि उन्होंने व्यावसायिक वृद्धि के बावजूद 15 वर्षों में पहली बार कर्मचारियों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं की है।

### पिछले छह माह में पांच हजार कर्मियों को जोड़ा

जगदीशन ने अगले तीन साल में एआई के कारण कर्मचारियों की संख्या में 10 प्रतिशत की कमी की ओर इशारा किया था। पिछले छह महीनों में, एचडीएफसी बैंक ने लगभग 5,000 कर्मचारियों को जोड़ा है, जिससे सितंबर के अंत तक उसके कर्मचारियों की कुल संख्या 2.20 लाख से अधिक हो गई है।

## इस साल 20 अक्टूबर को संभवत: अपनी आखिरी काली पूजा मनाएगा

# कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज इस साल अपनी आखिरी दिवाली मनाएगा


*एक्सचेंज की स्वैच्छिक रूप से बंद करने की प्रक्रिया पूरी*

एजेंसी ⏭ कोलकाता

देश के सबसे पुराने स्टॉक एक्सचेंज में से एक, कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज (सीएसई) इस साल 20 अक्टूबर को संभवतः अपनी आखिरी 'काली पूजा' और 'दिवाली' मनाएगा। एक दशक चली लंबी कानूनी लड़ाई के बाद एक्सचेंज की स्वैच्छिक रूप से परिचालन बंद करने की प्रक्रिया लगभग पूरी होने वाली है।

■ एक दशक तक लंबी चली कानूनी लड़ाई

नियामकीय नियमों का पालन न करने के कारण अप्रैल, 2013 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सीएसई में कारोबार निलंबित कर दिया था। परिचालन को फिर शुरू करने और अदालतों में सेबी के निर्देशों का विरोध करने के वर्षों के प्रयासों के बाद, एक्सचेंज ने अब कारोबार से हटने और अपने स्टॉक एक्सचेंज लाइसेंस को स्वैच्छिक रूप से वापस देने का फैसला किया है।



### आमसभा में कारोबार से हटने अनुमोदन प्राप्त किया

*शेयर बाजार कारोबार से हटने के संबंध में 25 अप्रैल, 2025 की असाधारण आमसभा के माध्यम से शेयरधारकों से भी अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। इसके बाद सीएसई ने सेबी को कारोबार से हटने का आवेदन किया है। नियामक ने स्टॉक एक्सचेंज के मूल्यांकन के लिए एक मूल्यांकक एजेंसी नियुक्त की है, जिसका काम अभी चल रहा है।''*

### सीएसई होल्डिंग कंपनी के रूप में काम करेगा

सीएसई के चेयरमैन दीपांकर बोस ने कहा कि सेबी द्वारा स्टॉक एक्सचेंज कारोबार के लिए बाहर निकलने की मंजूरी मिलने के बाद सीएसई एक होल्डिंग कंपनी के रूप में कार्य करेगा, जबकि इसकी 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी, सीएसई कैपिटल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीसीएमपीएल), एनएसई और बीएसई के सदस्य के रूप में ब्रोकिंग जारी रखेगी।

### पारेख घोटाले के बाद भुगतान संकट पैदा हो गया था

नियामक ने ईएम बाईपास पर सीएसई की तीन एकड़ की संपत्ति को सृजन समूह को 253 करोड़ रुपये में बेचने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। 1908 में स्थापित, 117 साल पुराना यह संस्थान कभी व्यापारिक मात्रा के मामले में बीएसई को टक्कर देता था और कोलकाता की वित्तीय विरासत का प्रतीक था। 120 करोड़ रुपये के केतन पारेख से जुड़े घोटाले के बाद कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज में भुगतान संकट पैदा हो गया, क्योंकि कई ब्रोकर निपटान दायित्वों को पूरा करने में चूक गए।

### निवेशकों के विश्वास को तोड़ा

इस घटना ने निवेशकों और नियामकों के विश्वास को तोड़ दिया, जिसके परिणामस्वरूप व्यापारिक गतिविधियों में लंबे समय तक गिरावट आई। सीएसई एक स्वतंत्र शेयर बाजार के रूप में अपने अंतिम उत्सव की तैयारी कर रहा है, और अब कुछ सदस्यों के बीच एक पुरानी यादों का माहौल है।

### प्रस्ताव सेबी को पेश किया गया

दिसंबर, 2024 में, सीएसई के निदेशक मंडल ने कलकत्ता उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में अपने लंबित मामलों को वापस लेने और स्वैच्छिक निकासी के लिए आवेदन करने का संकल्प लिया। यह प्रस्ताव औपचारिक रूप से 18 फरवरी को सेबी को पेश किया गया था और इस वर्ष 25 अप्रैल को शेयरधारकों की मंजूरी प्राप्त हुई।

### कर्मचारियों के लिए वीआरएस शुरू की

सेबी ने राजवंशी एंड एसोसिएट को मूल्यांकन का कार्य सौंपा है - जो अनुमोदन से पहले का अंतिम चरण है। तैयारी के तौर पर, एक्सचेंज ने सभी कर्मचारियों के लिए एक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) शुरू की है, जिसमें 20.95 करोड़ रुपये का एकमुश्त भुगतान शामिल है, जिससे लगभग 10 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत होगी।

# त्योहारों के बाद भौतिक मांग कम होने से सोने में गिरावट संभव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अगले सप्ताह सोने की कीमतों में कुछ हद तक स्वस्थ गिरावट देखने को मिल सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हालिया रिकॉर्ड तेजी अब भी जारी है, लेकिन त्योहारों के बाद भौतिक मांग कम हो गई है। विश्लेषकों ने यह राय जाहिर की।

■ विश्लेषकों का मानना कीमतों में कुछ गिरावट देखने मिलेगी

वैश्विक और घरेलू बाजारों में नई ऊंचाइयों को छूने के बाद सर्राफा एक सीमित दायरे में कारोबार कर सकता है, क्योंकि निवेशकों की नजर अमेरिकी वित्त पोषण विधेयक, प्रमुख वैश्विक आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर है।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ''सोने की कीमतों में कुछ स्वस्थ गिरावट देखने को मिल सकता है, क्योंकि मौजूदा बुनियादी बातों का पहले ही मूल्यांकन हो चुका है और सप्ताह के मध्य के बाद भौतिक मांग कम हो जाएगी।'' उन्होंने आगे कहा कि कारोबारी प्रमुख वैश्विक संकेतकों पर नजर रखेंगे, जिनमें चीन के आंकड़े, ब्रिटेन की मुद्रास्फीति, विभिन्न क्षेत्रों के पीएमआई आंकड़े, अमेरिकी उपभोक्ता विश्वास के आंकड़े और फेडरल रिजर्व की टिप्पणी शामिल हैं। मेर ने आगे कहा कि भारत में त्योहारी मांग और ईटीएफ की मजबूत खरीदारी के कारण पिछले सप्ताह सोना सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ।



### अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण सोने में तेजी

पिछले सप्ताह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का वायदा भाव 5,644 रुपये या 4.65 प्रतिशत बढ़ा। एंजल वन के प्रथमेश माल्या ने कहा कि सोने की कीमतों में तेजी रुकने का नाम नहीं ले रही है। नीतिगत अनिश्चितता, अमेरिकी शुल्क और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण 2025 तक इसमें तेजी बनी रहेगी।

### सोने में ऊपरी स्तर से गिरावट दर्ज

एमसीएक्स पर, दिसंबर डिलिवरी वाले सोने का वायदा भाव शुक्रवार को 1,32,294 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, इसमें ऊपरी स्तर से गिरावट हुई और यह 1,27,008 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

# दिसंबर तक चांदी की कीमत 55 डॉलर प्रति औंस तक रहेगी स्थिर

## निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों की और रुख कर रहें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लि. (एचजेडएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण मिश्रा ने कहा है कि इस वर्ष दिसंबर तक चांदी की कीमत लगभग 55 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस के स्तर पर स्थिर रह सकती है।

■ देश में हिंदुस्तान जिंक चांदी की सबसे बड़ी उत्पादक : सीईओ

मिश्रा ने कहा कि वैश्विक व्यापार में अस्थिरता और अन्य निवेश विकल्पों में भरोसे की कमी के कारण निवेशक सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। यह कंपनी विश्व स्तर पर चांदी की शीर्ष पांच प्राथमिक उत्पादकों में से एक है तथा देश में चांदी की सबसे बड़ी उत्पादक है। मिश्रा ने बताया,"...मैंने जनवरी तक चांदी की कीमत 46 डॉलर प्रति औंस रहने का अनुमान लगाया था, लेकिन वह स्तर पार हो चुका है और अब अनुमान है कि दिसंबर तक इसकी कीमत 50 से 55 डॉलर प्रति औंस के बीच रह सकती है और इस स्तर पर यह काफी समय तक स्थिर बनी रह सकती है।''



### कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी

*अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी बृहस्पतिवार को 54.49 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, लेकिन शुक्रवार को यह 4.36 प्रतिशत गिरकर 51.90 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई। मिश्रा ने बताया कि वैश्विक व्यापार में उथल-पुथल और निवेश के अन्य साधनों में स्थिरता की कमी के कारण लोग निवेश के लिए बहुमूल्य धातुओं के साथ-साथ मूल धातुओं की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं।*

# अमेरिका को भारत का निर्यात घटा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

भारत का अमेरिका को निर्यात कम हुआ है, जबकि गैर-अमेरिकी गंतव्यों को निर्यात मजबूत बना हुआ है और पिछले वृद्धि के आंकड़ों को पार कर गया है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अक्टूबर की अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त, 2025 में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के बाद सितंबर में अमेरिका को व्यापारिक निर्यात 11.9 प्रतिशत घटकर 5.5 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। एजेंसी ने कहा कि शुल्क वृद्धि से पहले खेप लोड नहीं होती तो यह गिरावट और भी तेज होती। इसके उलट गैर-अमेरिकी बाजारों में निर्यात सितंबर में 10.9 प्रतिशत बढ़ा, जो अगस्त, 2025 में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि से तेज है। अमेरिका को होने वाले निर्यात में गिरावट डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा 27 अगस्त से प्रभावी भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले के बाद आई है। क्रिसिल ने आगाह किया है कि भारत के व्यापारिक निर्यात को अमेरिकी शुल्क वृद्धि और वैश्विक वृद्धि में व्यापक सुस्ती के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ गैर-अमेरिकी बाजारों ने मजबूती दिखाई : रिपोर्ट



*वैश्विक रुझान, विदेशी निवेशकों के रुख भी निभाएगा बड़ी भूमिका*

# तिमाही नतीजों से तय होगी इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में निवेशक छुट्टियों वाले इस सप्ताह के दौरान वैश्विक रुझानों, विदेशी निवेशकों के रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है। शेयर बाजार बीएसई और एनएसई मंगलवार, 21 अक्टूबर को एक विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र का आयोजन करेंगे। यह प्रतीकात्मक कारोबार सत्र दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक चलेगा। इस दिन सामान्य कारोबार नहीं होगा। इसके बाद दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''छोटा कारोबारी सप्ताह घटनाओं से भरा रहेगा और निवेशकों के लिए कई प्रमुख कारक सामने आएंगे। बाजार सहभागी सबसे पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे।

■ शेयर बाजार में यह सप्ताह छुट्टियों वाला होगा



### अमेरिकी शुल्क व कच्चे तेल की कीमतों पर होगी नजर

मिश्रा ने कहा कि चीन पर प्रस्तावित अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रम, साथ ही कच्चे तेल की कीमतों और मुद्रा में उतार-चढ़ाव पर भी निवेशकों की नजर होगी। पिछले तीन महीनों से शुद्ध आधार पर बिकवाली करने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) अक्टूबर में अब तक 6,480 करोड़ रुपये के निवेश के साथ लिवाल बन गए हैं।

# पूंजीकरण में रिलायंस व एयरटेल सबसे आगे

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,16,544.29 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल को सबसे अधिक लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,451.37 अंक या 1.75 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ में रहीं। वहीं जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।




# भारत की ऑनलाइन दिवाली बिक्री में गैर-महानगर का योगदान बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इस साल ऑनलाइन दिवाली खरीदारी में गैर-महानगर शहरों का योगदान सबसे ज्यादा रहा, जो कुल ई-कॉमर्स बिक्री मात्रा का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा रहा। इसमें भी तीसरी श्रेणी के शहरों का योगदान 50 प्रतिशत से अधिक रहा।

लॉजिस्टिक मंच 'क्लिकपोस्ट' ने 4.25 करोड़ से अधिक ऑर्डर के उद्योग आंकड़ों का विश्लेषण करके यह जानकारी दी। इसके मुताबिक ये क्षेत्र अब त्योहारी ई-कॉमर्स को बढ़ाने वाले सबसे तेज और सबसे बड़े संचालक बन गए हैं। ऐसे में ऑर्डर की मात्रा और वृद्धि के लिहाज से गैर-महानगरों की भूमिका और मजबूत हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया, ''गैर-महानगर भारत का आकार हौरान करने वाला है। वर्ष 2025 में सभी ऑर्डर में 50.7 प्रतिशत अकेले तीसरी श्रेणी के शहरों से आए। दूसरी श्रेणी (24.8 प्रतिशत) और तीसरी श्रेणी के शहर भारत के कुल ऑर्डर (मात्रा के लिहाज से) का लगभग तीन-चौथाई (74.7 प्रतिशत) प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे ई-कॉमर्स की वृद्धि में इनकी भूमिका की पुष्टि होती है।''

## समुदाय ने 186 लक्जरी कार खरीदीं, छूट के रूप में 21 करोड़ रुपए बचाए

# गुजरात में जैन समुदाय का 'अपनी तरह का अनूठा सौदा'

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

गुजरात में जैन समुदाय ने 21 करोड़ रुपये की छूट प्राप्त कर 186 महंगी (लक्जरी) कारें घर लाकर अपनी जबर्दस्त खरीद क्षमता दिखाई है। जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन (जेआईटीओ) के उपाध्यक्ष हिमांशु शाह ने बताया कि बीएमडब्ल्यू, ऑडी और मर्सिडीज जैसे लक्जरी वाहन ब्रांड के साथ यह 'अपनी तरह का अनूठा सौदा' जेआईटीओ द्वारा किया गया।

शाह ने बताया कि जेआईटीओ एक गैर-लाभकारी सामुदायिक संस्था है जिसके पूरे भारत में 65,000 सदस्य हैं। शाह ने कहा, ये 186 लक्जरी कारें, जिनमें से प्रत्येक की कीमत 60 लाख रुपये से 1.3 करोड़ रुपये के बीच है, इस साल जनवरी से जून के बीच पूरे भारत में उनके मालिकों को सौंप दी गईं।



### संगठन केवल सुविधा प्रदाता रहा

जेआईटीओ के राष्ट्रव्यापी अभियान से हमारे सदस्यों को छूट के रूप में 21 करोड़ रुपये की बचत हुई।'' उन्होंने कहा कि संगठन केवल एक सुविधा प्रदाता के रूप में था और उसे इस सौदे से कोई लाभ नहीं हुआ। शाह ने कहा कि अधिकांश कारें गुजरात के जैन समुदाय के लोगों ने खरीदीं।

### क्रय शक्ति का लाभ उठाया

इस पहल के सूत्रधार नितिन जैन ने बताया कि यह सब तब शुरू हुआ जब कुछ जेआईटीओ सदस्यों ने समुदाय की मजबूत क्रय शक्ति का लाभ उठाकर कार विनिर्माताओं से भारी छूट हासिल करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, चूंकि क्रय शक्ति जैन समुदाय की प्रमुख खूबियों में से एक है, इसलिए हमने अपने सदस्यों की खरीदारी पर ज्यादा छूट सुनिश्चित करने के लिए ब्रांड से सीधे संपर्क करने का विचार बनाया।

### कार निर्माताओं की विपणन लागत कम हुई

कार विनिर्माताओं ने भी इसे फायदेमंद समझा और हमें छूट की पेशकश की क्योंकि इस सौदे से उनकी विपणन लागत कम हो गई। उन्होंने बताया कि भारी छूट की बात फैलने से पहले ही समुदाय के कुछ सदस्यों ने शुरुआत में कारें खरीद लीं।

### औसतन आठ से 17 लाख रुपए प्रत्येक ने बचाए

जैन ने मजाकिया अंदाज में कहा, "जल्द ही, अन्य जेआईटीओ सदस्यों ने भी कारें खरीदना शुरू कर दिया। कुल मिलाकर, 186 कारें खरीदी गईं और 21 करोड़ रुपये की बचत हुई। औसतन, प्रत्येक सदस्य ने आठ लाख रुपये से 17 लाख रुपये के बीच बचाए, जो परिवार के किसी सदस्य के लिए एक और कार खरीदने के लिए पर्याप्त हैं।"

### उत्सव नाम से नई पहल शुरू

जैन ने आगे बताया कि अपने सफल लक्जरी कार सौदे से उत्साहित जेआईटीओ ने अब 'उत्सव' नाम से एक नई पहल शुरू की है, जिसमें आभूषण, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रमुख ब्रांड के साथ इसी तरह की व्यवस्था की गई है।

SHRI RAM GROUP, JABALPUR | 24 years
Affiliated to RGPV, Approved by AICTE, New Delhi
Near ITI, Madhotal, Jabalpur (M.P.)
**Admission Notice**
**Under Institutional Preference Seats**
1. Shri Ram Institute of Technology (B.Pharma)
2. Shri Ram Institute of Pharmacy (SRIP)
3. Shri Ram Institute of Technology (D.Pharma)
on 22 & 30 Oct. 2025 Time - 10:00 A.M.
(1) Admission under this quota will be done strictly as per guideline defined by DTE MP. (2) As determined by the Fee Committee and DTE MP. (3) Interested candidate may contact with all the original document.
VENUE - SHRI RAM GROUP, JABALPUR
For Further Enquiry
9755042292, 9755042293

## चिंतन

# कलयुग में भी प्रासंगिक है भगवान श्रीराम के आदर्श

भारतीय संस्कृति में दिवाली केवल दीपों और उत्सव का पर्व नहीं बल्कि सृष्टि के उस सनातन भाव का प्रतीक है, जिसमें प्रकाश अंधकार पर, श्रद्धा मोह पर और सृजन विनाश पर विजय प्राप्त करती है। इस दिन जब संपूर्ण भारत दीपों से जगमगा उठता है, तब हर घर, हर हृदय में भगवान राम के स्वागत की मंगल भावना जाग उठती है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान राम 14 साल का वनवास पूरा करके आयोध्या लौटे थे। वो राम जिनके चरित्र की मिसाल आज भी दी जाती है और उन्हें उनके गुणों के कारण पूजनीय माना जाता है। श्रीराम ने हर परिस्थिति में सत्य और धर्म का पालन किया। उन्होंने अपने जीवन से संदेश दिया कि अगर इंसान चाहे तो वो अपने सद्कर्मों से मर्यादा पुरुषोत्तम हो सकता है। बस इसके लिए श्रीराम के आदर्शों का पालन करना अनिवार्य है। भगवान राम ने व्यक्तिगत सुख से ऊपर कर्तव्य को रखा। वनवास, सीता-हरण और युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य और विवेक बनाए रखा। जो दर्शाता है कि इंसान धैर्य, विवेक और कर्तव्य का तालमेल बनाकर चले तो किसी भी परेशानी पर विजय हासिल कर सकता है। श्रीराम में अन्दर इतने गुण थे कि एक मानव के रूप में जन्म लेने के बावजूद अपनी प्रजा के लिए वो भगवान बने रहे और आज भी अपने चरित्र के कारण पूजे जाते हैं। उनके जो आदर्श थे, वो आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। त्रेता युग में इंसानों की फितरत और सोच स्पष्ट थी, लेकिन अब कलियुग है। इस युग में इंसान भटका हुआ है और आधुनिकता की चकाचौंध के कारण प्राचीन विचार लोगों को तर्कहीन और मूल्यहीन लगते हैं। आधुनिक पीढ़ी की सोच गलत भी नहीं है लेकिन सामान हो या सोच, हर चीज का रूपांतरण संभव है। विचार और मूल्य कभी पुराने नहीं होते बल्कि अगर उनका आधार मजबूत हो, तो समय के साथ वो खुद को एक नए स्वरूप में ढाल लेते हैं। बस उन्हें अपनाने की सुलभता हममें होनी चाहिए। भले ही आधुनिक पीढ़ी भगवान राम के मूल्यों को प्राचीन सोचकर अपनाने से हिचके, लेकिन भगवा-राम के आदर्श इतने मूल्यवान हैं कि वो आज भी प्रासंगिक हैं। उनके जीवन से कई शिक्षाएँ मिलती हैं, जो आधुनिक चुनौतियों में भी मार्गदर्शन करती हैं। आज की दौड़-भाग में सत्य और नैतिकता से समझौता करना आसान है। आज का युवा अनेक प्रलोभनों और चुनौतियों से घिरा है, इसलिए श्रीराम की सत्य और धर्मनिष्ठा युवाओं के लिए यह ईमानदारी और नैतिकता का प्रतीक है। राम का जीवन यह बताता है कि परिवार और समाज के प्रति कर्तव्य निभाना ही सच्चा धर्म है। उनकी कर्तव्यपरायणता युवाओं को कर्तव्य और जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देती है। आज की पीढ़ी जहां व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्म-संतुष्टि की ओर झुकी हुई है, वहीं श्रीराम का आदर्श हमें संतुलन सिखाता है। जो समझाता है कि स्वतंत्र रहो, पर अपने मूल्यों और परिवार से जुड़े रहो। श्रीराम की वाणी में संयम और आचरण में शुद्धता, सीमाओं और अनुशासन का महत्व सिखाते हैं। तनाव और असुरक्षा के दौर में श्रीराम का संकट में धैर्य रखना, युवाओं को मानसिक दृढ़ता और संकट-प्रबंधन की शिक्षा देता है। आज का युवा असफलता या आलोचना से निराश हो जाता है। ऐसे में भगवान श्रीराम का जीवन प्रेरित करता है कि संकट जीवन का अंत नहीं, बल्कि आत्मबल की परीक्षा है। हम अगर धैर्य से इस परीक्षा का सामना करें तो सफलता पाना तय है। बस जरूरी इस बात कि है कि हम अपनी युवा पीढ़ी को श्रीराम के आदर्शों का न केवल ज्ञान दें बल्कि उन्हें अपनाने का भी प्रेरित करें।



कृषि योजना
प्रमोद भार्गव

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता के उपाय

> दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं। दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। पीएम मोदी ने इस नाते 100 पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नानाजी देशमुख ने जयप्रकाश नारायण की जयंती पर दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देश दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। इन योजनाओं के लिए 35,440 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आरंभ की जा रही हैं।

दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्ष 2030-31 तक उत्पादन को 252 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। इस हेतु 35 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि दलहन उत्पादन के दायरे में लाई जाएगी। विडंबना देखिए, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादन और उपभोक्ता देश है, लेकिन दालों की आपूर्ति आयात पर निर्भर हैं। हालांकि नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल में कृषि निर्यात दोगुना हो गया है लेकिन दालें आयात करनी पड़ती हैं।

आहार में पौष्टिक तत्वों का कारक मानी जाने वाली दालें, बढ़ते दामों के कारण गरीब की शारीरिक जरूरत पूरी नहीं कर रही हैं। ये हालात मानसून के दौरान औसत से कम या ज्यादा बारिश होने से तो उत्पन्न होते ही हैं, किसान के नकदी फसलों की ओर रुख करने के कारण भी हुए हैं। यही नहीं, यह स्थिति इसलिए भी बनी, क्योंकि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान को खाद्य वस्तुओं की बजाय, ईंधन, प्लास्टिक और फूलों की फसल उगाने के लिए, कृषि विभाग ने जागरूकता के अभियान चलाए। यही वजह रही कि भूमंडलीकरण के दौर में दालों की पैदावार लगातार कम होती चली गई। दाल उत्पादन का रकबा लगभग 15 हजार हेक्टेयर कम हो गया। भारत में दालों की सालाना खपत 220 से 230 लाख टन है। मांग और आपूर्ति के इस बड़े अंतर के चलते जमाखोरों और दाल के आयातक व्यापरियों को भी वारे-न्यारे करने का मौका मिल जाता है। पौष्टिक आहार देश के हरेक नागरिक के स्वस्थ जीवन से जुड़ा अहम प्रश्न है। संविधान के मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार शामिल है। चूंकि दालें प्रोटीन और पौष्टिकता का महत्वपूर्ण जरिया हैं। चूंकि दालें आयात करनी होती हैं, इसलिए इनके भाव भी बीच-बीच में बढ़ जाते हैं। इस कारण मध्यवर्गीय व्यक्ति की थाली से दाल गायब होने लगती है। चुनांचे दाल व्यक्ति की सेहत से जुड़ी हैं और बीमारी की हालत में तो रोगी को केवल दाल-रोटी खाने की ही सलाह चिकित्सक देते हैं। वर्ष 1951 में प्रतिव्यक्ति दालों की उपलब्धता 60 ग्राम थी,जो वर्ष 2010 में घटकर 34 ग्राम रह गई। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार यह मात्रा 80 ग्राम होनी चाहिए। दालें भारत में प्रोटीन का प्रमुख स्त्रोत मानी जाती हैं। लेकिन स्थानीय मांग पूरी करने के लिए दाल उत्पादन में किसान को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। तुअर दाल की फसल आठ माह में तैयार होती है। बावजूद किसान को उचित दाम नहीं मिलते हैं। गोया, किसान साल में एक फसल उगाने में रुचि कैसे लें? विदेशों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। देश में सबसे अधिक चने और



अरहर की खेती होती है। इनके अलावा मूंग और उड़द की दालें पैदा होती हैं। देष में 10 राज्यों के किसान दालों की खेती करते हैं। इनमें सबसे अधिक उत्पादक राज्य महाराष्ट्र है। दालें मुख्य रूप से खरीफ की फसल हैं,जो वर्षा ऋतु में बोई जाती हैं। इस ऋतु में करीब 70 प्रतिशत दालों का उत्पादन होता है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दालों के तात्कालिक भाव 85.42 प्रति किलो से लेकर 112.88 रुपये किलो तक हैं। भावों में इस उछाल का कारण जमाखोरी और सट्टेबाजी के साथ आयात का कुचक्र है। टाटा, मंहिद्रा, ईजी-डे और रिलांइस जैसी बड़ी कंपनियां जब से दाल के व्यापार से जुड़ी हैं, तब से ये जब चाहे तब मुनाफे के लिए दाल से खिलवाड़ करने लग जाती हैं। जब कंपनियां बड़ी तादाद में दालों का भंडारण कर लेती हैं,तो भावों में कृत्रिम उछाल आ जाता है। हालांकि केंद्र सरकार ने दालों का भंडारण सितंबर 2024 से सीमित किया हुआ है। इस कारण भाव नियंत्रण में हैं। मीडिया दाल के बढ़ते भावों को गरीब की थाली से जोड़कर उछालता है। तब सरकार दाल के आयात के लिए विवश हो जाती है। मसलन देशी-विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हर हाल में पौ-बारह बने रहते हैं। इन कंपनियों का दबदबा इतना है कि कोई भी राज्य सरकार इनके गोदामों पर छापे डालने का जोखिम उठाने का साहस नहीं जुटा पाती। लिहाजा कालाबाजारी बदस्तूर रहती है। ये कंपनियां मसूर और मटर की दाल कनाडा से, उड़द और अरहर की दाल बर्मा के रंगून से, राजमा चीन से और काबुली चना आस्ट्रेलिया से आयात करती हैं। इनके अलावा अमेरिका, रूस, केन्या, तंजानिया, मोजांबिक, मलावा और तुर्की से भी दालें आायात की जाती हैं। कनाडा ने मसूर दाल के भाव पिछले साल की तुलना में दोगुने कर दिए हैं। कनाडा एशियाई देशों में सबसे ज्यादा दालों का निर्यात करने वाला देश है। इस नाते यह कहने में कोई दो राय नहीं कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बात तो छोड़िए, देशी कंपनियां भी भारतीय कृषि को बदहाल बनाए रखना चाहती हैं। आयात की जब इन्हें खुली छूट मिल जाती है तो ये जरूरत से ज्यादा दाल व तेल का आयात करके भारत को डंपिंग ग्राउंड बना देती हैं। तय है, कालांतर में भारत की तरह दूसरे देशों में यदि मौसम रूठ जाता है तो दाल और प्याज की तरह खाद्य-तेल के भाव भी आसमान छूने लग जाते हैं। सस्ते तेल का आयात जारी रहने की वजह से ही भारत में तिलहन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। बावजूद हमारे नेता ऐसी नीतियों को बढ़ावा देने की कोशिशों में लगे रहे हैं कि दलहन और तिलहत के क्षेत्र में भारत पूरी तरह परावलंबी बना रहे। इस परिप्रेक्ष्य में मनमोहन सरकार के कृषि मंत्री बलराम जाखड़ ने सलाह दी थी कि भारत अफ्रीका में दालें उगाए और फिर आयात करे। इसी तरह संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहे शरद पवार म्यांमार और उरुग्वे में दालें पैदा करके आयात करना चाहते थे। ये सुझाव समझ से परे हैं। फसल के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में आधुनिक गोदाम और कोल्ड स्टोरेज का नेटवर्क बनाना होगा। यह इस योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दाल से बेसन, पापड़, नमकीन और अन्य उत्पाद बनाने के लिए स्थानीय प्रसंस्करण को बढ़ावा देने से किसानों की आय में और वृद्धि होगी। आखिर ऐसे क्या रहस्य हैं कि हमारे नीति-नियंता विदेशी धरती पर तो दाल उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, किंतु देश के किसानों को लाभकारी मूल्य देना नहीं चाहते? ऐसी मंशाएं देश की खाद्य सुरक्षा को जान-बूझकर संकट में डालने जैसी लगती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नाते 100 पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवाली पर्व
श्वेता गोयल




# दीयों सी दमके घर की लक्ष्मी की आभा

हर पर्व का अपना रंग, अपनी छटा और अपनी ऊर्जा होती है परंतु जब बात दिवाली की आती है तो यह केवल एक धार्मिक या पारंपरिक पर्व नहीं रह जाता बल्कि सौंदर्य, उमंग और आत्मिक आलोक का उत्सव बन जाता है। यह वह क्षण होता है, जब बाहर जगमगाते दीपक और भीतर जगमगाती नारी, दोनों मिलकर ऐसा दृश्य रचते हैं कि संसार का हर कोना प्रकाश से भर उठता है। दिवाली की रात जितनी दीयों की लौ से उज्ज्वल होती है, उतनी ही स्त्रियों की आभा, आत्मविश्वास और सृजनात्मकता से दमकती है। भारतीय संस्कृति में श्रृंगार का अर्थ केवल सजावट नहीं है, यह एक भाव, एक प्रतीक, एक ऊर्जा है। यह नारी की प्रसन्नता, उसके आत्म-संतोष और उसकी जीवनप्रियता का प्रतीक है। कोई तीज हो, कोई त्योहार हो या कोई शुभ अवसर, नारी का श्रृंगार उसी तरह अनिवार्य है, जैसे दीपावली पर दीयों का प्रज्ज्वलन। लेकिन दिवाली का श्रृंगार विशेष होता है क्योंकि यह पर्व केवल प्रकाश का नहीं बल्कि आत्मविश्वास, आकर्षण और आत्म-प्रेम का भी उत्सव है। सजना-संवरना किसी महिला के लिए केवल सुंदर दिखने की चाह नहीं बल्कि अपने भीतर की प्रसन्नता को बाहर लाने का माध्यम है। जब कोई महिला अपने परिधान, आभूषण और मेकअप के माध्यम से स्वयं को अभिव्यक्त करती है तो वह केवल रूप नहीं निखारती बल्कि मन की ऊर्जा और आत्मबल को जगाती है। दिवाली के अवसर पर यह श्रृंगार एक विशेष आयाम ले लेता है क्योंकि जब वह दीप प्रज्ज्वलित करती है तो उसकी आंखों की चमक और होंठों की मुस्कान स्वयं एक दीपक बन जाती है। आज की महिला अपने श्रृंगार में पारंपरिकता और आधुनिकता का संतुलन साध चुकी है। वह जानती है कि सुंदरता किसी फैशन का अनुसरण नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व की मौलिकता का प्रदर्शन है। पारंपरिक परिधान में आधुनिक कट्स जोड़ना या सिल्क की साड़ी पर ग्लोइंग मेकअप का संगम, यही तो है आज की नारी की पहचान, जो अपनी संस्कृति से जुड़ी है पर समय के साथ आगे भी बढ़ रही है। दिवाली के अवसर पर परिधान केवल वस्त्र नहीं, भावनाओं का विस्तार होते हैं। हर महिला अपने वस्त्रों का चयन उतने ही प्रेम से करती है, जितना अपने घर की सजावट का। अब इन पर आधुनिकता की हल्की छाप दिखाई देने लगी है। आभूषण केवल श्रृंगार की पूरक वस्तु नहीं बल्कि भावनाओं का दर्पण हैं। चूड़ियों की खनक, पायल की झंकार, और माथे की बिंदी, ये सब उस सांस्कृतिक आत्मा के प्रतीक हैं, जो नारी को देवी स्वरूपा बनाती हैं। दिवाली के अवसर पर गोल्डन या कुंदन ज्वेलरी की मांग हमेशा बनी रहती है पर अब सिल्वर ऑक्सीडाइज्ड आभूषणों ने भी अपनी खास जगह बना ली है। आज की महिलाएं फ्यूजन ज्वैलरी को भी अपनाने लगी हैं, पारंपरिक चोकर के साथ आधुनिक झुमके या हैंडक्राफ्टेड ब्रेसलेट्स के साथ क्लासिक कर्णफूल। यह केवल ट्रेंड नहीं बल्कि अपनी मौलिकता का उत्सव है। दिवाली की रोशनी में चेहरा भी दमकता नजर आना चाहिए। सौंदर्य विशेषज्ञों का मानना है कि दिवाली का मेकअप केवल चेहरा निखारने का नहीं बल्कि आत्मविश्वास को जगाने का माध्यम है। इस अवसर पर 'ग्लोइंग लुक' सबसे लोकप्रिय ट्रेंड है, जिसमें बेस नैचुरल रखा जाता है ताकि त्वचा की वास्तविक आभा बनी रहे। हेयर स्पा और ऑयल ट्रीटमेंट से बालों की प्राकृतिक चमक लौटाई जा सकती है। यह स्पष्ट होता है कि भारतीय नारी अब ट्रेंड क्रिएटर बन चुकी है, न कि केवल ट्रेंड फॉलोअर। वह अपने लुक से यह संदेश देती है कि परंपरा और आधुनिकता एक-दूसरे के विरोधी नहीं बल्कि पूरक आयाम हैं। दिवाली हमें यह सिखाती है कि जैसे दीपक अंधकार को मिटाता है, वैसे ही आत्मविश्वास और सकारात्मकता जीवन के हर अंधकार को दूर कर सकते हैं। श्रृंगार केवल बाहरी सजावट नहीं बल्कि स्वयं को अपनाने की कला है। जब किसी महिला के चेहरे पर संतोष, मुस्कान और आत्मविश्वास झलकता है तो वही उसका वास्तविक सौंदर्य बन जाता है। दिवाली के इस शुभ अवसर पर जब हर महिला अपने भीतर की रोशनी को पहचानती है, जब उसकी आंखों की चमक दीयों की लौ से मिलती है तो संसार का हर अंधेरा मिट जाता है। यही दिवाली का सार है, भीतर की रोशनी को बाहर फैलाना और अपनी आभा से इस सृष्टि को आलोकित करना। दीवाली का श्रृंगार केवल रूप का उत्सव नहीं, यह आत्मविश्वास, सौंदर्य और संस्कृति के संगम का प्रतीक है। जब कोई नारी अपनी मुस्कान से दीयों की लौ को प्रतिस्पर्धा देती है, तब वही क्षण होता है, जहां दिवाली सचमुच जगमगाती है।

(लेखिका शिखाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# लकड़ी का कटोरा



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृद्ध होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### विद्यार्थी मोबाइल से दूरी बनाए रखें

राज्य सरकार सभी स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्कूल समय में मोबाइल का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगाए। अगर स्कूलों और अन्य शिक्षा संस्थानों में मोबाइल प्रयोग की खुली छूट दे दी जाए तो बहुत से विद्यार्थी इसका दुरुपयोग ही करते हैं, इसलिए यह जरूरी है कि यहां मोबाइल पर प्रतिबंध लगे, लेकिन अगर शिक्षकों के मोबाइल प्रतिबंधित नहीं होंगे और शिक्षक पढ़ाने के दौरान मोबाइल प्रयोग करेंगे तो इसका विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पडेगा। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो अपनी जिंदगी का कीमती समय बेवजह बर्बाद न करें। टेक्नोलॉजी का उचित प्रयोग किया जाए तो वो लाभकारी सिद्ध होती है और दुरुपयोग हानिकारक।

*– प्रेम त्रिपाठी, भाटापारा*

## ट्रेंड

#### बंगाल घुसपैठिया मुक्त होगा



गुजरात, राजस्थान, असम में घुसपैठ नहीं होती, क्योंकि वहाँ भाजपा सरकार है, बंगाल और झारखंड में घुसपैठियों का स्वागत वोट बैंक के लिए होता है। बंगाल से ममता सरकार हटने और भाजपा सरकार आने के बाद बंगाल घुसपैठिया मुक्त होगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री


#### अर्थव्यवस्था को नई उड़ान



लखनऊ का स्ट्रैटेजिक मटेरियल टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स, औद्योगिक नक्शे पर एक नया आयाम जोड़ने वाला है। इससे एक नई इनोवैशन चेन भी बनेगी, जो न केवल रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा करेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई उड़ान देगी।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

#### ग्रीन पटाखों का प्रयोग करें



सालों बाद दिल्ली में दिवाली का उत्सव फिर से अपने पूरे रंग और रोशनी के साथ मनाया जाएगा। आप सभी से अपील है कि इस दीपावली केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन अवश्य करें।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

#### हृदय को प्रकाशित करें



जिस प्रकार अयोध्यावासियों ने भगवान राम के वास्तविक निवास में स्वागत के लिए नगर को प्रकाशित किया था, आइए हम भी उनके वास्तविक निवास में स्वागत करने के लिए अपने हृदय को प्रकाशित करें..

- शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# चोरी की घटना के बाद फ्रांस का लूव्र संग्रहालय किया बंद




फ्रांस के लूव्र संग्रहालय में रविवार को चोरी की एक घटना हुई और इसे दिन भर के लिए बंद कर दिया गया है जबकि प्राधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। यह जानकारी फ्रांस की संस्कृति मंत्री रचिदा दाती ने दी। रचिदा दाती ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज सुबह लूव्र संग्रहालय खुलने के समय चोरी की एक घटना हुई।खबर में कहा गया है कि उन्होंने अपोलो गैलरी के लक्षित कमरे तक सीधे पहुंचने के लिए एक मालवाहक लिफ्ट का इस्तेमाल किया। 'ले पेरिसियन' की खबर के अनुसार, खिड़कियां तोड़ने के बाद, अपराधियों ने कथित तौर पर नेपोलियन और महारानी के आभूषण संग्रह से नौ आभूषण चुरा लिये। लूव्र संग्रहालय में चोरी और डकैती के प्रयासों का एक लंबा इतिहास रहा है। वर्ष 1911 में हुई घटना में मोना लिसा की पेंटिंग फ्रेम से गायब हो गई थी, जिसे विन्सेन्जो पेरुगिया नामक एक पूर्व कर्मचारी ने चुरा लिया था, जो संग्रहालय के अंदर छिप गया और पेंटिंग अपने कोट के नीचे छिपाकर बाहर निकल गया। पेंटिंग दो साल बाद फ्लोरेंस में बरामद की गई। इस घटना ने लियोनार्डो दा विंची के चित्र को दुनिया की सबसे प्रसिद्ध कलाकृति बनाने में मदद की।

## ऑफ बीट

# आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसन के लिए जिम्मेदार



कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसंन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसंन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया, जिन्हें अज्ञात कारण से पार्किंसंन रोग हुआ था। ऐसे लोगों की तुलना उन लोगों से की गई, जो अन्य मस्तिष्क विकार स्थितियों जैसे अल्जाइमर रोग (19,046) या सेरेब्रोवास्कुलर रोग से ग्रसित (23,942) या इनमें से कोई भी नहीं (24,624) पाए गए थे। पार्किंसंन रोग से पीड़ित लोगों का उनके इस रोग का पता चलने से औसतन 6 साल पहले के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में शामिल आंत रोग स्थितियों की आवृत्ति की तुलना करने के लिए उम्र, लिंग और अन्य विवरणों के आधार पर अन्य समूहों के लोगों के साथ मिलान किया गया था।



# शाहरुख को खास सम्मान, दिखाई जाएंगी उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्में

**मुंबई।** शाहरुख खान 2 नवंबर को अपना 60वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। एक ओर जहां प्रशंसक अभी से उनके जन्मदिन की तैयारियों में जुट गए हैं, वहीं इस मौके को और खास या कहें यादगार बनाने के लिए पीवीआर इनोक्स ने भी पूरा इंतजाम कर लिया है। मतलब ये कि इस बार शाहरुख के जन्मदिन पर जश्न और भी बड़ा होने वाला है। एक खास फिल्म फेस्टिवल के जरिए उनका जन्मदिन मनाया जाएगा। शाहरुख के जन्मदिन से पहले एक खास फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो रही है, जो 13 अक्टूबर, 2025 से शुरू होगा और 2 हफ्तों तक चलेगा। इसमें 30 से ज्यादा शहरों और 75 से ज्यादा सिनेमाघरों में शाहरुख की अब तक की बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को दोबारा बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा।



लाइफ Style

# सोनाक्षी

## 'जटाधरा' का मोशन पोस्टर जारी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'जटाधरा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया था। अब 16 अक्टूबर को 'जटाधरा' का नया मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'जटाधरा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया था। अब 16 अक्टूबर को 'जटाधरा' का नया मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसी के साथ ट्रेलर की रिलीज तारीख का खुलासा भी हो गया है। बता दें कि 'जटाधरा' एक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म को वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल ने मिलकर निर्देशित किया है।

***इस दिन रिलीज होगा 'जटाधरा' का ट्रेलर :*** फिल्म 'जटाधरा' का मोशन पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'जटाधारा की शक्ति प्रकट होगी। दिव्यता के लिए तैयार हो जाइए। जटाधारा का ट्रेलर, 17 अक्टूबर को रिलीज हुआ। पोस्टर में सोनाक्षी ने फिर अपने रौद्र अवतार से दर्शकों का ध्यान खींच लिया है।

वहीं, सुधीर बाबू गले में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए हुए, हाथ में त्रिशूल लेकर खड़े हैं। बता दें कि 'जटाधरा' 7 नवंबर, 2025 को तेलुगु और हिंदी भाषा में रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला

# पूर्व पीएम ट्रूडो को कर रहीं डेट



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की मशहूर गायिका कैटी पेरी अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा लोगों का ध्यान खींचती रहती हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ जुड़ रहा था। इन खबरों को और हवा तब मिली, जब दोनों की यॉट पर किस करते हुए एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। अब लंदन में अपने 'लाइफटाइम टूर' के दौरान कैटी ने संकेत दे दिया है कि वह ट्रूडो के प्यार में गिरफ्तार हैं। 'लाइफटाइम टूर' का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# रॉस डफर ने सीरीज की रिलीज से पहले दे डाला बड़ा अपडेट...

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के अब तक 4 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। पांचवें सीजन का इंतजार हर किसी को बेसब्री से है। कुछ महीने पहले निर्माताओं ने 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' का टीजर जारी किया था। साथ में एक स्क्रीनशॉट वायरल हुआ, जिसमें दावा किया गया कि सीजन 5 के शुरुआती एपिसोड्स की अवधि 2-3 घंटे के बराबर होगी। अब निर्माता रॉस डफर ने अवधि पर बड़ा अपडेट दिया है। निर्माता डफर ब्रदर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी करते हुए 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' के शुरुआती 4 एपिसोड्स की अवधि का खुलासा किया है। इसमें पहला एपिसोड (द क्रॉल)- 1 घंटा 8 मिनट, दूसरा एपिसोड (द वैनिशिंग)- 54 मिनट, तीसरा एपिसोड (द टर्नबो ट्रैप)- 1 घंटा 6 मिनट और चौथा एपिसोड (जादूगर)- 1 घंटा 23 मिनट का होगा।



# होंगी मेटा एआई की नई आवाज...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण को हाल ही में भारत की पहली 'मेंटल हेल्थ एंबेसडर' नियुक्त किया गया था। अब अभिनेत्री मेटा एआई की नई आवाज बन गई हैं। दीपिका ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए इस बात की जानकारी अपने प्रशंसकों तक पहुंचाई है। साथ ही बताया कि उनकी आवाज अब 6 देशों में सुनाई देगी। अभिनेत्री की इस उपलब्धि से उनके चाहने वाले भी गदगद हो गए हैं। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम पर रिकॉर्डिंग वीडियो साझा किया है। इसमें वह कहती हैं, 'मैं मेटा एआई की नई आवाज हूं। क्या आप तैयार हैं?' वीडियो के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन दिया, 'ये सच में बहुत मजेदार है! अब मैं मेटा एआई का हिस्सा हूं और आप भारत, अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में मेरी आवाज में इंग्लिश में चैट कर सकते हैं।



# 'बाहुबलीः ए एपिक की' हुई धमाकेदार कमाई

**मुंबई।** एसएस राजामौली की निर्देशित आगामी तेलुगु एक्शन फिल्म 'बाहुबलीः द एपिक' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार हो रहा है।प्रभास की 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' (2015) और 'बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन' को मिलाकर इस का निर्माण किया गया है। 'बाहुबलीः द एपिक' 31 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हो रही है, इसलिए मेकर्स ने एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। दिलचस्प बात ये है कि शुरुआती कुछ घंटों में ही इस फिल्म ने अमेरिका के बाजारों में धमाकेदार शुरुआत की है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बाहुबलीः द एपिक' ने अमेरिका के बाजार में 100 से ज्यादा शोज के लिए 30,000 से ज्यादा टिकटों की बिक्री कर ली है। इस तरह फिल्म ने रिलीज से पहले ही 53 लाख रुपये से ज्यादा का कारोबार कर लिया है।

टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 19': परिवार की चिट्ठी ने नम की घरवालों की आंखें

मुंबई। 'बिग बॉस 19' अपने फिनाले की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 24 अगस्त से शुरू हुए इस शो ने देखते-देखते आधा सीजन पार कर लिया है। 8वें हफ्ते में 'बिग बॉस' ने घरवालों को एक खास तोहफा दिया है। दिवाली के खास मौके पर सभी प्रतियोगियों के परिवार की ओर से चिट्ठियां आई हैं, जिन्हें पढ़ने के बाद सभी घरवालों की आंखें नम हो गईं। आगामी एपिसोड के प्रोमो में प्रणित मोरे और मृदुल तिवारी फूट-फूटकर रोते दिखे हैं।

***कबूतर लाया घरवालों का संदेश :*** मेकर्स ने आने वाले एपिसोड का प्रोमो जारी किया है, जिसकी शुरुआत हिट गाने 'चिट्ठी आई है' से होती है। सभी प्रतियोगी गार्डन एरिया में खड़े होते हैं, तभी बिग बॉस उन्हें बताते हैं कि उनके परिवार वालों ने उन्हें खत भेजा है। तभी एक कबूतर आता है, और गार्डन में सभी प्रतियोगियों के नाम की चिट्ठी गिरनी शुरू हो जाती है। सभी प्रतियोगी दौड़कर उन चिट्ठियों को उठाते हैं, और उसे एक-दूसरे के सामने पढ़ना शुरू कर देते हैं।

*प्रणित और मृदुल की आंखें हुईं नम :* प्रतियोगी प्रणित अपने घर से आई चिट्ठी पढ़ते हैं, जिससे उनकी आंखें नम हो जाती हैं। उन्हें देखकर गौरव खन्ना और कुनिका सदानंद भी भावुक हो जाती हैं। इसके बाद मृदुल अपने परिवार की चिट्ठी उठाते हैं, और उसे पढ़कर फूट-फूटकर रोने लगते हैं। प्रोमो देखने के बाद दर्शक भी एपिसोड देखने के लिए बेताब हो चुके हैं। बता दें कि इस हफ्ते 'बिग बॉस 19' से बेघर होने के लिए मृदुल, गौरव, नीलम गिरी और मालती चाहर नॉमिनेट हैं।

## वीकेंड पर आया नया अपडेट, नजर आएंगे ये मेहमान

सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी मालती चाहर के घर में आने के बाद से गेम



और रोमांचक हो गया है। इस बीच वीकेंड का वार की शूटिंग और आने वाले मेहमान को लेकर ताजा अपडेट आ गया है। जाहिर है कि बिग बॉस के प्रशंसकों को वीकेंड का वार का बेसब्री से इंतजार रहता है। अपडेट है कि ये एपिसोड शायद एक दिन पहले टेलीकास्ट हो जाए। अपडेट ये भी है कि दीपावली के कारण 'बिग बॉस 19' वीकेंड का वार 17 अक्टूबर को टेलीकास्ट हो सकता है। वीकेंड का वार में कोई न कोई सितारा आता ही है। पिछले हफ्ते कॉमेडियन रवि गुप्ता और जेमी लीवर आए थे। ताजा अपडेट है कि इस हफ्ते मशहूर गायक शान और जैस्मीन सैंडलस मेहमान बनकर शो में आएंगे। इसके अलावा आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी आगामी फिल्म 'थाम्मा' प्रमोट करने आएंगे। बता दें कि पिछले हफ्ते 'बिग बॉस 19' से जीशान कादरी बाहर हुए थे। इस हफ्ते गौरव खन्ना, मृदुल तिवारी, नीलम गिरी और मालती चाहर नॉमिनेट हैं।

# अगले 80 दिनों में दुनिया के बड़े कलाकार करेंगे दिल्ली में परफॉर्म

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने देशवासियों के साथ एक अहम जानकारी साझा की है, जिसके तहत देश की राजधानी को 'रचनात्मक राजधानी' बनाने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने ऐलान किया कि अगले 80 दिनों में राजधानी में दुनिया के कई बड़े कलाकार परफॉर्म करने वाले हैं। इसका मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को साकार करना और दिल्ली टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाना है।



***ये कलाकार दिल्ली में करेंगे परफॉर्म :*** कैबिनेट मंत्री मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पंजाबी पॉप गायक एपी ढिल्लों, अमेरिकन रैपर एकॉन, कनाडाई गायिका जोनिता गांधी, संगीतकार राधिका दास, फुटबाल खिलाड़ी लियोनल मेसी समेत दुनियाभर से कई कलाकार आने वाले दिनों में दिल्ली आकर परफॉर्म करेंगे। ढिल्लों का कॉन्सर्ट दिल्ली आईजीआई स्टेडियम में आगामी 7 दिसंबर को होगा, जबकि एकॉन का कॉन्सर्ट जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 9 नवंबर और जोनिता का कॉन्सर्ट एनएसआई प्रदर्शनी ग्राउंड में 9 नवंबर को तय हुआ है।

# 'थामा' ने 'स्त्री 2' को छोड़ा पीछे

## आयुष्मान-रश्मिका पर लगा सबसे बड़ा दांव

**मुंबई।** दिनेश विजान के हॉरर यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' के ट्रेलर ने इसकी रिलीज को लेकर लोगों की उत्सुकता और बढ़ा दी थी। अब जबकि ये हॉरर कॉमेडी फिल्म रिलीज की राह पर चल पड़ी है तो सिनेप्रमियों की बेकरारी भी बढ़ती जा रही है। फिल्म पर नया अपडेट ये है कि 'थामा' मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अब तक की सबसे महंगी फिल्म है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना पर कितने करोड़ रुपये का दांव लगा है, आइए जानें।

***145 करोड़ रुपए का दांव :*** मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अब तक जितनी भी फिल्में आईं हैं, वो सभी कमाल की रही हैं। लोगों को वो फिल्में पसंद इसलिए भी आईं, क्योंकि वो सभी भारतीय मूल की कहानियों और दंत कथाओं पर आधारित थीं। अब 'थामा' आ रही है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित वीएफएक्स कंपनियों ने इस पर काम किया है। इस फिल्म पर निर्माताओं ने लगभग 145 करोड़ रुपये लगा लिए हैं। इसमें प्रिंट और प्रचार खर्च भी शामिल है।



### 'स्त्री 2' भी छूट गई पीछे

सूत्र से जानकारी मिली है कि 'थामा' राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर अभिनीत 'स्त्री 2' को पीछे छोड़ते हुए दिनेश विजान के हॉरर यूनिवर्स की सबसे महंगी फिल्म बन गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'स्त्री 2' का कुल बजट प्रिंट और प्रचार सहित 125 करोड़ रुपये था और अब निर्माता दिनेश विजान दर्शकों को और आकर्षित करने के लिए रश्मिका और आयुष्मान पर तगड़ा दांव लगा रहे हैं। 'थामा' की लागत 'स्त्री 2' के मुकाबले लगभग 20 करोड़ रुपये ज्यादा है।

## 'महावतार नरसिम्हा' ने भारत में 250.29 करोड़ रुपए कमाए थे

# आईएमडीबी पर छाईं इस साल आईं ये कन्नड़ फिल्में, एक ने हिला डाला 'सैयारा' का सिंहासन

*मुंबई। इन दिनों कन्नड़ सिनेमा से निकली 'कांतारा चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। रिलीज के पहले ही दिन से ताबड़तोड़ कमाई करने वाली इस फिल्म के हीरो ऋषभ शेट्टी हैं। हिंदी भाषा में भी ये फिल्म जमकर कमाई कर रही है। देश के साथ-साथ विदेशों में भी सुनामी लेकर आई 'कांतारा चैप्टर 1' को इंटरनेट मूवी डाटाबेस पर भी शानदार रेटिंग मिली है। आइए जानें इस साल आईं किन कन्नड़ फिल्मों को सबसे ज्यादा रेटिंग मिली।*

### 'महावतार नरसिम्हा'

होम्बले फिल्म्स की 'महावतार नरसिम्हा' ने तो रिलीज होते ही इतिहास रच दिया था। शानदार विजुअल्स और दिलचस्प कहानी के साथ भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को दिखाती इस फिल्म की गूंज न सिर्फ देश,बल्कि दुनियाभर में सुनाई दी। अश्विन कुमार के निर्देशन में बनी 5 भारतीय भाषाओं में रिलीज हुई इस एनिमेटेड फिल्म को आईएमडीबी पर 8.7 रेटिंग मिली है। 15 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 250.29 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'एलुमाले'

रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'एलुमाले' का निर्देशन पुनित रंगास्वामी ने किया और उन्होंने ही इस फिल्म की कहानी लिखी। राना, प्रियंका अचार और जगपति बाबू ने इस फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी। 5 सितंबर को ये फिल्म सिनेमाघरों में आई थी। चार करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 5 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म ने भले ही औसत कमाई की, लेकिन आईएमडीबी पर इसे इस साल आईं सभी कन्नड़ फिल्मों में सबसे ज्यादा 9.2 रेटिंग मिली है।



### 'सू फ्रॉम सो'

'सू फ्रॉम सो' रिलीज के बाद सिनेमाघरों में छा गई थी। बंपर कमाई के साथ साल 2025 की सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली फिल्मों में से एक बनी। जेपी थूमिनाड ने इसका निर्देशन किया और इसके लेखक भी वो ही हैं। बिना किसी शोर-शराबे के आई इस फिल्म को बनाने में बस 3 करोड़ रुपये लगे और इसने दुनियाभर में 121 करोड़ रुपये कमाए। आईएमडीबी पर इसे 7.7 रेटिंग मिली है। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर देखी जा सकती है।

### 'कांतारा चैप्टर 1'

'कांतारा चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। फिल्म आए दिन नए रिकॉर्ड बना रही है।

फिल्म 400 करोड़ क्लब से इंचभर दूर है। ये 'सैयारा' (329.2 करोड़), 'वॉर 2' (236.55 करोड़) और 'कुली' (285 करोड़) जैसी फिल्मों को पछाड़ चुकी है और अब 'कांतारा चैप्टर 1', 'छावा' के पीछे पड़ी है, जिसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिल्म को आईएमडीबी पर 8.6 रेटिंग मिली है।

# गौवत्स द्वादशी पर उमड़ी आस्था

## सनातन प्रेमियों ने की गौमाता-गौवत्स की उपासना

जबलपुर।

गौमाता और गौवत्स की उपासना का पावन पर्व 'गौवत्स द्वादशी' (बछ बारस) पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। पनागर में गौभक्तों और सनातन धर्म प्रेमियों ने इस अवसर पर गौवंश के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनकी पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सनातन संस्कृति में भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व का विशेष महत्व है। इसे 'बछ बारस' के नाम से भी जाना जाता है। मुख्य रूप से संतानवती माताएं अपने पुत्रों की लंबी आयु और मंगल कामना के लिए इस दिन व्रत रखती हैं और गौमाता की पूजा करती हैं।

### शुभ आगमन और पूजन अर्चन

आज के दिन गौ माता और उनके बछड़े का विशेष पूजन किया गया। सुबह से ही विभिन्न गौशालाओं और घरों में गौभक्तों का तांता लगा रहा। परंपरा अनुसार, गौमाता का बछड़े के साथ शुभ आगमन हुआ, जिसके बाद उनका रोली-चंदन से तिलक किया गया और माला पहनाकर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया।

इस दौरान गौमाता और गौवत्स को विशेष 'गौ आहार' अर्पित किया गया, जिसमें रोटी, गुड़, भीगे हुए चने, मोठ और बाजरे से बने पकवान प्रमुख थे। मान्यता है कि इस दिन गाय के दूध और चाकू से कटी हुई सब्जियों का सेवन नहीं किया जाता है।

गौवत्स द्वादशी का यह पर्व हमें भगवान श्रीकृष्ण की गौ भक्ति और गोवंश के महत्व की याद दिलाता है, जिन्हें सनातन धर्म में कामधेनु और सभी देवताओं का वास माना जाता है।



**लिया संकल्प गौ संरक्षण का**

पर्व के समापन पर सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से गौमाता एवं गोवंश की सेवा तथा उनके संरक्षण के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर यह कामना की गई कि भगवान श्रीकृष्ण की अनुकंपा और गौमाता के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। गौवत्स द्वादशी ने एक बार फिर समाज को गौसेवा के पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया।

# मल्टीनेशनल कंपनियों को अभयदान, कुटीर उद्योगों पर चोट!

**जबलपुर।** दीपावली के लिए बाजार सज गये हैं। मिठाईयां, ड्रायफूट और अन्य खाद्य सामग्री की ओर पूरा जिला प्रशासन पिल पड़ा है, लेकिन जो कंपनियां इस पारंपरिक उद्योग को नष्ट करने में तुली हुई हैं, उनकी मुनाफाखोरी और गुणवत्ता की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। आज नामी गिरामी ब्राण्डेड कंपनियों की चॉकलेट्स की कीमतों का अगर हिसाब लगाया जाए तो वे काजू कतली के दाम से भी मंहगी है। राष्ट्रीय चैनलों पर 'खाने के बाद कुछ मीठा हो जाए' के स्लोगन के साथ बच्चे बूढ़े और जवानों को लुभावने विज्ञापनों के जरिए आकर्षित करने वाली इन कंपनियों ने एक सोचे-समझे षडयंत्र के तहत मीठा, नमकीन उद्योग को चौपट करने की साजिश विगत कई वर्षों से कर रहे हैं। देश और प्रदेश की कई बड़ी मीठा नमकीन कंपनियां भी इस उद्योग को निगलने का काम कर रही हैं और सुनियोजित षडयंत्र के तहत प्रशासनिक और मीडिया के काकस को हाथ में लेकर प्री प्लान काम कर रहा है। हमारे देश और प्रदेश का जो लघु उद्योग धीरे-धीरे पनप रहा है, उसे कुटीर उद्योग से बाहर करने की कुत्सित चालें चली जा रही हैं। एक व्यापार करने के लिये 10 लायसेंस की खानापूर्ति पहले ही उसे तोड़ रही है, वहीं दूसरी ओर उसे अधिकारियों को पटाने, खुश करने की मजबूरी भी झेलनी पड़ती है।




# हिमालयन वुड बैज से सम्मानित हुए जबलपुर मंडल के लीडर्स

**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पचमढ़ी में आयोजित यूनिट लीडर्स का सर्वश्रेष्ठ कोर्स हिमालयन वुड बैज में जबलपुर मंडल के लीडर्स सम्मिलित हुए तथा अच्छे अंकों के साथ सफल हुए। रोवर सेक्शन से- अनिल कुमार चौबे (जिला सचिव), रंजन कुमार सिंह (राज्य संगठन आयुक्त), शुभम कुमार कुशवाहा (रोवर लीडर्स), स्काउट सेक्शन से- आत्मानंद श्रीवास्तव (स्काउट मास्टर), राकेश कुमार गौतम (स्काउट मास्टर), आशीष कुमार सोनकर (स्काउट मास्टर), अब्दुल वाजिद मंसूरी (स्काउट मास्टर), इन सभी सदस्यों को जबलपुर में 11 से 15 अक्टूबर तक आयोजित प मध्य रेल की आठवीं राज्य रैली में पमरे के मुख्य कार्मिक अधिकारी एसडी पाटीदार द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गए तथा परंपरानुसार राज्य प्रशिक्षण आयुक्त अमीनुद्दीन अंसारी द्वारा सभी सफल हुए एचडब्ल्यूबी लीडर्स को वुड बीट्स पहनाई गई। इस मौके पर रेल अधिकारीगण मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, सुनील टेलर, अपर मंडल रेल प्रबंधक, सुबोध विश्वकर्मा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, रामबदन मिश्रा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, दीप्ती शर्मा वरिष्ठ मंडल इंजीनियर पमरे, नीतीश कुमार सोने मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सचिपति नंदन सहायक कार्मिक अधिकारी कल्याण, मंडल के स्काउट पदाधिकारीगण संयुक्त सचिव संजीव तिवारी, जिला संगठन आयुक्त विमलेश तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राहुल कश्यप, सांस्कृतिक सचिव रजनीश यादव ने सभी को बधाई प्रेषित की।

# B-3 मॉडल से बनेगा, विकसित भारत : डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा



## स्वदेशी अपनाने, विकसित भारत बनाने जनजागरण कार्यक्रम

**जबलपुर।** युवा आर्थिक परिषद एवं जय महाकौशल संस्था के द्वारा मालवीय चौक में जनजागरण कार्यक्रम के माध्यम से स्वदेशी अपनाने की अपील की गई, जिससे की भारतीय उद्योग एवं व्यापार मजबूत हो, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो एवं लोगों को रोजगार मिल सके। उक्त अवसर पर युवा आर्थिक परिषद के अध्यक्ष एवं जय महाकौशल के संयोजक डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा कहा गया कि हमें B-3 को अपनाना होगा, भारतीय उद्योगों से, भारतीय बाजारों से एवं भारतीयों से ही दीपावली पर्व पर खरीद करना चाहिए जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो एवं रोजगार बढ़े। आज आवश्यकता है कि महाकौशल के विकास के लिए हमें महाकौशल के उद्योग एवं व्यापार को मजबूत करना होगा, जिसका केन्द्र जबलपुर है अगर ऐसा होता है तो जबलपुर में भी रोजगार की संभावना बढेग़ी एवं रोजगार के लिए पलायन बंद होगा। उक्त कार्यक्रम में राजेश रोहरा-अध्यक्ष मालवीय चौक व्यापारी संघ, प्रमोद पाठक, पंकज नेमा, ब्रजेश उइके, दिव्येंदु विश्वकर्मा, राजाराम उपाध्याय, विपिन अहिरवार, महेन्द्र विश्वकर्मा, शिवम कुमार आदि उपस्थित थे।

# मदन महल दरगाह में कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन

## महफिल-ए-समा में दिखा सूफ़ियाना रंग



**जबलपुर।** मदन महल पहाड़ी स्थित हज़रत पीराने पीर की दरगाह में शुक्रवार को कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन अकीदत और रूहानियत से सराबोर माहौल में संपन्न हुआ। नमाज़-ए-जुमा के बाद आयोजित महफिल-ए-समा की सरपरस्ती मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी व सदारत सज्जादानशीन सूफ़ी मुबारक कादरी ने फरमाई।

महफिल का आगाज़ दरबारी क़व्वाल मोहित सुल्तानी, आज़ाद और जमील बनारसी ने "कौल" से किया। इसके बाद हज़रत अमीर खुसरो का मशहूर सूफ़ियाना कलाम "आज रंग है ऐ माँ रंग है री, मेरे महबूब के घर रंग है" पेश किया गया, जिससे दरगाह का पूरा माहौल रूहानी कैफियत से भर उठा। महफिल के अंत में जब क़व्वालों ने "छुटता है दयारे गौस ये कैसी घड़ी आई, रोते हैं जिगर और दिल अब जान पे बन आई" पढ़ा, तो समाईन की आँखें नम हो उठीं और पूरा माहौल उर्स की विदाई पर गमगीन हो गया। इस मौके पर सूफ़ी चंगेज़ ख़ान अशरफ़ी, सूफ़ी हकीम बाबा, सूफ़ी सैय्यद असर अली चिश्ती, सूफ़ी नबल बाबा कादरी (सिवनी), डॉ. सैय्यद मक़बूल अली कादरी, सूफ़ी आरिफ (छिंदवाड़ा), गुड्डू कादरी (मुंबई) और राजा राम भाई (बिलासपुर) सहित सैकड़ों सूफ़ी हज़रात एवं हज़ारों अकीदतमंदों ने शिरकत की। महफिल के समापन पर सज्जादानशीन निज़ाम कादरी ने तमाम जायरीन के लिए दुआएँ कीं। उन्होंने हिंदुस्तान में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। कुल शरीफ की रस्म के बाद लंगर तक़सीम किया गया। अंत में सज्जादानशीन इनायत कादरी ने उर्स शरीफ में शामिल सभी जायरीन और सूफ़ी हज़रात का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने उर्स के सफल आयोजन में सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और मीडिया प्रतिनिधियों का विशेष आभार व्यक्त किया।

# शिक्षाविद प्रो. तरुण गुहा नियोगी मुंबई के साहित्यिक कार्यक्रम में होंगे मुख्य अतिथि



**जबलपुर।** कमाल पब्लिकेशन, जबलपुर एवं उर्दू गगन संस्था, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में एक साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन रविवार 19 अक्टूबर को मुंबई में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में संस्कारधानी जबलपुर के प्रख्यात शिक्षाविद और कद्दावर इल्मी-अदबी शख्सियत प्रो. तरुण गुहा नियोगी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में विमोचन का कार्य पॉपुलर मेरठी साहब के द्वारा किया जाएगा, जबकि अध्यक्षता साहित्यविद अख्तर आज़ाद करेंगे। आयोजन की शुरुआत हाजी फिरोज कमाल जबलपुर करेंगे।

# एक दीपक शहीद के नाम



**जबलपुर।** रोज कमाने-खाने वाले रिक्शा चालक, सम्माननीय मजदूर भाई, लक्ष्मी, गणेश प्रतिमा, बताशा, मिठाई, फुलझड़ी आदि से सम्मानित किया कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ एवं संपूर्ण ब्राह्मण मंच में संयुक्त रूप से एक दीपक शहीद के नाम दीपावली कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गरीब मजदूरों को प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी गणेश, लक्ष्मी प्रतिमा, मिठाई, लाई बताशा, फुलझड़ी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उमाशंकर अवस्थी, धनंजय बाजपेई, निशांत शर्मा, रावेंद्र तिवारी, विजय गुप्ता, सीताराम कुरचानिया, यदुवंश मिश्रा, डॉक्टर अरुण मिश्रा, अखिलेश मेहता, दिलीप रोहिया, विजय साहू, आनंद गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में धनंजय वाजपेई ने बताया शहीदों के नाम एक दीपक प्रत्येक दुकानदार अपने प्रतिष्ठान में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी प्रज्जवलित करेंगे यही उनके प्रति श्रद्धांजलि है। दीपावली की पूजा के साथ कमला नेहरू नगर कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित होगा।

# नचिकेता इंस्टीट्यूट में रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**जबलपुर।** नचिकेता इंस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट एंड इन्फॉरमेशन टेक्नोलाजी, पाटन बाईपास, पाटन रोड जबलपुर में गत दिवस युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्या डॉ. गुलराना परवीन व प्रबंधक डॉ. अनुपम राय के निर्देशन में एवं डॉ. शिखा जैन, श्रीमति कीर्ति नायडू, एवं डॉ. खुशबू राठौर द्वारा अन्तरकक्षा प्रतियोगिता रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया जिसमें छात्राएं भावना दुबे, सरोज ठाकुर, खुशी चडार, गायत्री चौधरी, सिमरन अवस्थी प्रिया मेहरा, राधिका चकवर्ती, आस्था कुशवाहा, सोनिया यादव, कशिश काछी, दीक्षा विश्वकर्मा, आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष पारस, डॉ. धनंजय, श्री रमाकांत, प्रदीप जयासवाल, श्री अंकित, शाहिद रजा एवं श्रीमति वर्षिका कहार का योगदान रहा।



# केंट विधायक ने छठ पूजा के लिए तालाब का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** केंट विधायक अशोक रोहाणी ने छठ पूजा के आयोजन हेतु दीपावली के अवसर पर केंट विधानसभा अंतर्गत आधारताल, एसएएफ बटालियन तथा मानेगांव तालाब का निरीक्षण सभी अधिकारियों के साथ किया तथा छठ पूजा के पूर्व आयोजन की पूर्ण तैयारी के निर्देश दिए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंग सेंगर, पार्षद बाबा श्रीवास्तव, रीना ऋषि यादव, निशांत झरिया, अनुराग दहिया, संतोषी ठाकुर, सावित्री शाह, सचिव जैन, हेमराज सराठे, सुधीर वेन बंटी उपस्थित हुए।



# गौमाता को बचाना है तो दूध पीना बंद करना होगा

**जबलपुर।** एनीमल क्लाईमेट एण्ड हेल्थ सेव फाउंडेशन के संयोजक अपराजिता आशीष ने पत्रकार वार्ता में बताया कि दूध डेयरी एवं कमेला बंद होना चाहिए, जब तक दूध डेयरी रहेंगी तब तक कसाईखाना रहेगा, गौमाता को बचाना है तो दूध पीना बंद करना होगा। उन्होंने बताया कि भारत को अहिंसा की भूमि माना जाता है, कसाईखाना एवं दूध डेयरी एक-दूसरे से जुड़े हैं, जो एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते। गाय दूध तब देती है जब उसका बच्चा होता है, दूध शाकाहार नहीं है। गौमाता को बचाना है तो उसे प्रताड़ित करना छोड़ दें। देशी गाय केवल अपने बच्चों को पिलाने के लिए ही दूध देती है, जबकि ज्यादा दूध इंजेक्शन लगाकर निकाला जाता है, जो अनुचित है।

# बहू की झूठी शिकायत के विरोध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे सैकड़ों सिंधी समाज के लोग

## जांच कराने की मांग



**जबलपुर।** जबलपुर के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचे मलगानी परिवार एवं सिंधी समाज के सैकड़ो की तादाद में महिला पुरुष ज्ञापन देने जबलपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे कैलाश मलगानी आदर्श नगर जबलपुर ने बताया कि मेरे भाई खूब चंद मलगानी को उनके ही पारिवारिक सदस्य महिला वंशिका मलगानी द्वारा लगातार मानसिक प्रताड़ित किया जाता रहा है जिसकी शिकायत मेरे द्वारा 8 अक्टूबर को गोरखपुर थाने में की गई थी तथा एसपी कार्यालय में भी इस संबंध में आवेदन दिया था वंशिका मलगनी मेरे भाई खूबचंद मलगानी पर यह दबाव बनाया है कि यदि वह अपनी संपत्ति वंशीका मलगानी एवं उसके पुत्र जितेंद्र मलगानी को नहीं देंगे तो मैं उन पर यौन उत्पीड़न का झूठा आरोप लगाकर बदनाम कर दूंगी एवं शिकायत दर्ज करवा दूंगी जब इस पर खूब चांद मलगानी ने इस संबंध में पारिवारिक रूप से बैठकर बात करने की बात करी एवं मेरी कमाई हुई जो भी संपत्ति है उसमें जो तुम्हारा हक बनता है उसे तो दूंगा ही मैं भी अपने जीवन यापन के लिए कुछ रखूंगा जिससे मेरी बहू वंशिका मलगानी एवं उसके पति ने जबरन मेरे भाई पर झूठा आरोप लगाकर 12 अक्टूबर को शिकायत दर्ज करवा दी जिसको लेकर सभी मलगानी परिवार एवं सिंधी समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर जांच की मांग की हैं।



# माध्यमिक शाला में हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करिया पाथर के शाला प्रभारी रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि आज माध्यमिक शाला में दीपावली त्योहार के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन सभी शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। छात्राओं द्वारा दीया सजावट के साथ ही रंगोली डाली गई, तत्पश्चात छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रॉबर्ट मार्टिन, हरीश चन्द्र वर्मा, राम शंकर श्रृंगी, मोनिका सोनी, पद्मा मालवीय, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, मंजूलता सोनी, शबनम कुरैशी, अमिता कनोजिया, ममता श्रीवास्तव, सीमा तिवारी, रिक्ता जेकब, राधा सोनकर, रश्मि गुप्ता, फरजाना बानो आदि उपस्थित रहे।

# माजिद मंच द्वारा जश्ने मुशायरा एवं पाँच पुस्तकों का किया विमोचन




**जबलपुर।** साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'माजिद मंच' के तत्वावधान में रविवार की शाम इंडियन कॉफी हाउस, कृषि विश्वविद्यालय अधारताल में एक भव्य जश्ने मुशायरा, कवि सम्मलन एवं पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जबलपुर के प्रसिद्ध शायर ईदु शाह रहबर की पाँच पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हज्जन नसीम अफ़रोज़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि आचार्य भागवत दुबे रहे। वरिष्ठ अतिथि के रूप में हाजी क़दीर सोनी, पार्षद ग़ुलाम हुसैन, डॉ. अशफ़ाक आरिफ़, डॉ. रामकुमार रजक और डॉ. रिज़वान अंसारी उपस्थित रहे। वक्ता के रूप में हाजी फ़ीरोज़ कमाल और वैज्ञानिक डॉ. प्रेम सिंह ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. प्रतिभा पटेल ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन एडवोकेट अहमद वाहिद द्वारा किया गया। मंच निर्देशिका डॉ. सलमा जमाल ने पुस्तकों की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की और स्वतंत्रता सेनानी सैयद क़ासिम अली के योगदान पर प्रकाश डाला। शायर असलम माजिद ने संस्था के भविष्य के साहित्यिक आयोजनों की जानकारी दी, वहीं माजिद मंच के अध्यक्ष शायर इज़हार जबलपुरी ने संस्था की उपयोगिता और सामाजिक समरसता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर ईदु शाह रहबर ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानी सैयद क़ासिम अली के जीवन, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उनकी पुस्तक में सेनानी के त्याग, बलिदान और राष्ट्रप्रेम से जुड़े कई अज्ञात प्रसंगों का उल्लेख किया गया है।मुशायरे और कवि सम्मेलन में लगभग 25 कवियों ने भाग लेकर अपने कलाम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों की रचनाओं में प्रेम, एकता, देशभक्ति और मानवीय संवेदना की गूंज रही। श्रोताओं ने बार-बार तालियों से कवियों का उत्साहवर्धन किया। जबलपुर की विभिन्न साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और "माजिद मंच" को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।